सच, सिर्फ सच **
# वॉयस ऑफ लखनऊ
शुक्रवार, 28 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 84, पेज 16, 3.50 रुपये
www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 318 अंकों की उछाल

विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार लिवाली से स्थानीय शेयर बाजार में तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 318 अंक के लाभ में रहा। } 14



## अमित शाह के खिलाफ नोटिस को धनखड़ ने किया खारिज

राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने विशेषाधिकार हनन नोटिस को खारिज करते हुए कहा मैंने इसे ध्यानपूर्वक पढ़ा है। मुझे लगता है कि इसमें कोई उल्लंघन नही हुआ है। } 16

### संक्षेप

## ईद व अलविदा की नमाज को लेकर पूरे प्रदेश में अलर्ट

लखनऊ। यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार अलविदा की नमाज एवं आगामी ईद-उल-फितर त्यौहार को लेकर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दुरुस्त रखने और खुराफाती लोगो के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए है। डीजीपी प्रशान्त कुमार नें सभी जोनल अपर पुलिस महानिदेशक व पुलिस आयुक्त तथा परिक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक व पुलिस उप महानिरीक्षक तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक व पुलिस अधीक्षक से कहा है कि संवेदनशील क्षेत्रों को चिन्हित करते हुये जोन व सेक्टर स्कीम में पुलिस व्यवस्थापन किया जाये।

## अब साल में तीन बार होगी सीए की परीक्षा

नयी दिल्ली। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) ने चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की अंतिम (फाइनल) परीक्षाएं साल में तीन बार आयोजित करने का निर्णय लिया है। मौजूदा समय में यह परीक्षा साल में दो बार आयोजित की जाती है। आईसीएआई ने बृहस्पतिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुरूप है और इससे छात्रों को अधिक अवसर मिलेंगे। पिछले वर्ष आईसीएआई ने फाउंडेशन और इंटरमीडिएट पाठ्यक्रम की परीक्षाएं वर्ष में तीन बार आयोजित करने का निर्णय लिया था। अब अंतिम परीक्षा भी प्रतिवर्ष तीन बार आयोजित की जाएगी।

## सीबीएसई ने डमी स्कूल के छात्रों को दी चेतावनी

नयी दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने डमी स्कूलों में प्रवेश लेने वाले छात्रों को चेतावनी देते हुए कहा है कि जो छात्र नियमित कक्षाओं में शामिल नहीं होंगे, उन्हें 12वीं की बोर्ड परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बोर्ड के एक अधिकारी ने कहा कि डमी स्कूलों में प्रवेश के दुष्परिणामों की जिम्मेदारी स्वयं विद्यार्थियों और अभिभावकों की होगी। सीबीएसई डमी स्कूलों के खिलाफ जारी कार्वाई के तहत परीक्षा उपनियमों में बदलाव करने पर विचार कर रही है, ताकि ऐसे छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं में बैठने से रोका जा सके।

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:32 | 4:32 | 6:22 | 4:42 |



### आज का मौसम

अधिकतम : 34.06 डिसे.
न्यूनतम : 20.04 डिसे.

### भीतर पढ़ें


- राष्ट्रीय राजधानी बोर्ड ने 85 करोड़ स्वीकृत किये (पृष्ठ-02)
- 452.51 करोड़ की परियोजनायें को मिली हरी झंडी (पृष्ठ-02)
- रुपया आठ पैसे कमजोर होकर 85.77 प्रति डॉलर (पृष्ठ-14)
- रिजर्व बैंक अप्रैल में रेपो दर में कर सकता है कटौती (पृष्ठ-14)
- अमेजन, फ्लिपकार्ट के गोदामों पर छापेमारी (पृष्ठ-14)


## पुतिन ने स्वीकार किया मोदी का आमंत्रण, आयेंगे भारत

एजेंसी



मॉस्को। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने बृहस्पतिवार को बताया कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भारत का दौरा करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आमंत्रण को स्वीकार कर लिया है और इसके लिए तैयारियां की जा रही हैं। रूसी अंतरराष्ट्रीय मामलों की परिषद (आरआईएसी) द्वारा रूस और भारतः एक नए द्विपक्षीय एजेंडे की ओर विषय पर आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए लावरोव ने कहा, पुतिन के भारत दौरे के लिए फिलहाल तैयारियां की जा रही हैं। रूसी विदेश मंत्री ने सरकारी समाचार एजेंसी टीएएसएस के हवाले से कहा राष्ट्रपति ...शेष पृष्ठ 14 पर

## भारत कोई धर्मशाला नहीं, अशांति फैलाने वालों पर कड़ी नजर

एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सरकार की प्रवासन नीति को कठोरता और करुणा का मिश्रण करार देते हुए बृहस्पतिवार को लोकसभा में दो टूक कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है कि कोई भी जब चाहे यहां आकर रह जाए।

उन्होंने सदन में आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि भारत में व्यापार, शिक्षा और शोध के लिए आने वालों का स्वागत होगा, लेकिन गलत उद्देश्य से और अशांति फैलाने के मंसूबे के साथ भारत में दाखिल होने वालों से कठोरता से निपटा जाएगा। शाह के जवाब के बाद सदन ने कुछ विपक्षी सांसदों के संशोधनों को खारिज करते हुए आप्रवास और विदेशियों विषयक विधेयक, 2025 को ध्वनिमत से मंजूरी दे दी। उन्होंने कहा, हमारे देश में कौन आता है और कितने समय के लिए आता है, देश की सुरक्षा के लिए हमें यह जानने का अधिकार है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कई बार लोग सवाल उठाते हैं कि



शरणार्थी संबंधी अंतरराष्ट्रीय संधि पर हस्ताक्षर क्यों नहीं किए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा इसलिए कि पांच हजार साल से प्रवासियों के बारे में भारत का ट्रैक रिकॉर्ड बेदाग रहा है और किसी शरणार्थी नीति की हमें जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा भारत भू सांस्कृतिक देश है, भू राजनीतिक देश नहीं है, भारत का शरणार्थियों के प्रति एक इतिहास रहा है। पारसी भारत में आए। इजराइल से यहूदी भागे तो भारत में आ रहे हैं। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार में छह पड़ोसी देशों के प्रताड़ित लोगों को भारत ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के माध्यम से शरण दी है। उन्होंने कहा घुसपैठ करने वालों को रोकेंगे, नागरिकता उन्हें ही मिलेगी जिन्होंने पड़ोसी देशों में विभाजन की विभीषीका झेली है और अत्याचारों का सामना किया है। उन्होंने कहा कि जो कानून तोड़ेंगे उन पर सरकार की कड़ी नजर होगी। शाह ने कहा कि जहां भारत प्रवासियों का स्वागत करता है, वहीं भारत से गए प्रवासियों ने दुनिया भर में भारत की समृद्ध विरासत को पहुंचाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि विश्व छोटा हो रहा है और पूरी दुनिया के अर्थतंत्र की सूची में भारत एक ब्राइट स्पॉट बनकर उभरा है, एक विनिर्माण केंद्र बनकर उभरा है और ऐसे में देश में आने वाले लोगों की संख्या बढ़ेगी। उनका कहना था कि यदि विदेशों से लोग भारत के अर्थतंत्र को मजबूत करने, व्यापार करने, शिक्षा और शोध के लिए आते हैं तो उनका स्वागत किया जाएगा। गृह मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यदि बांग्लादेशी और रोहिंग्या अशांति फैलाने के लिए आते हैं तो फिर कठोरता से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रवासन नीति कठोरता और करुणा दोनों के भाव से बनाई गई है। शाह ने कहा मोदी सरकार दो ...शेष पृष्ठ 14 पर

# देश सेवा सर्वोपरि, ईमानदारी से निभायें कर्तव्य

## सीएम ने आयुष और एफएसएल में चयनित 283 अभ्यर्थियों को वितरित किये नियुक्ति पत्र

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 8 वर्षों में पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया के जरिए युवाओं को नई पहचान और वैश्विक मंच प्रदान किया गया है। इसी कड़ी में गुरुवार को लखनऊ के लोक भवन में आयोजित एक भव्य समारोह में सीएम योगी ने आयुष विभाग और गृह विभाग के लिए उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूपीएसएसएससी) द्वारा चयनित 283 चिकित्सा अधिकारियों और कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायकों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस दौरान सीएम योगी ने नवचयनित अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश की सेवा नारों या भाषणों से नहीं, बल्कि ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने से होती है।

उन्होंने नवचयनितों से अपील की कि वे पूरी तत्परता और पारदर्शिता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें, ताकि उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सके। इस समारोह में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित 283 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। इनमें आयुष विभाग के 163 चिकित्सा अधिकारी, 2 रीडर (आयुर्वेद), 19 प्रोफेसर, 3 प्रवक्ता (होम्योपैथी) और गृह विभाग के तहत विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल)



के 96 कनिष्ठ प्रयोगशाला सहायक शामिल हैं। नियुक्ति पत्र पाकर सभी नवचयनित अभ्यर्थियों के चेहरे खिल उठे। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए सीएम योगी की पारदर्शी और निष्पक्ष चयन प्रक्रिया की जमकर सराहना की। सीएम योगी ने इस अवसर पर यूपीपीएससी और यूपीएसएसएससी को शासन की मंशा के अनुरूप भर्ती प्रक्रिया को ईमानदारी से संपन्न करने के लिए धन्यवाद दिया और सभी नवचयनित अभ्यर्थियों को बधाई दी। सीएम योगी ने अपने संबोधन में पिछले 8 वर्षों की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कहा कि पिछले 8 वर्षों में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सीएम योगी ने मिर्जापुर को दी 500 करोड़ की सौगात

जिला संवाददाता

मिर्जापुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत बीएलजे ग्राउंड पहुंचे और मिर्जापुर जिले को 500 करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

इस दौरान उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की 'सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति' के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर प्रदर्शनी का अवलोकन किया और लोक-कल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए। जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम लोगों ने तय किया है कि सर्वे कर गंगा एक्सप्रेस-वे को मां विंध्यवासिनी एवं बाबा विश्वनाथ धाम को जोड़ते हुए पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के साथ जोड़ा जाए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपके आशीर्वाद से ही हमारे जनप्रतिनिधि चुनकर जाते हैं तो सरकार अच्छी योजनाओं को लेकर आपके पास आती है। उन्होंने कहा कि जिले में आकाशीय बिजली गिरने से होने वाली मौतों में कमी आई है। आकाशीय बिजली सेबचाव के लिए हर ...शेष पृष्ठ 14 पर

## अवैध ई-रिक्शा व ऑटोरिक्शा के खिलाफ एक से अभियान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश के बाद राज्य का परिवहन विभाग अवैध ई-रिक्शा और ऑटोरिक्शा पर अंकुश लगाने के लिए एक अप्रैल से पूरे प्रदेश में अभियान शुरू करेगा जो एक महीने तक चलेगा।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, परिवहन आयुक्त ने सभी जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस आयुक्त और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को इस अभियान के दौरान सख्ती बरतने का निर्देश दिया है। यह अभियान राजधानी लखनऊसहित सभी जिलों में चलाया जाएगा। बयान में कहा गया है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कानून व्यवस्था पर एक समीक्षा बैठक के दौरान जमीनी स्तर पर प्रवर्तन को मजबूत करने के लिए ये निर्देश जारी किए। उन्होंने निर्देश दिया कि प्राथमिकता के आधार पर ऑटोरिक्शा और ई-रिक्शा चालकों का सत्यापन कराया जाए। सड़क सुरक्षा पर जोर देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नाबालिग लड़कों को किसी भी परिस्थिति में वाहन चलाने की अनुमति नहीं दी जाए। मुख्यमंत्री ने किराएदारों का भी सत्यापन कराने और वाहनों में ओवरलोडिंग रोकने के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

## वाह रे लखनऊ पुलिस, एक बाइक चोरी के दो मुकदमे

### न बाइक का पता, न ही चोरों की खबर लेकिन मुस्तैदी लाजवाब

राजा शेख

लखनऊ। एक तरफ लखनऊ कमिश्नरेट में पीड़ितों को मुकदमा दर्ज कराने के लिए अफसरों से लेकर थानों की चक्कर लगाते हुए चप्पलें घिस जाती हैं। वहीं, पुलिस ने एक बाइक चोरी को हाईप्रोफाइल चोरी मानते हुए दो-दो मुकदमें दर्ज कर डाले।

फिलहाल यह कोई हाईप्रोफाइल मामला नहीं बल्कि पुलिस की सिर्फ घोर लापरवाही का नतीजा है। ऐसा ही एक मामला राजधानी के गोमती नगर थाने का सामने आया है। इसमें पुलिस ने एक बाइक चोरी पर दो-दो मुकदमें दर्ज कर डाले। हालांकि पहले मुकदमें का मामला अभी अधर में लटका हुआ है और न ही बाइक चोर मिला है और न ही उसकी बाइक का सुराग। अब




**यदि एक ही घटना का मुकदमा दो बार दर्ज कर दिया गया है तो ऐसा नहीं होना चाहिए लेकिन ऐसा हो गया है, तो एक मुकदमा इस्पंज कर दिया जायेगा और ऐसा न हो इसके लिए आदेशित किया जायेगा। - एडीसीपी पूर्वी पंकज सिंह**

गौर करने वाली बात यह है कि इसे पुलिस की लापरवाही कहे या अति आत्मविश्वास कहा जाए। पुलिस की इस लापरवाही के चर्चे इन दिनों सुर्खियों में है। इस सम्बंध में एडीसीपी पूर्वी पंकज सिंह का कहना है कि यदि एक ही घटना का मुकदमा दो बार दर्ज कर दिया गया है तो ऐसा नहीं होना चाहिए लेकिन ऐसा हो गया है तो एक मुकदमा इस्पंज कर दिया जायेगा और ऐसा न हो इसके लिए आदेशित किया जायेगा। जानकारी के अनुसार मूलरूप से सुल्तानपुर निवासी महेश पाल जो कि विनय खंड गोमतीनगर स्थित किराये के मकान में रहते हैं। 21 मार्च 2025 दिन ...शेष पृष्ठ 14 पर

## डर के चलते पति ने पत्नी का प्रेमी से कराया विवाह

संत कबीर नगर (उप्र)। मेरठ में हाल ही में प्रेमी के साथ मिलकर पति की हत्या की घटना सामने आने के बाद यहां एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपनी सुरक्षा की चिंता के कारण पत्नी का विवाह उसके प्रेमी से करा दिया।

ढंघटा पुलिस थाना अंतर्गत कतर मिश्रा गांव के निवासी बबलू ने सोमवार को अपनी पत्नी राधिका का विवाह उसके प्रेमी विशाल कुमार से करा दिया। दूसरे राज्य में मजदूरी करने वाले बबलू का विवाह गोरखपुर की राधिका से 2017 में हुआ था और दंपति के दो बच्चे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, राधिका का अपने गांव के रहने वाले विशाल से पिछले डेढ़ साल से संबंध है। जब बबलू को इस बारे में पता चला तो उसने राधिका से विशाल से संबंध तोड़ने को कहा, लेकिन राधिका ने मना कर दिया। इस ...शेष पृष्ठ 14 पर

## धामी ने 1232 अफसरों को दिये नियुक्ति पत्र

### मुख्यमंत्री धामी ने दून मेडिकल कॉलेज के सभागार का किया लोकार्पण

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। नव नियुक्त नर्सिंग अधिकारी पूर्ण निष्ठा, समर्पण और मानवीय मूल्यों के साथ कार्य करेंगे और प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई ऊंचाई प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में आयोजित नियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। बता दें कि उत्तराखंड के सभी मेडिकल कॉलेजों में 1232 नये नर्सिंग अधिकारियों का नियुक्ति दी गई है। इस अवसर पर उन्होंने 26 करोड़ की लागत से बने दून मेडिकल कॉलेज के सभागार का लोकार्पण भी किया।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान नर्सिंग स्टाफ और स्वास्थ्यकर्मियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जब पूरा विश्व इस संकट से जूझ रहा था, तब हमारे नर्सिंग स्टाफ और स्वास्थ्यकर्मी फ्रंटलाइन वॉरियर बनकर निःस्वार्थ सेवा में जुटे हुए थे। उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बिना दिन-रात मरीजों की देखभाल करते हुए ...शेष पृष्ठ 14 पर

**विशेष खबर**

### कानून मंत्री से बयान देने की मांग, घटना सामने आने के बाद न्यायपालिका पर डगमगाया जनता का विश्वास

# लोकसभा में उठा न्यायाधीश के घर नकदी मिलने का मुद्दा

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश के सरकारी आवास से कथित तौर पर अधजली नकदी मिलने का मुद्दा बृहस्पतिवार को लोकसभा में उठा और सदस्यों ने कानून मंत्री से इस मुद्दे पर सदन में बयान देने की मांग की।

कई सदस्यों ने शून्यकाल में इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि इस घटना के सामने आने के बाद न्यायपालिका पर जनता का विश्वास डगमगाया है। तृणमूल कांग्रेस के कल्याण बनर्जी ने कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के आवास पर बड़ी मात्रा में नकदी मिलने की घटना सामने आने के बाद न्यायपालिका पर जनता का विश्वास डगमगा गया है। उन्होंने कहा कि न्यायाधीश को एक लोकसेवक मानते हुए उनके खिलाफ लोकपाल की जांच क्यों नहीं कराई जानी चाहिए। बनर्जी ने कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा का स्थानांतरण दिल्ली उच्च न्यायालय से इलाहाबाद उच्च न्यायालय कर देने से कार्वाई पूरी नहीं हो जाएगी। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि कलकत्ता उच्च न्यायालय और इलाहाबाद उच्च न्यायालय को सारे भ्रष्ट न्यायाधीशों का डंपिंग ग्राउंड नहीं बनाया जा सकता। गौरतलब



है कि न्यायमूर्ति वर्मा के लुटियंस इलाके में स्थित आवास में 14 मार्च को रात करीब 11:35 बजे आग ...शेष पृष्ठ 14 पर

## सीजेआई ने न्यायमूर्ति वर्मा के तबादले के खिलाफ विचार करने का दिया आश्वासन

नयी दिल्ली। भारत के प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना ने बार के नेताओं को दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के स्थानांतरण की कॉलेजियम की सिफारिश को वापस लेने की उनकी मांग पर विचार करने का बृहस्पतिवार को आश्वासन दिया। यह जानकारी इलाहाबाद उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी ने दी। विभिन्न उच्च न्यायालयों के छह बार एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने दोपहर में प्रधान न्यायाधीश और कॉलेजियम के अन्य सदस्यों- न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, से मुलाकात की। उच्चतम न्यायालय में हुई इस बैठक से बाहर आने के बाद तिवारी ने कहा कि उन्होंने (कॉलेजियम सदस्यों ने) बार निकायों के ज्ञापन पर विचार-विमर्श किया और उनकी मांग पर विचार करने का आश्वासन दिया।

## शाहजहांपुर में चार बच्चों की हत्या कर पिता ने की खुदकुशी

जिला संवाददाता

शाहजहांपुर (उप्र)। शाहजहांपुर जिले में पिता ने चार बच्चों की धारदार हथियार से कथित तौर पर गला काटकर हत्या करने के बाद खुद भी फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

**धारदार हथियार से बच्चों को रेता गला**

पुलिस अधीक्षक (एसपी) राजेश द्विवेदी ने बताया कि यह घटना बुधवार रात थाना रोजा अंतर्गत मानपुर चचरी गांव में हुई। उन्होंने कहा कि मानपुर चचरी गांव निवासी राजीव कुमार (36) ने अपने घर में चार बच्चों स्मृति (12), कीर्ति (9), प्रगति (7) और ऋषभ (5) की धारदार हथियार से गला काटकर हत्या कर दी। एसपी ने कहा कि इसके बाद राजीव ने घर के दूसरे कमरे में जाकर खुद भी फांसी लगा ली। उन्होंने बताया कि राजीव की पत्नी बुधवार को मायके गई थी। द्विवेदी ने परिजनों से पूछताछ के हवाले से बताया कि बृहस्पतिवार सुबह सात बजे जब राजीव के घर का दरवाजा नहीं खुला तो उसके पिता छत के रास्ते घर के अंदर गए तब उन्हें घटना की जानकारी हुई और पुलिस को सूचना दी गई। एसपी ने राजीव के पिता के हवाले से बताया कि वह (राजीव) एक साल पहले हादसे का शिकार हो गया था जिसमें उसके ...शेष पृष्ठ 14 पर

# 452.51 करोड़ रुपये की 20 परियोजनाओं को मिली हरी झंडी

## मुख्य सचिव की अध्यक्षता में अमृत 2.0 की 14वीं एसएचपीएससी की बैठक संपन्न

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने बैठक में 452.51 करोड़ रुपये (सेन्टेज सहित) अनुमानित लागत की 20 परियोजनाओं को अनुमोदन प्रदान किया गया। इसमें 7 पेयजल, 4 पार्क एवं ग्रीन स्पेस एवं 8 सरोवर की परियोजना शामिल हैं।

मुख्य सचिव गुरुवार को अमृत 2.0 की 14वीं स्टेट हाई पावर स्टीयरिंग कमेटी (एसएचपीएससी) की बैठक कर रहे थे।

अनुमोदित परियोजनाओं में नगर पंचायत चकिया (चन्दौली), नगर पालिका परिषद महाराजगंज (महाराजगंज), कुलपहाड़ नगर पंचायत (महोबा), नगर पालिका परिषद अहरौरा (मिर्जापुर), नगर पालिका परिषद कालपी (जालौन), दुद्धी नगर पंचायत (सोनभद्र), डाला बाजार नगर पंचायत (सोनभद्र) पेयजल परियोजना सम्मिलित है। इसी प्रकार मोहम्दाबाद गोहना नगर पंचायत (मऊ) के अंतर्गत देवरानी जेठानी तालाब, जमालपुर में हरित क्षेत्र और पार्क विकास, नगर पालिका परिषद मऊ (मऊ) के अंतर्गत तमसा नदी तट पर मऊ महादेव मंदिर के पास हरित क्षेत्र का विकास, बलिया नगर पालिका परिषद (बलिया) में कटहल नाला के विकास एवं सुन्दरीकरण तथा महमूदाबाद नगर पालिका परिषद (सीतापुर) के अंतर्गत इंदौरा तालाब का पुनरुद्धार और पार्क का विकास कार्य अनुमोदित परियोजना से कराया जायेगा। इसी तरह कुलपहाड़ नगर पंचायत (महोबा) में किशोर सागर तालाब, इंटौजा नगर पंचायत (लखनऊ) में इंटौजा तालाब, नगर निगम अयोध्या में मलिकपुर झील, गोला गोकर्णनाथ नगर पालिका परिषद (खीरी) के होलिका तालाब का कायाकल्प अनुमोदित परियोजनाओं से किया जायेगा। इसके अलावा अनुमोदित परियोजनाओं से नगर निगम कानपुर के वार्ड नं. 58 व वार्ड नं. 62 में स्थित तालाब, सिवाल खास नगर पंचायत (मेरठ) में स्थित सुरजकुंड तालाब का जीर्णोद्धार तथा सहजनवां नगर पंचायत (गोरखपुर) में स्थित राम जानकी मन्दिर पोखरा का सौन्दर्यीकरण का कार्य कराया जायेगा। बैठक में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात, विशेष सचिव नगर विकास अमित कुमार सिंह सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि उपस्थित थे।

# पार्क में संगीत की धुन संग मिलेगा सेहत का खजाना

## इकाना क्रिकेट स्टेडियम के पास 12.5 एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में बने हार्मोनी पार्क का मुख्य सचिव ने किया उद्घाटन

विशेष संवाददाता



लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि वेस्ट-टू-आर्ट थीम पर आधारित यह पार्क शहर वासियों को समर्पित है। यहां वेस्ट मटीरियल से बने आकर्षक स्कल्पचर्स के साथ लाइव म्यूजिकल इंस्ट्रूमेंट और स्पोर्ट्स एरिना भी है। इससे लोग म्यूजिक के साथ फिटनेस का भी लाभ उठा सकेंगे।

मुख्य सचिव गुरुवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा सीजी सिटी में विकसित किये गये हामेर्नी पार्क का संगीत की धुनों के बीच फीता काटकर उद्घाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा कि म्यूजिक और फिटनेस को एक साथ संजोने वाला यह पार्क लोगों के लिए न केवल एक मनोरंजन स्थल होगा, बल्कि यह कला, पर्यावरण संरक्षण और खेल गतिविधियों के संगम का प्रतीक भी है। मुख्य सचिव ने उद्घाटन के बाद पूरे पार्क का भ्रमण किया। उन्होंने लखनऊ विकास प्राधिकरण के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि शहर वासियों को यहां एक नया अनुभव मिलेगा। हामोर्नी पार्क सीजी सिटी (चंक गंजरिया) में इकाना अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के पीछे लगभग 12.5 एकड़ के विशाल क्षेत्रफल में विकसित किया गया है। इसे लखनऊ विकास प्राधिकरण ने निजी सहभागिता से लगभग 11.70 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित किया है। वेस्ट-टू-आर्ट थीम पर आधारित इस पार्क में 70 टन निष्प्रयोज्य सामाग्री से 32 आकर्षक मूर्तियां लगायी गयी हैं, जो विभिन्न वाद्ययंत्रों के आकार में डिजाइन की गयी हैं। इन मूर्तियों को विभिन्न प्रकार के वाद्ययंत्रों के मॉडल के साथ बनाया गया है। इतना ही नहीं, इन वाद्ययंत्रों के प्रतिरूप के साथ-साथ 41 लाइव म्यूजिकल उपकरण भी स्थापित किये गए हैं, जो इसे और भी खास बनाते हैं। पार्क में मनोरंजन के लिए ओपन एयर थियेटर भी है। साथ ही बच्चों व युवाओं के लिए फास्ट फॉरवर्ड स्पोर्ट्स एरिना विकसित किया गया है। इसमें बास्केटबॉल, पिकल बॉल, पैडल बॉल कोर्ट, फुटबॉल, क्रिकेट बॉक्स, मिनी गोल्फ शामिल है, जोकि हर आयु वर्ग के लोगों के लिए इसे एक आकर्षक गंतव्य बनाता है। इस मौके पर मण्डलायुक्त लखनऊ डॉ. रोशन जैकब, एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार व नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह समेत अन्य अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।



गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से उत्तर प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने शिष्टाचार भेंट कर उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

# गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाने में जुटा ग्राम्य विकास विभाग

## बीते 8 साल में 5 लाख से ज्यादा हुए ग्रामीण संयोजकता के कार्य

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना (महात्मा गांधी नरेगा) से जहां ग्रामीण क्षेत्रों में परिवारों की आजीविका संवर्धन के लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष में उन ग्रामीण परिवारों को गारंटीकृत रोजगार उपलब्ध कराया जाता है, जिसके वयस्क सदस्य अकुशल श्रम करने के लिए स्वेच्छा से काम करते हैं।

- **मनरेगा योजना के तहत किये जा रहे ग्रामीण संयोजकता के कार्य**
- **बीते 8 साल में 5,18,021 पूर्ण कार्यों पर 10,825 करोड़ रुपये हुए खर्च**



इसके साथ ही यह योजना से जल संरक्षण संरचनाओं, ग्रामीण सड़कों और अन्य बुनियादी ढांचा परियोजनाओं जैसी उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण पर भी जोर दिया जाता है, जो ग्रामीण क्षेत्रों के समग्र विकास में योगदान करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाने एवं जलभराव जैसी की समस्या के निदान के लिए महात्मा गांधी नरेगा योजना से नाली, चकरोड निर्माण, पटरी मरम्मत, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड एवं खड़ंजा निर्माण का कार्य कराया जा रहा है।

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के कुशल मार्गदर्शन में ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओ का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। मौर्य ने कहा है कि गांवों की गलियां, ग्रामीणों का हाईवे की भांति हैं, इसलिए गांवों की गलियां दुरुस्त और साफ-सुथरी होनी चाहिए। योजना के अंतर्गत किये गये विकास कार्य धरातल पर दिखने भी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में नालीए चकरोड निर्माण, पटरी मरम्मत, इंटरलॉकिंग, सीसी रोड एवं खड़ंजा निर्माण के कार्यों पर विशेष ध्यान दिया जाए, जिससे गांव स्वच्छ और सुंदर रहे और ग्रामीण स्वस्थ रहें। ग्राम्य विकास विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2017-18 से अब तक ग्रामीण संयोजकता के 5,18,021 पूर्ण कार्यों पर रुपये 1082518.79 लाख व्यय किये जा चुके हैं। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक ग्रामीण संयोजकता के 78,272 कार्य कराये जा चुके हैं, इस साल इन पूर्ण कार्यों पर 64217.37 लाख धनराशि व्यय की गई है। आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने बताया कि ग्रामीण संयोजकता के कार्य ग्राम्य विकास की प्राथमिकताओ में हैं। सरकार की मंशा, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश एवं योजना की गाइडलाइन के अनुरूप ग्राम पंचायतों के समग्र विकास के लिए मनरेगा योजना से नाली, चकरोड निर्माण, पटरी मरम्मतए इंटरलॉकिंग, सीसी रोड एवं खड़ंजा निर्माण का कार्य निरंतर कराया जा रहा है।

# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड ने 85 करोड़ रुपये स्वीकृत किये : जयवीर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में अयोध्या, काशी, मथुरा ही नहीं, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) अंतर्गत आने वाले अन्य पर्यटन स्थल भी शीघ्र ही पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र बनेंगे। केंद्र सरकार ने इसके लिए बड़ी तैयारी की है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड ने इसके लिए 85 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। गाजियाबाद, बुलंदशहर, मेरठ, मुजफ्फरनगर, हापुड़ आदि जिलों के महत्वपूर्ण धार्मिक-आध्यात्मिक, ऐतिहासिक सहित अन्य स्थलों पर पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जाएगा।



पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इसी क्रम में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र योजना बोर्ड (एनसीआरपीबी) ने मुजफ्फरनगर में शुकतीर्थ के एकीकृत पर्यटन विकास-साउंड एंड लाइट शो के लिए लगभग 12.68 करोड़ रुपए, मेरठ में 1857 के क्रांति स्थलों और शहीद स्मारक के पर्यटन विकास के लिए लगभग 4.53 करोड़ रुपए, हस्तिनापुर के समेकित पर्यटन विकास के लिए लगभग 15.04 करोड़ रुपए, सरधना के पर्यटन विकास के लिए लगभग 4.54 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं। इसी तरह बुलंदशहर स्थित मां अवंतिका देवी मंदिर के पर्यटन विकास के लिए लगभग 11.37 करोड़ रुपए स्वीकृत हुए हैं। गाजियाबाद के दूधेश्वर नाथ मंदिर के पर्यटन विकास के लिए लगभग 5.52 करोड़ रुपए सहित एक अन्य योजना का पर्यटन विकास किया जाएगा। इसके अलावाए हापुड़ और मुजफ्फरनगर में पहले से निमार्णाधीन परियोजनाओं के लिए भी धनराशि जारी की गई है। मंत्री ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में ऐसे अनेक स्थल हैं, जिनका पर्यटन की दृष्टि से विशेष महत्व है। मुजफ्फरनगर के शुकतीर्थ स्थित वट वृक्ष के नीचे शुकदेव महाराज ने राजा परीक्षित को पहली बार श्रीमद्भागवत कथा सुनाई थी। इसी प्रकार गाजियाबाद, बुलंदशहर, मेरठ, हापुड़ सहित अन्य जिलों में ऐसे अनेक स्थल हैं जिनका अपना सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक और प्राकृतिक महत्व है। पर्यटन की असीम संभावनाओं को देखते हुए केंद्र और प्रदेश सरकार प्राथमिकता के आधार पर पर्यटन सुविधाओं का विकास कर रही है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन में देश में पहले स्थान पर है। विदेशी पर्यटन में भी यह उपलब्धि हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी दृष्टिकोण से निरंतर पर्यटन स्थलों और पर्यटक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है।

# प्रारम्भिक चरण में कोलोरेक्टल कैंसर का पता चलने पर पूरी तरह उपचार योग्य : डॉ. विवेक

## उत्तराखंड के हल्द्वानी में मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल वैशाली ने जागरूकता सत्र का किया आयोजन

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। कोलोरेक्टल कैंसर से पीड़ित लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए एक सुव्यवस्थित उपचार दृष्टिकोण कैसे मदद कर सकता है, इस पर प्रकाश डालने के उद्देश्य से मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल वैशाली ने उत्तराखंड के हल्द्वानी में एक पेशेंट सेंट्रिक जागरूकता सत्र का आयोजन किया।




इस सत्र में हल्द्वानी के 56 वर्षीय मरीज की प्रेरणादायक सफर प्रस्तुत की गई, जिन्हें कोलोरेक्टल कैंसर से सफलतापूर्वक लड़ने के बाद नया जीवन मिला। कोलोरेक्टल कैंसर वैश्विक स्तर पर तीसरा सबसे आम कैंसर है और कैंसर से संबंधित मौतों का दूसरा प्रमुख कारण है। मार्च को नेशनल कोलोरेक्टल कैंसर अवेयरनेस मंथ के रूप में मनाया जाता है और इस अवसर पर जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (जीआई और एचपीबी) विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. विवेक मंगला और अस्पताल में स्टेज 2 कोलोरेक्टल कैंसर से सफलतापूर्वक ठीक हुए कुंदन सिंह की उपस्थिति रही। मामले के बारे में बात करते हुए, मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल, वैशाली के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी (जीआई और एचपीबी) विभाग के सीनियर डायरेक्टर डॉ. विवेक मंगला ने कहा कि कुंदन सिंह शुरू में रेक्टल ब्लीडिंग की समस्या के साथ आए थे। जांच करने पर, उन्हें स्टेज 2 कोलन कैंसर और मल्टीपल पॉलीप्स की पहचान हुई। डॉ.विवेक मंगला ने आगे कहा कि यदि प्रारंभिक चरण में कोलोरेक्टल कैंसर का पता चल जाए, तो यह पूरी तरह से उपचार योग्य होता है। सफल उपचार के बाद भी, नियमित जांच आवश्यक है ताकि किसी भी संभावित पुनरावृत्ति या नए पॉलीप्स का समय रहते पता लगाया जा सके। हम सभी से, विशेष रूप से 50 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों से आग्रह करते हैं कि वे नियमित रूप से कोलोनोस्कोपी करवाएं और रेक्टल ब्लीडिंग या पाचन संबंधी समस्याओं को नजरअंदाज न करें। शीघ्र पहचान और समय पर हस्तक्षेप से कोलोरेक्टल कैंसर के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है और कई लोगों की जान बचायी जा सकती है।

# करोड़ों ग्वालों, गोपालक समाज का अनादर : भूपेन्द्र चौधरी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने सपा प्रमुख के गौशालाओं पर दिये बयान को भारतीय सांस्कृतिक आस्था व परम्परा पर कुठाराघात बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन की आत्मा में सवै भूमि गोपाल की निहित है। जो दर्शन समस्त पृथ्वी को ही गोपालक प्रभु की भूमि मानता है लेकिन इस दर्शन को जानने के लिए भारतीय दृष्टि होना आवश्यक है। गौशालाओं की दुर्गंध से व्याख्या करने वाले अखिलेश यादव अगर अपने पूर्वजों से ही सीख लेते तो आज गाय माता के लिए उनके ऐसे विचार नहीं होते।

- **सपा अध्यक्ष अखिलेश के बयान पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का पलटवार**



भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि भारत में तमाम विपक्षी दलों के नेताओं में होड़ लगी है कि वह मुस्लिम तुष्टिकरण में अगुआ कैसे बनें। इसके लिए सभी ने सनातन धर्म, भारतीय महानायकों, भारतीय आस्था एवं परम्पराओं को अपमानित करने का रास्ता चुना है। इसी कड़ी में अखिलेश यादव ने गौशालाओं में दुर्गन्ध का बयान दिया है। चौधरी ने कहा कि गोपालक वंश में जन्में अखिलेश यादव को अगर थोड़ा सा भी बोध होता तो जिस गाय माता का दूध पीकर वे बड़े हुए है उस गाय माता के लिए मुंह से जहर नहीं उगलते। उनका यह बयान धर्म, संस्कृति के साथ करोड़ों हिन्दुओं की आस्था तथा गाय माता पर सीधा हमला है। करोड़ों ग्वालों, गोपालक समाज का अनादर और अपमान है। हिन्दुत्व विरोध के ब्राण्ड एम्बेसडर अखिलेश यादव को धमार्नुरागी जनता जबाब देगी।

# गोशालाओं में भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की दुर्गंध: अखिलेश यादव

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को बयान जारी कर कहा है कि भाजपा सरकार में गोशालाओं को सेवाभाव से नहीं चलाया जा रहा है। गोशालाओं में भाजपा सरकार के भ्रष्टाचार की दुर्गंध है। कमीशनखोरी चरम पर है। गौशालाओं के नाम पर सरकारी बजट भाजपा नेताओं और समर्थकों की जेब में जा रहा है।

गोशालाओं में साफ-सफाई नहीं है। गायों के खाने-पीने की व्यवस्था नहीं है। पूरे प्रदेश से आये दिन गायों की भूख और बीमारी से मरने की खबरें आती है। भाजपा सरकार में गौशालाओं और गायों के नाम पर पैसों की बंदरबांट हो रही है। आज प्रदेश भर में गोशालाओं में गंदगी का अंबार है। गौशालाएं गायों के लिए कैदखाना बन गयी है। वहां कोई व्यवस्था नहीं है। प्रदेश में हर दिन गायें बेमौत मर रहीं है। इस दुर्दशा के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदार है। भाजपा सरकार गायों की भूख, बीमारी और मौतों के पाप की भागीदार है। इसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा।

## सांसद का घर और परिवार भी सुरक्षित नहीं है : अखिलेश यादव

लखनऊ। अखिलेश यादव ने सपा सांसद के घर पर हुए हमले को लेकर कहा कि भाजपा सरकार में सपा के एक बहुत ही वरिष्ठ दलित सांसद रामजी लाल सुमन का घर और परिवार भी सुरक्षित नहीं है। उनके घर पर दिनदहाड़े गुण्डों और अराजक तत्वों ने हमला कर दिया तो आम जनता की क्या सुरक्षा हो सकती है? उत्तर प्रदेश में अराजक तत्वों के हौसले इतने बढ़े हुए है कि उसी शहर में मुख्यमंत्री की मौजूदगी में भी सपा के दलित समाज से आने वाले बहुत वरिष्ठ सांसद के घर पर हमला कर तोड़फोड़ की गयी है।

# सुरक्षित परिवेश-सुरक्षित निवेश के रूप में स्थापित हुआ यूपी

लखनऊ। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी' ने कहा कि उत्तर प्रदेश निवेश, निर्माण और निर्यात को सुदृढ़ करते हुए वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने की दिशा में तेजी से अग्रसर है! ग्लोबल इन्वेस्टर समिट जैसे वृहद आयोजनों के माध्यम से देश-दुनिया के निवेशक उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास यात्रा में सहभागी बन रहे हैं! उत्तर प्रदेश 'सुरक्षित परिवेश-सुरक्षित निवेश' के रोलमॉडल के रूप में स्थापित हुआ है! इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एवं कनेक्टिविटी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश पूरे देश में अव्वल है! आज हमें एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में एक नई पहचान मिली है। नन्दी गुरुवार को उत्तर प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला पंचायत सभागार परिसर में आयोजित 'सेवा, सुरक्षा एवं सुशासिन समारोह' में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। उन्होंने सबका विकास उत्कर्ष के 8 वर्ष नामक पुस्तक का विमोचन करते हुए विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, टूल किट, चेक और चाभी वितरित किया। वहीं पत्रकार बंधुओं से वार्ता कर उत्तर प्रदेश सरकार के सफलतम 8 वर्ष की उपलब्धियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में बुनियादी सुविधाओं के सशक्तिकरण, कानून-व्यवस्था की बेहतरी, औद्योगिक निवेश, निर्यात और रोजगार के अवसरों में वृद्धि तथा गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के कल्याण के लिए प्रभावी योजनाएं लागू की गई हैं, जिनके परिणामस्वरूप उत्तर प्रदेश आज देश में विकास का मॉडल बन चुका है। मंत्री नन्दी ने कहा कि 2017 के पहले जहां प्रदेश की पहचान का संकट था। बेटियां, व्यापारी एवं उद्यमी हर कोई असुरक्षित था। वहीं आज नए भारत का नया उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। नन्दी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बहुमूल्य मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल नेतृत्व में उत्तर प्रदेश निरन्तर प्रगति, समृद्धि एवं खुशहाली के पथ पर अग्रसर है।

संक्षेप

## गगहा में राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता का भव्य शुभारम्भ



गगहा, गोरखपुर। गगहा कस्बा स्थित खेल मैदान में 65वी बाबा शक्ति सिंह अखिल भारतीय बालीबाल प्रतियोगिता गुरूवार से शुरू हो गई। प्रतियोगिता का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व राज्यमंत्री राणा अजीत प्रताप सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों में जबर्दस्त उत्साह दिखा और उन्होने बेहतर खेल का प्रदर्शन कर जमकर वाहवाही बटोरी। प्रतियोगिता में पहला मैच उत्तर प्रदेश पुलिस व के बीच खेला गया। मुख्य अतिथि श्री सिंह ने उपस्थित खेलप्रेमियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल व्यक्ति को मानसिक व शारीरिक रूप से मजबूत बनाती है, ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे आयोजनों से प्रतिभाएं निखरकर प्रदेश व देश का नाम रोशन करते हैं। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत सदस्य कृष्णकुमार सिंह व अखिल भा. क्षत्रिय महासभा के प्रदेश संरक्षक विनोद सिंह ने कहा कि खेल के मैदान में खिलाड़ियों का भाईचारा देखने को मिलता है जो उन्हें महान बनाता है। प्रतियोगिता के उपाध्यक्ष गिरजाशंकर सिंह ऊर्फ तारा सिंह व आयोजन सचिव सुधीर सिंह ने दर्शकों व खिलाड़ियों का आभार ब्यक्त किया।उद्घोषक धर्मेंद्र सिंह,बिट्टन सिंह व संचालन भगवान सिंह ने किया। उक्त अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप सिंह(बबलू),क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष अश्विनी उर्फ लालू सिंह,भाजपा नेता अमित सिंह,संजीव उर्फ गुड्डू सिंह,रणजीत शाही,परमहंस सिंह, सत्यप्रकाश सिंह (बड़कू),,पंकज सिंह,अतुल सिंह,अनिल सिंह,परितोष सिंह,श्रीप्रकाश ऊर्फ भोला सिंह,रिपुसूदन सिंह,रुदल सिंह,के डी भट्ट,शिक्षक नेता अभिनय सिंह सहित हजारों दर्शकों ने खेल का लुफ्त उठाया।

# काव्यांजलि में बहती रही काव्य रसधार

## कवि स्व रामाश्रय मिश्र 'उजबक' आजमगढ़ी की स्मृति में काव्यांजलि आयोजित



मझगांवा, गोरखपुर। क्षेत्र के टिकरी गांव स्थित आरपीडी एकेडमी के प्रांगण में बुधवार की शाम युवा साहित्यिक व सामाजिक मंच एवं पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय हास्य कवि स्व रामाश्रय मिश्र 'उजबक' आजमगढी की स्मृति में काव्यांजलि का आयोजन किया गया।जहां कवियों की काव्यांजलि में लोग उमंग व उत्साह से गोते लगाते रहें।

काव्यांजलि कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि गण द्वारा मां सरस्वती व राष्ट्रीय हास्य कवि स्व रामाश्रय मिश्र उजबक आजमगढी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम गोरखपुर की बेटी नेहा मिश्रा ने सरस्वती वंदना कर कवि सम्मेलन की विधिवत शुरूआत की, उनकी दहेज पर प्रस्तुत की गयी एक कविता ने लोगों के आंखों में आसूं ला दिया।कवियित्री डा चेतना पाण्डेय ने गौरैया पर एक कविता पढ़ी।प्रेम नाथ मिश्र की कविता यह गोरखपुर की माटी है पर खूब तालियां बजी।सुभाष यादव की मां पर लिखी कविता की भावुक प्रस्तुति से लोगों की आंखें नम हो गयी। हास्य कवि बादशाह प्रेमी ने लोगों को खूब हसाया। आजमगढ़ से पधारे मयकश आजमी ने गजल गीतों से लोगों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। कुमार शैल सत्यार्थी,विनय कुमार शुक्ल , कृष्णदेव घायल व अंशुमान शुक्ल ने अपनी रचनाओं को पढ़ा लोग कवियों के गीतों व मुक्तक का आनंद ले रहे थे। कार्यक्रम का संचालन शिव प्रसाद शाही ने किया तथा अध्यक्षता वयोवृद्ध कवि राम कृष्ण मिश्र सरस जी ने की। स्व रामाश्रय मिश्र उजबक आजमगढी के सुपुत्र राजेश मिश्रा ने कहा की मेरे पिता जी का लगाव गोरखपुर व देवरिया से काफी जुड़ा रहा मैं उसे बरकरार रखूंगा पिता जी के बनाए संबंधों का निर्वहन करुंगा। कार्यक्रम के अन्त में सुधाकर तिवारी ने आए हुए सभी आगंतुकों व कवियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कवि सम्मेलन में प्रधान अनिल शाही मुख्तार शाही ,राम नगीना त्रिपाठी, संजय मिश्रा, राधामोहन सिंह,पी पी ए संयोजक जे पी गुप्ता, महेंद्र प्रताप सिंह,विजय मोदनवाल,दिनकर चंद, मुन्ना चन्द, संदीप मोदनवाल, आशीष राय, नागेन्द्र पाण्डेय, अनुराग सिंह, हरिओम सिंह, जितेन्द्र शर्मा, मंडल अध्यक्ष अजीत वर्मा, राकेश सिंह, सन्तोष चन्द, श्याम सुंदर, सन्त कुमार सिंह, कृपाशंकर सिंह, राहुल हरेंद्र सिंह,सरितेश मिश्र, सुनील शाही दीपक तिवारी सहित अनेकों लोग मौजूद रहे।

### समाज को नयी दिशा देती है कवियों की कविता : शिवाजी चन्द

काल्यांजलि कार्यक्रम का बतौर मुख्य अतिथि शुभारंभ करते हुए गगहा ब्लाक प्रमुख शिवाजी चंद ने कहा कि कवि अपनी कविता व गीत के माध्यम से समाज में व्याप्त बुराइयों पर लोगों का ध्यान आकृष्ट करते हुए समाज को नई दिशा भी देते हैं।कवियों की कविता मनोरंजन के साथ ही मनुष्य के अन्दर छिपी चेतना को जागृत करती है। विशिष्ट अतिथि क्षेत्राधिकारी वासगांव दरवेश कुमार व थाना प्रभारी गगहा गौरव कुमार वर्मा ने उजबक आजमगढ़ी को श्रद्धा-सुमन अर्पित करते हुए कार्यक्रम की सराहना किया।

# बीमारू राज से यूपी सबसे मजबूत राज्य बनकर उभरा: सिद्धार्थ



बकेवर, इटावा। पूर्व विधायक सिद्धार्थ शंकर ने कहा कि प्रदेश में योगी सरकार के कार्यकाल में जो विकास कार्य हुए वे जनता के सामने हैं। मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश बीमारू राज्य से सबसे मजबूत राज्य बन चुका हैं। उन्होंने सपा मुखिया अखिलेश यादव के गोशालाओं से प्रदेश में दुर्गंध फैलने वाली बात पर कहा कि गाय से दुर्गंध फैलने वाली बात करने वाले गाँव, किसान, पशुपालकों का अपमान कर रहे हैं। पूर्व विधायक डॉ. सिद्धार्थ शंकर गुरुवार को कस्बा बकेवर में प्रेसवार्ता में भाजपा कार्यकताओं के साथ प्रदेश की योगी सरकार के आठ साल में कराये गए कार्यों उपलब्धियों का बखान कर रहे थे।पूर्व विधायक ने कहा कि योगी सरकार में इटावा जनपदों के कई पुराने मंदिरों के उत्थान के लिए काफी धनराशि प्रदान की है। पहले आज तक किसी सरकार ने इस बारे में नहीं सोचा था।प्रदेश में अपराध बहुत ही कम हुए हैं ।अपराधी भयभीत है। कानून व्यवस्था काफी सुद्रढ़ है। प्रदेश में चिकित्सा और स्वास्थ्य के मामले में काफी विकास हुआ है ।प्रदेश में 8 राजकीय आयुर्वेदिक आयुष हेल्थ वेलनेस सेंटर खोले गए ।सरकार की सभी योजनाओं का लाभ प्रदेश की सभी वर्गों के पात्रों तक बिना भेदभाव के पहुंच रही हैं। उनको उसका लाभ मिल रहा है प्रदेश की व जिले की सांस्कृतिक विरासत के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है प्रदेश में राम मंदिर का निर्माण कराया गया इसके अलावा किसानों को सम्मान निधि दी जा रही है जिससे किसान खुश हैं प्रदेश में कई करोड़ पौधे लगाए गए। प्रेस वार्ता के दौरान पूर्व चेयरमैन बकेवर विनोद दोहरे, सहकारी संघ बकेवर के अध्यक्ष बृजेश शर्मा, नगर पंचायत बकेवर के पूर्व भाजपा प्रत्याशी डॉक्टर संजय दीक्षित, पूर्व मंडल अध्यक्ष बकेवर सुशील शाक्य, विनोद सिंह चैहान महामंत्री प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# सांसद ने गोरखपुर में तारामंडल की सदन में उठाई मांग

- केंद्र सरकार से स्थापना का अनुरोध
- गोरखपुर सांसद रविकिशन शुक्ल ने सदन में उठाई मांग



**गोरखपुर।** पूर्वांचल का सबसे बड़ा महानगर होने के साथ शिक्षा, व्यापार और पर्यटन का प्रमुख केंद्र है। यह न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि बिहार के लगभग 20 ज़िलों की आवश्यकताओं को भी पूरा करता है। यहाँ रेलवे का विशाल नेटवर्क और अंतरराष्ट्रीय स्तर का हवाई अड्डा मौजूद है। गोरखपुर और आसपास के क्षेत्रों के छात्र अत्यंत मेधावी हैं और उनमें अपार संभावनाएँ हैं। यहाँ विश्वविद्यालय और चिकित्सा महाविद्यालय होने के बावजूद, खगोलीय ज्ञान और विज्ञान से जुड़ी शिक्षा के लिए कोई तारामंडल (प्लैनेटेरियम) उपलब्ध नहीं है। विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान की जानकारी देने के लिए एक आधुनिक तारामंडल की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। राज्य सरकार गोरखपुर में तारामंडल की स्थापना के लिए आवश्यक सहयोग देने को तैयार है।ऐसे में केंद्र सरकार से आग्रह किया गया है कि गोरखपुर में एक तारामंडल की स्थापना के लिए शीघ्र निर्णय लिया जाए।यह न केवल क्षेत्र के विद्यार्थियों को खगोलीय विज्ञान से जोड़ेगा, बल्कि उनके बौद्धिक विकास में भी सहायक होगा। गोरखपुर के सांसद रवि किशन शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गोरखपुर और पूर्वांचल नए युग की ओर बढ़ रहा है। यह विकास नहीं, बल्कि एक क्रांति है, जिससे हर नागरिक को सशक्त बनाया जा रहा है। गोरखपुर में तारामंडल की स्थापना से पूर्वांचल के विद्यार्थियों को वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का अवसर मिलेगा। इस दिशा में केंद्र सरकार से जल्द निर्णय लेने की अपील की गई है।

# डबल इंजन की सरकार ने दी विकास को रफ्तार : विधायक

- विधायक ने गिनाया सरकार की उपलब्धियां

चौरीचौरा, गोरखपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के आठ साल पूरे होने पर विधानसभा चौरीचौरा के विधायक इंजीनियर सरवन निषाद ने चौरीचौरा स्थिति कमलावाटिका में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार की उपलब्धियों को गिनाया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उप्र0 के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। विधायक ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार के समन्वय से स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क, बिजली, पेयजल और किसान कल्याण के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ गरीबों और किसानों को मिला है ।विधायक ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकारों में जनता विकास से वंचित रही, लेकिन मोदी-योगी सरकार ने सबका साथ, सबका विकास के मंत्र को साकार किया है। उन्होंने जनता को आश्वासन दिया कि विकास कार्यों की गति आगे भी जारी रहेगी। उक्त अवसर पर ब्लाक प्रमुख सरदार नगर के प्रमुख प्रतिनिधि हरेन्द्र यादव, पूर्व चेयरमैन जेपी गुप्ता, मंडल अध्यक्ष तारकेश्वर जायसवाल, राजकुमार गुप्ता अभिजीत जायसवाल, रामदुलारे चौधरी, योगेंद्र जायसवाल, संजय वर्मा नेमधारी पासवान सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।



# जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर को पुलिस के सुपुर्द किया



बकेवर, इटावा।लवेदी थाना क्षेत्र में जोरों पर चल रहा मिट्टी का अवैध खनन परिवाहन पर खनन अधिकारी प्रदीप कुमार राज ने कार्यवाही करते हुऐ मिट्टी का अवैध खनन कर रहे मिनी जेसीबी मशीन सहित एक ट्रैक्टर को सीज किया साथ ही पकड़े गये मिनी जेशीबी मशीन सहित ट्रैक्टर को थाना लवेदी पुलिस को सुपुर्द किया गया। जिला खनन अधिकारी प्रदीप कुमार राज नें लवेदी क्षेत्र में सक्रिय खनन माफियाओं की कमर तोड़ते हुए की बड़ी कार्यवाही की है जिला खनन अधिकारी प्रदीप कुमार राज नें लवेदी क्षेत्र में मिट्टी का अवैध खनन परिवहन कर रहे मिनी जेसीबी लिफ्टर व ट्रेक्टर-ट्रॉली को सझ किया। खनन अधिकारी का कहना हैं कि लवेदी थाना क्षेत्र में खनन माफिया मौका पाकर मिट्टी का अवैध खनन करते हैं। लवेदी क्षेत्र के बरौली में जिला खनन अधिकारी नें घेराबंदी करते हुए मिनी जेसीबी लिफ्टर व 1 ट्रेक्टर ट्रॉली को मिट्टी का अवैध खनन करते हुए पकडकर सीज करते हुए लवेदी थाने में पुलिस की सुपुर्दगी में खड़ा करा दिया खनन अधिकारी प्रदीप राज की इस बड़ी कार्यवाही से खनन माफियाओं में हड़कंप मचा हुआ हैं।खनन अधिकारी प्रदीप कुमार राज नें बताया कि लवेदी क्षेत्र में मिट्टी खनन नितांत चलता रहता है और इसपर अंकुश लगाने के लिए मेरे द्वारा जिलाधिकारी व एसएसपी इटावा को गोपनीय रिपोर्ट भेजी जाएगी।

# सपा सांसद के घर पर हमले पर प्रदेश सचिव भड़के

इटावा।समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के आवास पर करणी सेना द्वारा किए गए हमले पर सपा प्रदेश सचिव गोपाल यादव ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। यादव ने कहा कि सुमन जी ने जो बयान दिया था, वह इतिहास के आधार पर था और सदन में दिया गया था।उन्होंने कहा कि सांसद के घर पर हमला करना लोकतंत्र के लिए खतरनाक संकेत है।उनका मानना है कि रामजी लाल सुमन दलित समाज से होने के कारण कुछ सामंतवादी लोगों को उनका बयान पसंद नहीं आया।प्रदेश सचिव ने वर्तमान सरकार पर भी निशाना साधा।उन्होंने कहा कि आगरा में भाजपा के विधायक और पूर्व मंत्री स्वतंत्रता सेनानी की शव यात्रा में आपस में लड़ रहे थे।उन्होंने सरकार को लूट की सरकार बताते हुए कहा कि किसानों को खाद के बदले लाठियां मिल रही हैं।यादव ने कई मुद्दों पर सरकार को घेरा।उन्होंने बेरोजगारी, महिला सुरक्षा और पुलिस की बेलगाम कार्रवाई का मुद्दा उठाया। उन्होंने विद्युत कर्मियों द्वारा महिलाओं की मयार्दा का उल्लंघन, स्वास्थ्य विभाग में भ्रष्टाचार और अवैध खनन के मुद्दे भी उठाए।उन्होंने कहा कि 2027 के चुनाव में जनता इस सरकार को सबक सिखाएगी।

# पछुआ हवा ने दी दस्तक,जल गये किसानों के अरमान

## मौके पर पहुंची पुलिस और फायर ब्रिगेड

जिला संवाददाता (vol)

मझगांवा,गोरखपुर।पछुवा हवा ने जैसे ही दस्तक दी बिजली ने किसानों के अरमानों को कर दिया खाक गगहा थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोठा के अहिरौली मौजे में दोपहर करीब बारह बजे गुरुवार को उठी तेज पक्षुआ हवा के कारण विद्युत तार टकरा जाने से निकली चिंगारी से करीब दस एकड़ गेहूं फसल जलकर राख हो गयी ।सुचना पर पहुंची गगहा पुलिस व फायर ब्रिगेड ग्रामीण के साथ अथक प्रयास से आग पर काबू पाया गया नहीं तो पूरा मौजा जलकर राख हो जाता।

आग लगने से कोठा निवासी अनिरूद्ध, लालसाहब सिंह, विनय सिंह ,रेनू सिंह, पवारू गौड़ ,उमेश गौड़, सतीश गौड़ , राकेश प्रजापति , रामानंद यादव , राजनाथ यादव, गामा यादव का 10 एकड़ फसल जलकर खाक हो गया। सूचना पर लेखपाल मुक्तामणि मौके पर पहुंचे और आगजनी से हुई क्षति का आकलन किया। विजली की शार्ट सर्किट से सिहाइजपार निवासी राम सहाय,राम आशीष चम्पा देवी व गांगूपार निवासी अनिल सिंह की करीब 5 एकड़ फसल जलकर खाक हो गयी। आगलगी व विद्युत कटौती रोकने के लिए बदलना था जर्जर तार

गर्मियों के मौसम में बिजली के ढीले तार अक्सर किसानों के लिए मुसीबत का सबब बन जाते है।हवा के झोंके के कारण अक्सर हवा के झोंकों से टकराहट या पक्षियों के बैठने से चिंगारी किसानों के पके हुए खेतों में गिरती थी और आग का गोला बन विकराल रूप ले लेती थी साथ ही गर्मी में पूरे दिन विद्युत कटौती का दंश भी ग्रामीणों को झेलना पड़ता था।इसके लिए सरकार ने सभी जर्जर तारों व उपकरणों को बदलने के लिए आर डी एफ एस कार्य दायी संस्था को दिया गया।लेकिन अभी तक उस पर सुचारू रूप से काम न होने के कारण पहले ही दिन पक्षुआ हवा में आगजनी की घटनाओं में इजाफा हो गया।गगहा क्षेत्र में अधिकांश एस टी और एल टी लाइनों के तार जर्जर हालात में खेतों में झूल रहें हैं लेकिन अभी कार्य दायी संस्था की नजर उन तारों पर नहीं पड़ी।इस संबंध में विद्युत अवर अभियंता विजय शंकर ने कहा कि जो पहले से स्वीकृत था।उसे बदला जा चुका है और जो बाकी है उसका सर्वे कर भेजा गया है स्वीकृति मिलते ही जर्जर तार बदल दिए जाएंगे और बीच में दूरी होने पर नये पोल लगाए जाएंगे।

# पति की हत्यारोपी पत्नी का जेल में ड्रामा

## प्रेमी से मिलने की जिद पर अड़ी आरोपी



इटावा।शादी के महज 14 दिन में ही पति की सुपारी देकर हत्या कराने वाली पत्नी ने इटावा जेल में ड्रामा शुरू कर दिया है। हत्यारोपी पत्नी प्रगति यादव अपने प्रेमी अनुराग यादव और अपने माता पिता से मिलने की जिद कर रही है। उसने खाना खाने से भी इनकार कर दिया है।

हत्यारोपी प्रगति यादव और उसके प्रेमी अनुराग यादव को रविवार शाम 6.30 बजे इटावा जिला जेल में लाया गया है।जहां दोनों को अलग-अलग महिला-पुरुष कारा में रखा गया है।जेल प्रशासन के अनुसार रविवार शाम से ही प्रगति अपने प्रेमी और माता-पिता से मिलने की जिद कर रही है। जिसके कारण उसने अब तक खाना नहीं खाया है।प्रगति महिला कारा में गुमशुम बैठी रहती है। दूसरी महिला बंदियों और कैदियों से बात भी नहीं कर रही है।खाना भेजने पर उसे लौटा दे रही है। वहीं, प्रेमी अनुराग यादव पुरुष बैरक में गुमसुम बैठा है, लेकिन समय से भोजन कर रहा है। जेल प्रशासन ने इस बाबत प्रगति से बात की है।जेल अधिकारियों ने उसे सांत्वना दी कि माता-पिता अगर मिलने आते हैं तो निश्चित रूप से मुलाकात कराई जाएगी। पर प्रेमी अनुराग यादव से मुलाकात संभव नहीं है। क्योंकि वह भी इसी जेल में बंद है और उससे मुलाकात कराना जेल की रूल बुक के खिलाफ है।

औरैया जिले में शादी के महज 14 दिन बाद पत्नी ने प्रेमी संग मिलकर पति की हत्या की साजिश रची।हत्या के लिए 2 लाख रुपये की सुपारी दी गई थी।पुलिस ने मामले का खुलासा कर पत्नी, प्रेमी और सुपारी किलर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मृतक दिलीप यादव हाइड्रा मशीन चलाने का काम करता था।उसकी शादी 5 मार्च 2025 को प्रगति से हुई थी। लेकिन प्रगति पहले से ही अनुराग यादव से प्रेम संबंध में थी और शादी उसकी मर्जी के खिलाफ हुई थी।पति को रास्ते से हटाने के लिए उसने प्रेमी संग मिलकर रामजी नागर नामक सुपारी किलर को 2 लाख रुपये की सुपारी दी। 19 मार्च को दिलीप को बहाने से खेत में बुलाया गया, जहां उसे बुरी तरह पीटा गया और गोली मार दी गई। हमलावर उसे मरा समझकर फरार हो गए। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों के आधार पर 24 घंटे के भीतर प्रगति, अनुराग और रामजी नागर को गिरफ्तार कर लिया। जिला जेल प्रशासन के मुताबिक, रविवार को तीनों आरोपियों को जेल भेजा गया था। महिला बैरक में बंद प्रगति यादव खाने से इनकार कर रही है और प्रेमी से मिलने की जिद पर अड़ी है।जेल अधिकारी उसे समझाने में लगे हैं। दूसरी ओर, पुरुष बैरक में बंद अनुराग यादव शांत बैठा रहता है और समय पर खाना खा रहा है।

## महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला की तहरीर पर चौरीचौरा पुलिस ने युवक के विरुद्ध धारा 87 के तहत दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। चौरीचौरा की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि दस दिन पूर्व मेरी पुत्री दवा लेने गई थी। और वह जब वापस घर नहीं लौटी ।

# देश का चौथा सिग्नेचर ब्रिज चंबल इटावा में बनेगा

## कई सड़कों व पुलों का कराया गया निर्माण : विधायक




इटावा। सदर विधायक सरिता भदोरिया ने कहा है कि इटावा में सिग्नेचर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है, जिसके लिए भूमि पूजन किया जा चुका है।यह देश का चैथा सिग्नेचर ब्रिज होगा। जिसका निर्माण इटावा में कराया जाएगा। यह जिले की ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने यह भी बताया कि 2 साल के समय में इस ब्रिज के निर्माण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा।2027 में इस सिग्नेचर ब्रिज से वाहन गुजरते लगेंगे।इसके लिए उन्होंने काफी प्रयास किया और सरकार ने सिग्नेचर ब्रिज बनाए जाने को मंजूरी दी है जिसका काम भी शुरू हो गया है। सरकार के 8 साल पूरे होने पर भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए सदर विधायक सरिता भदोरिया ने कहा कि इसके अतिरिक्त इटावा में कई पुलों और सड़कों का निर्माण कराया गया है ।एनएच का चैड़ीकरण कराया गया है तथा रुरा में पुल प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि बसरेहर में 27 किलोमीटर बाईपास के निर्माण का कार्य कराया जा रहा है। इसके साथ ही रामनगर रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज का निर्माण चल रहा है उनका प्रयास है कि ओवर ब्रिज का निर्माण जल्द पूरा किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विक्टोरिया मेमोरियल हॉल को बेहतर तरीके से सजाया संवारा जाएगा और इसमें एक आकर्षक पुस्तकालय का निर्माण भी कराया जाएगा । सदर विधायक ने बताया कि इटावा की नगर पालिका को नगर निगम बनाए जाने और इकदिल को ब्लॉक बनाए जाने के लिए वे पूरी तरह प्रयास कर रहीं हैं और ऐसी संभावना है कि जल्द ही इटावा नगर निगम और इकदिल ब्लॉक बन जाएगा। वार्ता के दौरान जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता, भाजपा नेता जितेन्द्र गौड, हरनाथ सिंह, रोहित शाक्य, बिरला शाक्य मौजूद रहीं। मुख्यमंत्री से कराएंगे अटल की प्रतिमा का अनावरण सदर विधायक ने कहा कि डीएम चैराहे पर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा लगाई जा रही है। इसका अनावरण मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से कराया जाएगा। उन्होने कहा कि सिग्नेचर ब्रिज की विधिवत शुरूआत और विक्टोरिया मेमोरियल हॉल का लोकार्पण सहित इन कुछ अन्य कामों के लोकार्पण के लिए मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी से कार्यक्रम लिया जाएगा ।

# बेसहारा बच्चों को मिलेगी निःशुल्क शिक्षा

इकदिल, इटावा। आदर्श प्राथमिक विद्यालय व इंडियन एकेडमी मोहल्ला कायस्थान इकदिल में आगामी एक अप्रैल से शुरू होने जा रहे शिक्षा सत्र में गरीब व बेसहारा बच्चों को निशुल्क शिक्षा प्रदान की जायेगी। उक्त जानकारी देते हुए एकेडमी के प्रबन्धक रामअवतार तिवारी व प्रधानाचार्य डॉ.सुशील सम्राट ने बताया कि विद्यालय की संस्थापिका स्व. शकुन्तला तिवारी की पुण्य स्मृति में 10 गरीब व बेसहारा बच्चों को निशुल्क शिक्षा दी जायेगी स उन्होंने बताया कि कक्षा 1 से 5 तक की सभी कक्षाओं में दो-दो बच्चों का निशुल्क प्रवेश के साथ ही पूरे सत्र का शुल्क भी माफ रहेगा और पाठय पुस्तकें आदि सामग्री भी निशुल्क उपलब्ध करायी जायेगी।

# बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत

उदी, इटावा। बढपुरा थाना क्षेत्र उदी-चकरनगर मार्ग स्थित ग्राम नगला अजीत के पास दो बाइकों की आमने-सामने की भिंडत में एक बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। जबकि दूसरा बाइक को मौके पर छोड़कर भाग निकला। स्थानीय लोगों द्वारा गंभीर घायल को ऐंबुलेंस बुलाकर लिए सीएचसी उदी भेजा गया जहां उसकी इलाज के दौरान सैफई अस्पताल में मौत हो गई। थाना बढ़पुरा के ग्राम कुंडेश्वर के समीप स्थित बढपुरा आवासीय कालौनी निवासी राजेंद्र कुमार पुत्र सुदामालाल दो दिन पहले फसल की कटाई के लिए उक्त थानां के ही ग्राम नगला अजीत में अपनी बहन के घर आया हुआ था। गुरुवार दोपहर बाइक से कस्वा उदी मोड़ पर सामान लेने आया था। सामान लेकर वह वापस नगला अजीत लौट रहा था। कि तभी उपरोक्त स्थान पर सामने से आ रहे बाइक सवार ने टक्कर मार दी।

# झोपड़ी में लगी आग से सामान जलकर राख

बकेवर, इटावा। लवेदी थाना क्षेत्र के ग्राम बहादुरपुर भूसे की कोठरी में अज्ञात कारणों से लगी आग की चिंगारी झोपड़ीनुमा घर में गिरने से झोपड़ीनुमा मकान सहित मजदूर का घर गृहस्थी का सामान जलकर राख हुआ। ग्रामीणों ने मशक्कत के बाद आग पर बामुश्किल काबू पाया। ग्राम बहादुरपुर में गुरुवार को साढ़े 11 बजे के करीब बड़े सिंह पुत्र सियाराम की झोपड़ीनुमा कोठरी में रखें भूसे में अज्ञात कारणों के चलते आग उस समय लग गई जब गर्म हवा भी तेजी से चल रही थी जिसके चलते आग की एक चिंगारी पडोस के ही रामबहादुर पुत्र शिवनारायण के मिट्टी की कच्ची दीवारों पर रखें छप्पर पर आ गिरी, चिंगारी के गिरते ही तेज हवा ने भी चिंगारी का जब साथ दिया तो झोपड़ीनुमा मकान धूं धूं कर जल उठा घटना के समय घर में मौजूद सभी सदस्य खेतों में काम करने गए थे। ग्रामीणों ने जब रायबहादुर के घर को आग की लपटों से घिरा देखा तो गांव में कोहराम मच गया ग्रामीणों को जो साधन मिला उसी से आग बुझाने के प्रयास में जुट गए ग्रामीणों ने आग पर जब तक काबू पाया तब-तब झोपड़ीनुमा घर सहित उसके अंदर रखा एक क्विंटल गेहूं सहित सभी घर गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। पीड़ित रायबहादुर ने बताया कि उसके परिवार में उसकी पत्नी सहित सात सदस्य हैं ।

# विद्युत तार से निकली चिंगारी से लगी खेतों में आग

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के ग्राम सभा चौरी के टोला सतहवा पच्छिमी में गुरुवार को विद्युत तार से निकली चिंगारी से खेतों में खड़ी फसल जलकर राख हो गई। खेतों में उठती आग की लपटों को देख कर ग्रामीणों ने अथक प्रयास के बाद आग को बुझाया।

बताते चलें कि गुरुवार को दिन में काफी तेज हवा चल रही थी। क्षेत्र के ग्राम सभा चौरी के टोला पच्छिमी सतहवा स्थित गांव के ही सुभाष पासवान एडवोकेट,राम मिलन पासवान, विशाल पाल, राकेश पासवान सहित कई अन्य लोगों के खेत में खड़ी फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों के अनुसार उक्त आग विद्युत तारों से निकली चिंगारी से लगा होना बताया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि लगभग दो बीघा खड़ी फसल आग की चपेट में आने से जल गई है। ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया गया। लोगों ने बताया कि फायर ब्रिगेड की गाड़ी आग बूझने के बाद पहुंची थी।

सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र नीरज कुमार शुक्ला व पुत्रवधू सुषमा देवी एवं पौत्र अंश शुक्ला व पौत्री अंशिका शुक्ला को उनके चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से तथा जिला सीतापुर स्थित 640 स्क्वायर फिट का मकान जो गुप्ता कॉलोनी तरीनपुर, सीतापुर से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उक्त के द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **वीरेश चन्द्र शुक्ला पुत्र स्व. छेदी लाल शुक्ला नि.- सी-7, जल संस्थान कर्मचारी आवास ऐशबाग, राजेन्द्रनगर, जिला-लखनऊ।**

संक्षेप

## सीएचसी से मरीज ले जाने को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से अपने निजी अस्पताल ले जाने को लेकर दो पक्षों में भिड़ंत हो गई। राहगीरों ने किसी तरह दोनों पक्षों को समझा बुझाकर मामला शांत कराया। शहर में दर्जनों अस्पताल अवैध रूप से संचालित हो रहे हैं जहां न तो प्रशिक्षित डॉक्टर हैं और न ही स्टाफ। मरीज को लुभावने सपने दिखाकर अपने अस्पताल ले जाने को विवश कर देते हैं। इतना ही नहीं इन अस्पतालों के दलाल काफी सक्रिय हैं। सीएचसी गेट के सामने अक्सर उन अस्पतालों की एंबुलेंस खड़ी देखी जाती हैं। यह सब आशा बहुओं की सांठ-गांठ से हो रहा है। गुरुवार को सीएचसी में दो अस्पतालों के दलाल अपने-अपने यहां मरीज ले जाने को लेकर भिड़ गए। काफी देर तक हंगामा हुआ। दोनों पक्ष कोतवाली पहुंच गए वहां वमुश्किल मामला शांत हुआ। यह कोई पहला मामला नहीं है कई बार मरीज ले जाने को लेकर जूते चप्पल तक चल चुके हैं, पर सीएचसी अधीक्षक और अस्पताल के स्टाफ को इसकी भनक तक नहीं है।

## प्रसव कराने आई महिला की मौत, परिजनों ने काटा हंगामा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। शहर में अवैध अस्पतालों में हो रही मौतों का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर एक निजी अस्पताल में प्रसव कराने आई महिला की मौत हो गई। महिला की मौत होने पर उसके परिवारीजनों ने अस्पताल स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई के लिए जमकर हंगामा किया। इस बीच स्टाफ अस्पताल छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस चैकी बिजुआ के ग्राम फूलपुर निवासी प्रवीण ने प्रसव के लिए अपनी पत्नी कुशमा देवी को वेदान्ता अस्पताल में दो दिन पहले भर्ती कराया था। जिसकी बुधवार की देर रात मौत हो गई। अचानक महिला की मृत्यु हो जाने पर परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया। इसी बीच अस्पताल स्टाफ ने बोर्ड हटा दिया और ताला डालकर फरार हो गया। हंगामा बढ़ने पर अस्पताल में पुलिस पहुंच गई। पुलिस के सामने भी मृतका के स्वजन ने अस्पताल के स्टाफ पर लापरवाही बरतने के आरोप लगाए। इससे पूर्व भी कई अवैध अस्पतालों में जच्चा बच्चा की मौत हो चुकी है।

## बाइक सवारों ने छीनी महिला की चेन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। शहर में ईरिक्शा से घर जा रही महिला एक बार फिर चैन स्नैचिंग की शिकार हो गई। बाइक सवार तीन युवक गले से चैन खींच कर फरार हो गये। जिसके पुत्र ने तीन अज्ञात बाइक सवार युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मोहल्ला राघव कुंज कालोनी निवासी दिनेश भसीन पुत्र देवराज भसीन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि मंगलवार की देर शाम उसकी मां ईरिक्शा से घर जा रहीं थी। इसी दौरान गैस एजेसी वाली गली में तीन अज्ञात बाइक सवार युवक आये और रिक्शा को रोक कर गले से चैन खींचकर फरार हो गये। एक सप्ताह पूर्व भी 70 वर्षीय बुजुर्ग गोदावरी गुप्ता अपनी बहू के साथ सरोज टाकीज के सामने स्थित अपने भाई के घर जा रही थीं। रास्ते में ई-रिक्शा चालक ने अंबेडकर तिराहे के पास चार महिलाओं को बिना पूछे बैठा लिया। एक महिला ने गोदावरी के पैर में बार-बार टक्कर मारकर उन्हें परेशान किया। इसी दौरान दूसरी महिला ने उनके गले से करीब 10 ग्राम की सोने की चेन चुरा ली थी।

## वीरांगना लक्ष्मीबाई आत्म सुरक्षा का प्रशिक्षण संपन्न

मोहम्मदी खीरी। ब्लॉक क्षेत्र के गांव बलमिया बडखर केवट प्राथमिक विद्यालय में वीरांगना लक्ष्मीबाई आत्म रक्षा प्रशिक्षण के समापन पर प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए हैं। कार्यक्रम का संचालन अनुदेशक शचींद्र नारायण दीक्षित ने किया है। गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय पर आयोजित कार्यक्रम मे बतौर मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह और इंचार्ज श्याम कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही 29 छात्राओं को वीरांगना लक्ष्मीबाई आत्म सुरक्षा का प्रमाण पत्र वितरित कर उनकी हौसला अफजाई की है। इस मौके पर गुरचरन सिंह, जगदीश और प्रबंध समिति की अध्यक्ष मोहिनी शुक्ला समेत बड़ी संख्या में छात्राएं मौजूद रही।

# अंत्योदय से सर्वोदय थीम पर हुआ कार्यक्रम

- स्टालों में आईसीडीएस प्रथम, कृषि द्वितीय और आईटीआई ने हासिल किया तृतीय स्थान
- पुलिस चतुर्थ, बेसिक शिक्षा पंचम, 10 विभागों को मिला सांत्वना पुरस्कार



लखीमपुर खीरी। उप्र सरकार के 08 वर्ष पूरे होने पर आईटीआई ओपन ऑडिटोरियम में आयोजित तीन दिवसीय मेले के अन्तिम दिवस ₹अंत्योदय से सर्वोदय₹ थीम पर भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसका शुभारंभ सीडीओ अभिषेक कुमार ने दीप जलाकर, मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मनमोहा, वही सरकारी योजनाओं के संगम ने लाभार्थियों को कई सौगातें दी। कार्यक्रम का सफल आयोजन डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के नेतृत्व में सीडीओ अभिषेक कुमार व उनकी पूरी टीम पीडी एसएन चौरसिया, बीएसए प्रवीण तिवारी, डीपीआरओ विशाल सिंह आदि अफसरों ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने उप्र सरकार के 08 वर्ष पूरे होने पर शासन के निर्देश पर आयोजित तीन दिवसीय मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम में जो प्रस्तुतियां हुई हैं वह विद्यार्थियों और कलाकारों के तपस्या की देन है। सभी प्रतिभागियों में एक अलग कलाकार देखने को मिला है।

उन्होंने मौजूद अधिकारियों, कार्मिकों को सफल कार्यक्रम की बधाई दी। सभी अफसरों ने बेहतरीन कार्य किया, सभी प्रशंसा के पात्र हैं। सीडीओ ने लखीमपुर खीरी को सरकार की ओर से दी गई कई बड़ी सौगातों का जिक्र किया। मेडिकल कॉलेज, गोला छोटी काशी कॉरिडोर जैसे कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं और उल्लेखनीय कार्यों को भी रेखांकित किया। डीएसडब्लूओ तेजस्वी मिश्रा, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अभय कुमार सागर, जिला प्रोबेशन अधिकारी लवकुश भार्गव और जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। अफसरों ने कहा कि सरकार समाज के कमजोर वर्गों, वृद्धजनों, महिलाओं और दिव्यांगजनों के कल्याण के लिए कई योजनाएं चला रही है। छात्रवृत्ति योजना, राष्ट्रीय पारिवारिक लाभ योजना, वृद्धावस्था पेंशन योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना और अन्य योजनाओं की विशेषताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने पात्र लाभार्थियों को इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने के लिए आवेदन प्रक्रिया, जरूरी दस्तावेज, पात्रता मानदंडों के बारे में भी बताया। कार्यक्रम के अंत में परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण एस एन चौरसिया ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले सांस्कृतिक दलों, स्कूली बच्चों, स्टॉल पर मौजूद अधिकारी कार्मिकों के प्रति आभार जताया। उप्र सरकार के 08 वर्ष पूरे होने पर आईटीआई ओपन ऑडिटोरियम में जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय मेले में लगाए गए 40 से अधिक स्टालों में बाल विकास पुष्टाहार ने प्रथम, कृषि ने द्वितीय, आईटीआई ने तृतीय, पुलिस ने चतुर्थ, बेसिक शिक्षा ने पंचम स्थान हासिल किया। इसी के साथ गन्ना, उद्यान, एनआरएलएम सहित 10 विभागों के स्टालों को सांत्वना पुरस्कार के लिए चयनित हुए, जिन्हें सीडीओ अभिषेक कुमार ने सभी विजेता स्टालों को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। उप्र सरकार के 08 वर्ष पूरे होने पर आईटीआई ओपन ऑडिटोरियम में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समां बांध दिया। लोक नृत्य, गायन, नाटक और विभिन्न प्रस्तुतियों ने दर्शकों का दिल जीत लिया। प्रतिभागियों ने अपनी कला का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित लोग मंत्रमुग्ध हो गए। कार्यक्रम में पारंपरिक लोक नृत्य, लोकगीतों पर शानदार प्रस्तुति, नामचीन जादूगर ने समां बांध दिया। खासकर युवा कलाकारों की प्रतिभा को खूब सराहा गया। दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से कलाकारों का हौसला बढ़ाया और आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### लाभार्थियों को मिली योजनाओं की सौगातें

सीडीओ अभिषेक कुमार ने छह दिव्यांगों को व्हीलचेयर, चार दिव्यांगों को बैसाखी, पिछड़ा वर्ग के 90 बच्चों को ओ लेवल सर्टिफिकेट, पांच मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लाभार्थियों को अनुदान का डेमो चेक, पांच लाभार्थियों को राशन कार्ड का वितरण किया गया। इसी के साथ 10 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत ऋण स्वीकृति पत्र एवं डेमो चेक प्रदान किया।

## भाजपा अध्यक्ष ने नवरात्र पर मांस, मुर्गा, अंडा बिक्री पर रोक लगाने को लेकर दिया ज्ञापन

मोहम्मदी खीरी। भारतीय जनता पार्टी नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने एसडीएम को मांस, मुर्गा, अंडा की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने को लेकर ज्ञापन दिया। संबोधित ज्ञापन में नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने कहा हिंदू समाज की आस्था भक्ति और श्रद्धा से जुड़ा नवरात्रि का महापर्व आने वाला है जिसमें खुले में मांस मुर्गा अंडा की बिक्री पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए। जिसमें नगर में शांति सौहार्द एवं धार्मिक आस्था का वातावरण बना रहे। ज्ञापन के दौरान आशीष त्रिवेदी सूरज सूर्य आशीष गुप्ता अवनीश सिंह सुशील वर्मा अनिल कुमार शर्मा सुभाष रस्तोगी राजेश कुमार धनीराम नितिन रस्तोगी सहित भारतीय जनता पार्टी के तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सहकारी गन्ना विकास समिति सामान्य निकाय की बैठक संपन्न

## कई प्रस्ताव हुए पारित

जिला संवाददाता (vol)



**पलियाकलां खीरी।** सहकारी गन्ना विकास समिति की सामान्य निकाय की बैठक निर्धारित समायानुसार पूर्वाह्न 11.00 बजे से समिति अध्यक्ष अभिषेक कुमार अवस्थी की अध्यक्षता में समिति परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में सलवन्त सिंह, तेजिन्दर सिंह, रणजीत सिंह, हरपाल सिंह, रविशंकर मिश्रा, रामप्रकाश, हेमराज, एवं श्रीमती सुखराज कौर, सदस्य प्रबन्ध कमेटी तथा विधायक पलिया प्रतिनिधि के रूप में मण्डल प्रबन्धक शशिशंकर शुक्ला व सम्मानित डेलीगेट्स बंकड़ सिंह, अरविन्द कुमार, तेजपाल, शिवराज राना अन्य प्रतिनिधियों तथा सम्मानित कृषक रमाकान्त पाण्डेय, सेवक सिंह, सुनील शुक्ला, निशान्त कुमार अवस्थी, सोनू पाण्डेय, उत्तम कुमार, जरनैल सिंह, समिति अध्यक्ष भीरा श डा० राकेश सिंह द्वारा बैठक में प्रतिभाग किया गया, चीनी मिल पलिया की तरफ से राजीव तोमर महा प्रबन्धक गन्ना बजाज हिन्दुस्थान शुगर लि० पलिया द्वारा मिल का प्रतिनिधित्व किया गया। साथ ही मिथिलेश कुमार पाण्डेय ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक पलिया, देवेन्द्र कुमार विशेष सचिव, गन्ना समिति पलिया, उपस्थित हुए तथा निम्न प्रस्ताव पारित किये गये-1. वित्तीय वर्ष 2025-26 के समिति बजट का अनुमोदन किया गया।2. पेराई सत्र 2025-26 से चीनी मिलों को की जा रही गन्ना आपूर्ति के सापेक्ष देय गन्ना मूल्य का भुगतान सहकारी गन्ना विकास समिति के माध्यम से कराये जाने पर सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया।3. समिति की फार्म मशीनरी बैंक में हैरो एवं गन्ना गुड़ाई रोटावेटर खरीद कर किसानों को किराये पर उपलब्ध कराये जाने का निर्णय लिया गया।4. समिति के सामयिक लिपिकों को उर्वरक वितरण हेतु समिति के उप खाद गोदामों का प्रभारी बनाये जाने हेतु अग्रिम कार्यवाही हेतु सचिव को अधिकृत किया गया।5. चीनी मिल को की गयी गन्ना आपूर्ति के मूल्य को किसानों को दिलाये जाने हेतु समिति द्वारा समस्त कृषकों की तरफ से न्यायालय में चीनी मिल के विरूद्ध वाद दायर कर प्रभावी पैरवी करने का निर्णय लिया गया।6. चीनी मिल द्वारा समिति क्षेत्र के कृषकों आपूर्ति किये जा रहे कृषि निवेशों की गन्ना मूल्य से कटौती पेराई सत्र के दौरान आपूर्ति की गयी अन्तिम पर्ची से समायोजित करने का प्रस्ताव ध्वनिमत से पारित किया गया।

# इंदिरा पार्क के सुंदरीकरण को लेकर दिया ज्ञापन



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। शहर के अशोक चैराहा स्थित इंदिरा पार्क की मरम्मत कराये जाने की मांग लेकर कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष ने पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिकूं को ज्ञापन सौपा है। कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रहलाद पटेल ने तमाम पार्टी कार्यकताओं के साथ नगर पालिका परिषद कार्यालय पहुंचे और पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू को ज्ञापन दिया। जिसमें कहा गया है कि सदर चैराहे पर स्थित इंदिरा पार्क के जीर्णोद्धार कराया जाना जरूरी है। मांग की गई कि पार्क की रंगाई पुताई कराई जाए, पार्क पर हो रहे अतिक्रमण हटवाया जाये। कांग्रेसियों का कहना है कि पालिकाध्यक्ष ने उन्हें भरोसा दिया है कि चैती मेले से पूर्व इंदिरा चैक पूरी तरह से सुसज्जित होगा।

इस दौरान साथ में रामकुमार वर्मा, केके मिश्रा, पंकज पटेल, प्रेम कुमार वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# 21 विद्यार्थियों को मिले टैबलेट



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। केन ग्रोअर्स नेहरू डिग्री कॉलेज में गुरुवार को 31 विद्यार्थियों में से 21 विद्यार्थियों का टेबलेट दिए गए। इसी के साथ ही फरवरी माह में हुई निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

गुरुवार को महाविद्यालय में टेबलेट वितरित किए गए। सरकार का लक्ष्य है कि सभी विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना है जिससे छात्र/छात्राएं व्यवहारिक रूप से कुशल एवं स्मार्ट बन सकें। उक्त टेबलेट डिबाइस का वितरण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 पंकज सिंह ने किया।

साथ ही नोडल अधिकारी डॉ. अरूण कुमार सिंह ने सभी छात्र/छात्राओं को शुभकामनाएं दी। टेबलेट प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. विष्णु कुमार शुक्ल, प्रमोद कुमार, डॉ. योगेश कनौजिय, डॉ. गौरव अवस्थी, डॉ. आदर्श पटेल, डॉ. प्रशांत सिंह, डॉ. विवेक कुमार सिंह, राजीव कुमार शर्मा एवं डॉ. अमितांशु मिश्र, प्रवीण कुमार गुप्ता, प्रदीप कुमार आदि शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। इसी के साथ कृषि विज्ञान केन्द्र-प्रथम लखीमपुर खीरी एवं केन ग्रोअर्स नेहरू डिग्री कॉलेज गोला के तत्वावधान में 25 फरवरी को हुई फसल अवशेष प्रबन्धन विषय पर आयोजित निबन्ध एवं पोस्टर प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियो को भी पुरस्कृत किया गया। जिसमें अनुष्का वर्मा प्रथम, अतिका नाज, शिल्पी देवी द्वितीय, रूचि मित्रा, अनुरूचि तृतीय, रिहाना रूखसार बानों, इकरा खान अरफा बानों ने सान्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रभारी डॉ. योगेश कनौजिया ने सभी विजयी प्रतिभागियो को शुभकामनाएं दी। इस आयोजन के लिए कृषि विज्ञान केन्द्र का आभार जताया।

# 76 लाभार्थियों को 14 करोड़ का ऋण वितरण : डीएम

सिद्धार्थनगर, 27 मार्च। प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की उपस्थिति में अम्बेडकर सभागार में मेगा ऋण कैंप का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही की द्वारा जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की उपस्थिति में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के 76 लाभार्थियों को लगभग धनराशि रू0 14 करोड़ का ऋण वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मा0 विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही ने कहा कि उ0प्र0 सरकार द्वारा व्यापारियों के लिए मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना लायी गयी है। प्रदेश सरकार द्वारा उद्योग स्थापित कराकर उसके माध्यम से अन्य लोगों को भी रोजगार से जोड़ने का कार्य कर रही है। जिसके लिए 05 लाख तक का ब्याजरहित ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे उद्योग स्थापित कर जनपद के विकास में अपना योगदान करें। जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना के अन्तर्गत शासन से जनपद का लक्ष्य 700 प्राप्त हुआ है, जिसके सापेक्ष 1327 आवेदन पत्र आनलाइन प्राप्त हुआ है। विभिन्न बैंकों द्वारा 494 आवेदन पत्र स्वीकृत किया गया है, जिसके सापेक्ष 242 लाभार्थियों को धनराशि का वितरण किया जा रहा है।

# हवन-पूजन के साथ राजेन्द्र गिरि अकादमी का नया सत्र शुरू



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी का नवीन सत्र हवन-पूजन के साथ विधि-विधान से शुरू हो गया। श्री राजेन्द्र गिरि मेमोरियल अकादमी का हवन पूजन का कार्य पं० मुन्ना शास्त्री ने मुख्य यजमान विद्यालय के प्रबंधन निदेशक विधायक अमन गिरि से सम्पन्न करवाया। समस्त आगंतुकों ने स्व० राजेन्द्र गिरि की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर तथा स्व0 अरविंद गिरि के चित्र पर पुष्पार्चन करयाद किया। इस सत्र से विद्यालय में मानविकी वर्ग भी प्रारम्भ किया गया है। जिसकी सफलता के लिए ईश्वर से प्रार्थना की गयी। हवन पूजन के अंत में प्रसाद वितरण किया गया। हवन पूजन कार्यक्रम में विद्यालय संरक्षक जनार्दन गिरि, निदेशक मोहित पुरी, प्रधानाचार्य मुदित शाह, मोंटी गिरि, महेंद्र गिरि, देवेन्द्र गिरि, रामगुलाम पाण्डेय, सुरेन्द्र शर्मा, विजय सिंह चैहान, विकास शुक्ल, जगदीश नारायण अवस्थी, विद्यालय के समस्त शिक्षक -शिक्षिकायें व छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

# चैती मेले में रहेंगी सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त

- चैती मेले की तैयारी को लेकर नपपा में हुई बैठक




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। ऐतिहासिक चैती मेले की तैयारियों को लेकर नगर पालिका परिषद में बैठक आयोजित हुई। जिसमें शहर के लोगों ने ऐतिहासिक चैती मेले सम्बंधित अपने-अपने सुझाव रखे। ऐतिहासिक चैती को लेकर गुरुवार को नगर पालिका परिषद में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में बैठक होनी थी। बैठक में उनके न पहुंचने पर स्थानीय लोगों से अधिकारियों ने सुझाव मांगे। सेंट्रल बार एसोसिएशन के पूर्व महामंत्री राकेश त्रिपाठी ने सुझाव दिया कि चैती मेले में दूरराज के तमाम भक्त आते हैं। ऐसे में स्टेशन रोड की दशा जर्जर है। जिस पर ध्यान देने की जरूरत है, पर उसे किसी ने गंभीरता से नहीं लिया। अरुण अवस्थी ने सुझाव दिया कि शहर में ई रिक्शा जाम की समस्या का प्रमुख कारण बने हैं जो मेला मैदान के सभी गेटों पर खड़े रहते हैं। इससे हर समय जाम लगा रहता। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। व्यापार मंडल के शहर अध्यक्ष पारस प्रसाद मिश्र ने सुझाव दिया कि मेला मैदान में फुटपाथ को हर हाल में खाली रखना जरूरी है। इस पर ध्यान दिया जाए। इसके साथ ही तमाम लोगों ने सुझाव दिए। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी पवन गौतम ने कहा कि चैती मेला की सुरक्षा के लिए पूरी पुलिस तैयार है। मेले में पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। हर स्थिति पर नजर रखी जाएगी। एसडीएम विनोद गुप्ता ने कहा की चैती मेले में किसी भी चीज की कमी नहीं होने दी जाएगी। सभी कलाकारों को मंच पर स्थान मिलेगा। चैती मेले के दौरान सिनेमा चैराहे पर जो बसे रोड पर खड़ी होती है उनके लिए भी व्यवस्था कराई जा रही है जिससे कोई जाम की स्थिति न बने। सीओ गवेन्द्र पाल गौतम ने कहा कि चैती मेले में सुरक्षा व्यवस्था के लिए चैकी बनाई जाएगी। वहां पर लोड ज्यादा रहता है इसलिए बिजली, पीडब्ल्यूडी विभाग समेत जो भी संबंधित अधिकारी है वहां पर मौजूद रहेंगे। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि चैती मेले के दौरान सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएगी। दुकानदारों को 24 घंटे बिजली सप्लाई मिलेगी। बैठक में ईओ सुरेंद्र कुमार, सीएचसी प्रभारी डॉक्टर गणेश कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर रविंद्र पांडे, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी, नानक चंद्र वर्मा, समेत तमाम लोग मौजूद थे।

## लट्ठमार होली के साथ श्रीरामनाम महायज्ञ और रासलीला का हुआ समापन



धौरहरा खीरी। धौरहरा मे चल रहे संत तुलसीदास महोत्सव मे जनकल्याण के लिए आयोजित तुलसीदास की कर्मस्थली रामवाटिका धाम मे 27 लक्ष्य श्रीरामनाम महायज्ञ मे रात्रि की रासलीला मे रासविहार, मयूर नृत्य, व बरसाने की लट्ठमार फूलों की होली लीला का संजीव मंचन किया गया। लीला देखने के लिए धौरहरा सहित आसपास गांव के लोग पहुंचे और रासलीला का आनंद लिया। रासलीला मे पहुंचे धौरहरा विधायक विनोद शंकर अवस्थी, शिक्षा संघर्ष मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेश गंभीर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली धौरहरा सुरेश कुमार मिश्रा ने राधा कृष्ण की आरती कर लीला की शुरूआत की। रामवाटिका धाम का नजारा पूरी तरह से वृंदावन की तरह नजर आया श्रोता भक्ति रस मे सराबोर रहे। रासलीला मे अंतिम दिन बुधवार की रात्रि मे श्री धाम बरसाना से आए कलाकारों ने बरसाने की लट्ठमार होली लीला का मंचन किया। कन्हैया अपने ग्वाल बालो के साथ बरसाने मे राधा रानी से होली खेलने के लिए जाते हैं इस लीला को देखकर श्रोता भाव विभोर हो गए। कार्यक्रम के दौरान कमेटी के द्वारा कार्यक्रम में सहयोग करने वालों को सम्मानित किया गया। इस दौरान समिति संरक्षक भगौती प्रसाद अग्रवाल, अध्यक्ष भगौती प्रसाद शुक्ला, प्रबंधक रामकुमार शर्मा, अचल अवस्थी, अशोक शुक्ला, सुदीप निगम, गोपाल शंकर अवस्थी, योगेंद्र मिश्रा, श्यामबाबू शुक्ला, रामबाबू शुक्ला, शिवबालक दीक्षित, उपेन्द्र मिश्रा सहित कमेटी के सदस्य मौजूद रहे।

## ऐरा में कृषक गोष्ठी का आयोजन



खमरिया खीरी। गोविंद शुगर मिल ऐरा के प्रांगण में कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका संचालन अजीत सिंह चीनी मिल ऐरा के द्वारा किया गया। गन्ना शोध परिषद शाहजहांपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक अधिकारी आर्यन तिवारी द्वारा वैज्ञानिक विधि से गाने की खेती के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मिट्टी की जांच के उपरांत ही संस्तुत उर्वरकों की मात्रा का प्रयोग करने की सलाह दी एवं गन्ने की नवीन प्रजाति जो क्षेत्र के लिए संस्तुत है की बुवाई पर जोर दिया। आर एन तिवारी के द्वारा बताया गया की एक एकड़ में 40000 गन्ने होने चाहिए गन्ना बुवाई ट्रेंच विधि से लाइन से लाइन की दूरी 4 फीट एवं 5 से 5 की दूरी 1 फीट या लाइन से लाइन की दूरी 4.5 फिट एवं पौधे से पौधे की दूरी 1.5 फीट रखनी चाहिए गन्ना किस संस्थान के सहायक निदेशक प्रवीण कुमार कपिल द्वारा बताया गया की 4 साल में एक बार गहरी जुताई जरूर करें इससे खरपतवार पर नियंत्रण होता है पानी का नुकसान कम होता है। पावर हैरो के द्वारा प्रयोग के बारे में बताया खेत की तैयारी के समय गोबर की खाद में 4 किलोग्राम ट्राईकोडरमा प्रति एकड़ प्रयोग करने के बारे में बताया एवं रोग ग्रसित सी ओ 0238 की बुवाई कदापि ना करने हेतु किसानों को जानकारी दी। यूनिट हेड आलोक सक्सेना द्वारा बताया गया की बीज का चुनाव स्वस्थ एवं बीज को शोधित करके बुवाई करें। मिट्टी की जांच कराए। मिट्टी जांच केंद्र आपके चीनी मिल में है। पेड़ी गन्ने में आरएमडी का प्रयोग करें। समूह के माध्यम से पौध का क्रय करके गैप फीलिंग करें। सर्वे के समय कृषक खेत पर पहुंचकर सर्वे कराए। आपकी 90 प्रतिशत समस्या वहीं पर समाप्त हो जाएगी। ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ऐरा घनश्याम सिंह के द्वारा बताया गया कि इस बार गन्ने की रिकवरी अच्छी हुई है रोग ग्रसित सी ओ 0238 की बुवाई कदापि न करने हेतु सलाह दी गई। आपकी चीनी मिल 10 लाख कुंतल गन्ना ज्यादा पेराई कर रही है नवीन उन्नत सील प्रजाति सी ओ एल के 14201 गन्ना प्रजाति की बुवाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है साथ ही ज्येष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक ऐरा द्वारा फार्म मशीनरी बैंक की विस्तृत जानकारी दी गई एवं किराए पर सबके रेट भी बताए गए गन्ना सर्वेक्षण का कार्यक्रम माह अप्रैल 2025 से किया जाना है। गोष्ठी में बैठे समस्त कृषकों को गन्ना सर्वेक्षण कराने हेतु जानकारी दी गई।

## सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं




मितौली खीरी। विकासखंड मितौली सभागार में प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता व पूर्व राज्य सभा सांसद जुगुल किशोर व कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू का खण्ड विकास अधिकारी अमित सिंह परिहार ने बुके देकर स्वागत किया। सहायक खण्ड विकास अधिकारी प्रमोद कुमार, जेई सतीश चंद्र मौर्य ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों को पुष्प गुच्छ अंग वस्त्र देखकर स्वागत अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रवक्ता जुगल किशोर ने उपस्थित जन्म समूह को संबोधित करते हुए कि भाजपा सरकार की कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है, आखिरी पायदान खड़े व्यक्ति का चिंतन करती है मुख्य अतिथि ने विभिन्न विभागों जैसे कृषि उद्योग, जल जीवन मिशन, महिला कल्याण विभाग, बाल विकास, पुलिस, एनआरएलएम चिकित्सा खाद्य सुरक्षा, बेसिक शिक्षा, बैंक, विद्युत विभाग, मिशन नारी शक्ती करण, कृषि विभाग, द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं व महाकुंभ 2025 का सफल आयोजन, महिला सुरक्षा व्यवस्था, देश व प्रदेश में कानून व्यवस्था का राज्य कायम हुआ है कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू ने आशा बहुओं को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रमाण पत्र व गरीब महिलाओं को आवासों की चाभी, सुमंगला योजना के लाभार्थियों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया, पोषण पोटली, अन्नप्राशन, गोद भराई, कार्यक्रम आयोजित किए गए और 8 वर्ष पूर्ण होने के शुभ अवसर पर भाजपा सरकार की उपलब्धियों का बखान किया इस अवसर पर नैमिष कुमार यादव, शमशाद अली, दिनेश मास्टर, सर्वेश सिंह पूर्व मंडल अध्यक्ष, सहित समस्त कर्मचारी, जनप्रतिनिधि भाजपा के देव तुल्य कार्यकर्ता, क्षेत्र के सम्मानित नागरिक महिलाएं मौजूद रहीं।

## निपुण भारत अभियान में नकहा ब्लॉक प्रथम स्थान

लखीमपुर खीरी। जनपद खीरी का नकहा ब्लाक निपुण भारत अभियान में जिले में प्रथम स्थान पर रहा है। वही ईसानगर ब्लाक दूसरे नंबर पर रहा। बीडीओ प्रदीप कुमार नकहा ब्लॉक ने निपुण हुए विद्यालय को अपनी तरफ से प्रशस्ति पत्र भी दिया। बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने बताया कि जिन गांवों के मजरे में विद्यालय हैं, वहां विकास कार्य में विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। बच्चों के गार्जियन को प्रोत्साहन मिल सके। जिस विद्यालय में बच्चे विभिन्न कंपटीशन में सफल हुए हैं वहां के प्रधानाध्यापक को अभियान के तहत ब्लॉक पर बुलाकर उनका मनोबल बढ़ाया जाएगा, जिससे ज्यादा से ज्यादा शिक्षक बच्चों के प्रति संवेदनशीलता के साथ अपने दायित्व के निर्वहन के लिए प्रेरित हों सके।

संक्षेप

## किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज जांच में जुटी पुलिस

**देवरिया**। जिले के सलेमपुर क्षेत्र की एक महिला जिला पंचायत सदस्य के पति पर सदर कोतवाली क्षेत्र में पड़ोस की किशोरी के साथ दुष्कर्म करने का मुकदमा दर्ज किया हुआ है। आरोप है कि 10 दिन पहले किशोरी को बहला फुसलाकर वह देवरिया रेलवे स्टेशन रोड स्थित एक होटल में लाया और कोल्ड ड्रिंक में नशीली पदार्थ मिलाकर पिला दिया बेहोश होने पर उसने यौन शोषण किया। पीड़िता ने परिजनों संग तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। जिले के सलेमपुर की किशोरी 9 वीं की छात्रा है। उसने सदर कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 10 दिन पहले जिला पंचायत सदस्य के पति मनोज उसे घुमाने की बात कहकर देवरिया ले गया। रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में कोल्ड ड्रिंक में नशीली दवा पिला दी। जिससे वह बेहोश हो गई। होश आने पर पता चला कि मनोज कन्नौजिया ने उसका यौन शोषण किया है और अश्लील वीडियो भी बनाया है। घर पहुंचकर छात्रा ने परिजनों को आपबीती बताई। बुधवार को उसने परिजनों के साथ सदर कोतवाली में तहरीर देकर आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। सदर कोतवाली पुलिस ने सलेमपुर क्षेत्र के वार्ड नंबर 39 की जिला पंचायत सदस्य रोली देवी के पति पर पॉक्सो एक्ट, दुष्कर्म और जान से मारने की धमकी देने के मामले में मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। सदर कोतवाली के एसएसआई राम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि आरोपी जिला पंचायत सदस्य पति की तलाश की जा रही है। उसे शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# आठ साल में देवरिया का हुआ खूब विकासः सूर्य प्रताप शाही

**देवरिया**। उत्तर प्रदेश सरकार की ₹सेवा, सुरक्षा और सुशासन₹ नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने पर देवरिया के पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्यप्रताप शाही एवं ग्राम्य विकास राज्यमंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक विक्रांत वीर, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) प्रत्यूष पाण्डेय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे।

- महिलाओं और किसानों के उत्थान पर सरकार प्रतिबद्धः ग्राम्य विकास मंत्री
- अंत्योदय तक विकास ही सुशासन का लक्ष्यः कृषि मंत्री

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री श्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के संयुक्त प्रयासों से प्रदेश एवं देश का तेजी से विकास हो रहा है। यह तीन दिवसीय उत्सव उन महिलाओं और गरीब परिवारों को समर्पित है, जिन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है और मौके पर ही लाभान्वित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'हर घर नल जल' योजना के तहत पांच करोड़ परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया गया है। जनपद में मेडिकल कॉलेज की स्थापना, सड़कों का विकास, रेलवे स्टेशन का आधुनिकीकरण एवं गरीब परिवारों के घरों में बिजली पहुंचाने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए गए हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को लाभ दिया जा रहा है, वहीं प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पात्र लाभार्थियों को आवास उपलब्ध कराए जा रहे हैं। गंभीर बीमारियों से ग्रसित मरीजों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से सहायता दी जा रही है, जबकि आयुष्मान कार्ड योजना के तहत पात्र व्यक्तियों को मुफ्त इलाज की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। सोलर ऊर्जा के लिए आवेदन पोर्टल खोले गए हैं, नलकूप और सिंचाई के लिए बिजली की पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उद्यमी स्वरोजगार योजनाओं के तहत बिना गारंटी पांच लाख रुपये तक के ऋण उपलब्ध कराए जा रहे हैं और रोजगार के अवसर बढ़ाए जा रहे हैं।

ग्राम्य विकास राज्यमंत्री श्रीमती विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि उत्तर प्रदेश के कोने-कोने में विकास की गूंज सुनाई दे रही है। इस कार्यक्रम के माध्यम से जनता को सभी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार शिक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, आवास, पेंशन और सुरक्षा की गारंटी के साथ कार्य कर रही है। जनप्रतिनिधि आमजन तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है, महिलाओं को समान अधिकार प्रदान किए जा रहे हैं और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। प्रदेश का चौतरफा विकास हो रहा है, जिससे उद्यमियों की रुचि प्रदेश में उद्योग स्थापित करने के प्रति बढ़ी है।

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि यह कार्यक्रम संचालित योजनाओं की जानकारी



आमजन तक पहुंचाने के लिए आयोजित किया गया है। केंद्र और प्रदेश सरकार का लक्ष्य है कि भारत निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़े। जनपद में ड्रोन तकनीक के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया गया है, वहीं महिलाओं ने तकनीकी के माध्यम से रोजगार सृजित कर आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाया है। सभी लोग अपने-अपने क्षेत्रों में कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं, जबकि जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विकास कार्य तेजी से पूरे किए जा रहे हैं। दिव्यांगजनों के लिए विशेष कैंप लगाकर उनके चिन्हांकन एवं प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया पूरी की गई है। 'ऑपरेशन कब्जामुक्ति' के तहत अवैध रूप से कब्जाई गई सार्वजनिक भूमि को स्थानीय लोगों के सहयोग से मुक्त कराया जा रहा है।

भाजपा उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने भी केंद्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों पर प्रकाश डाला कार्यक्रम की शुरूआत में संस्कृति विभाग की कलाकार मोहिनी द्विवेदी एवं अंजना मिश्रा ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। इसके अलावा लोकगायक रविंद्र यादव ने भी अपनी प्रस्तुति दी इस भव्य कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान लोगों को सरकार की योजनाओं से अवगत कराते हुए उन्हें इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

इस अवसर पर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र, प्रमाण पत्र, डमी चेक, दिव्यांग बच्चों को आवश्यक सामग्री युक्त बैग, एमएसएमई योजना के तहत साढ़े सात करोड़ रुपये का डमी चेक, कृषकों को कृषि यंत्रों की चाबियां एवं आईटीआई छात्रों को टैबलेट वितरित किए गए। इसके साथ ही, सोलर पंप योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र, सब-मिशन ऑन एग्रीकल्चर योजना के तहत प्रमाण पत्र, पशुपालन योजना के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र एवं एनआरएम योजना के तहत चेक वितरित किए गए दिव्यांगजनों के चिन्हांकन हेतु आयोजित कैंप को सफलतापूर्वक संचालित करने में योगदान देने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्राओं ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें सम्मानित किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम को संचालन के लिए पंकज शुक्ला को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का मुख्य अतिथि, जनप्रतिनिधियों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों ने अवलोकन किया। इस प्रदर्शनी में स्वयं सहायता समूह, आजीविका मिशन, पीएम आवास (ग्रामीण एवं शहरी), समाज कल्याण, पंचायती राज, विद्युत, पशुपालन, उद्यान, कृषि, जल जीवन मिशन, जिला कारागार, पर्यटन, वन, स्वास्थ्य, नगरीय विकास, श्रम, बैंक, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, आयुष, बेसिक शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों की योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया गया। जीआईसी परिसर के न्यू हॉल में विकास कार्यों पर केंद्रित भव्य प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें पिछले आठ वर्षों में जनपद में हुए महत्वपूर्ण विकास कार्यों को चित्रों और सूचनात्मक पोस्टरों के माध्यम से दर्शाया गया। इस प्रदर्शनी का अवलोकन कृषि मंत्री एवं ग्राम्य विकास राज्यमंत्री ने किया। प्रदर्शनी में विद्युत, सिंचाई एवं जल संसाधन, जिला स्वच्छता समिति, कृषि विभाग, उपायुक्त उद्योग, कौशल विकास परिषद, पशुपालन, उद्यान, नलकूप अनुरक्षण खंड, बाल विकास एवं पुष्टाहार, बेसिक शिक्षा, श्रम, समाज कल्याण, ग्रामीण अभियंत्रण खंड और पुलिस विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

# मिट्टी खनन माफियाओं के हौसले बुलंद, जिम्मेदार रोकने में नहीं लेते दिलचस्पी



**कुशीनगर**। इन दिनों मिट्टी खनन का कारोबार बिना किसी रोक टोक के चल रहा है। भोर होते ही ग्रामीण क्षेत्रों में कहीं बंजर भूमि से तो कहीं खेतों में जेसीबी लगाकर मिट्टी खनन शुरू हो जाता है। इतना ही नहीं मिट्टी ढोने के लिए सर्वाधिक कृषि कार्य के लिए पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्रालियों का प्रयोग नियम विरुद्ध किया जा रहा है। खनन विभाग सब कुछ जानते हुए भी इसे रोकने में दिलचस्पी नहीं ले रहा है जबकि पुलिस कहती है कि अवैध खनन रोकना उनका काम नहीं है। मिट्टी खनन माफिया किसी नियम कानून की परवाह किए बगैर अवैध रूप में मिट्टी खनन कराने में लगे हुए हैं।

काबिलेगौर हो कि जनपद के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध मिट्टी खनन करने वालों के हौसले बुलंद हैं। कहना ना होगा कि यहां रसूखदार और नामचीनों के साए में खनन का अवैध कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है। शिकायत के बाद भी जिम्मेदारों द्वारा कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। अवैध खनन करने वाले एक तरफ ग्रामीण व नगर के सड़कों की हालत खराब कर रहे हैं, तो वहीं मानकों को ताक पर रखकर पूरी रात खनन हो रहा है। इनका गिरोह इस कदर सक्रिय है कि एक काश्तकार की मिट्टी निकालने के बाद मेंढ़ों की कटाई इस कदर करते है कि दूसरा काश्तकार भी मजबूरी में अपने खेत की मिट्टी निकलवाने के लिए विवश हो जाए।

### साधारण मिट्टी खनन को लेकर शासन ने जारी किए है दिशा-निर्देश

किसानों और जनसामान्य के द्वारा साधारण मिट्टी का खनन किए जाने के संबंध में योगी सरकार ने निर्देश जारी किए हैं। अब ऑनलाइन व्यवस्था का उपयोग करते हुए 100 घन मीटर तक की मिट्टी खुद के खेतों से खनन और परिवहन के लिए उपयोग में लाई जा सकेगी, लेकिन 100 घन मीटर से अधिक के खनन और परिवहन के लिए परमिट लेना अनिवार्य होगा, ऑनलाइन आवेदन पर डीएम द्वारा अनुमोदन दिया जाएगा। सरकार की ओर से जारी दिशा-निर्देशों में कहा गया है कि किसी भी दशा में प्रदेश से मिट्टी की खुदाई कर दूसरे प्रदेश में परिवहन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

### शासन के गाइडलाइंस का खनन माफिया उड़ा रहे धज्जियां

कहना ना होगा कि मिट्टी खनन को लेकर शासन की तरफ से अधिकतम दो फीट खोदाई का मानक निर्धारित है, लेकिन जिस खेत या भूमि पर जेडीबी मशीनें लगाई जाती हैं। वहां कम से कम चार से पांच फीट की गहरी खोदाई कर दे रहे हैं। जिले के किसी भी क्षेत्र में चले जाएं, इनका कारोबार फलता- फूलता मिलेगा। इन क्षेत्रों के मशीन संचालक बारिश की आशंका देखकर खनन कार्य को और अधिक तेज कर दिए हैं।

### प्रदूषण और धूल से आम जन परेशान

लगातार मिट्टी लदे ट्रैक्टर- ट्रालियों के आवागमन से नगर और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों का बुरा हाल है। कई सड़कें टूट जा रही हैं तो कई पर छह-छह इंच धूल की परत जमी है। ऐसे में सड़क से गुजरने वाले लोगों की मुसीबत बढ़ जाती है। साइकिल सवार हो या बाइक सवारों के कपड़ों पर धूल जम जाती है, वही प्रदूषण और मिट्टी वाली धूल से उनके स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है।

**खनन अधिकारी बोले**

इस संबध मे खनन अधिकारी अभिषेक सिंह का कहना है मिट्टी खनन के लिए आनलाइन अनुमति ली जाती है। खेतो से अवैध मिट्टी खनन की सूचना मिलने पर तत्काल छापेमारी कर ट्रैक्टर-टाली पर जुमार्ना लगाया जाता है इसके साथ ही मुकदमा भी दर्ज करायी जाती है।

# दो गौतस्कर गिरफ्तार, एक को लगी गोली

**कुशीनगर**। पुलिस व साइबर सेल की संयुक्त टीम से पिकअप सवार गो-तस्करों के बीच गुरुवार की सुबह रविंद्रनगरधूस के होरलापुर कसिया टोला कुटी बाग के समीप मुठभेड़ हो गई। इसमें पैर में गोली लगने से एक तस्कर घायल हो गया, जिसकी पहचान कोतवाली पडरौना के गांव जंगल खिरकिया के शमसुल हक के रूप में रूप में हुई। वहीं दूसरे तस्कर जंगल खिरकिया के मुतुर्जा हुसैन को टीम ने दौड़ाकर दबोच लिया। तस्करी में संलिप्त पिता-पुत्र के पास से तमंचा व कारतूस मिला है। घायल तस्कर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पिकअप से नौ गोवंश बरामद हुए।



सदर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय सुबह गश्त पर थे। तभी सूचना मिली कि गोवंश की खेप लेकर तस्कर इस रास्ते की ओर से होते हुए तमकुही से बिहार निकलने की तैयारी में हैं। उच्चाधिकारियों को सूचना दे वह तत्काल होरलापुर की ओर निकल गए और घेराबंदी कर तस्करों की तलाश में जुट गए। इस बीच रविंद्रनगर थाने व साइबर सेल की पुलिस भी आ गई। तभी कुशीनगर जिले का नंबर की पिकअप आते देख टीम ने रुकने का इशारा किया। पुलिस टीम को देख चालक तेज गति से पिकअप को आगे बढ़ाकर गाड़ी खड़ी कर तस्कर समेत फरार हो गए। टीम ने काबिंग कर मुतुर्जा हुसैन को पकड़ लिया। घटनास्थल से फरार दूसरे की तलाश में पुलिस टीम पीछा किया तो होरलापुर कसिया टोला कुटी बाग के समीप पुलिस टीम पर फायरिंग करते हुए खेत की तेजी से भागने लगा। जवाबी कार्रवाई में शमसुल हक दाएं पैर में गोली लगी और वह गिर पड़ा। इसके पास से एक तमंचा, दो कारतूस मिला। मौके से तीन खोखा भी बरामद हुआ। पिकअप पर नौ गोवंश, धारदार हथियार, लकड़ी का टुकड़ा, रस्सी व दो मोबाइल आदि मिले। गोवंश को गोआश्रय स्थल भेज दिया गया। गो-तस्करों ने बताया कि आजमगढ़ से गोवंश की खेप लेकर बिहार के गोपालगंज जा रहे थे। एसपी ने बताया कि तस्करों का यह संगठित गिरोह है, जो पशुओं की तस्करी करता है और अर्जित अवैध को आपस में बांट लेते हैं। इनका आपराधिक इतिहास है। तस्कर गोवंश की खेप बिहार ले जा रहे थे। इनके विरुद्ध गोवध निवारण, पशु क्रूरता व आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। टीम में प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल मनोज कुमार पंत, प्रभारी निरीक्षक रविंद्रनगर धूस विनय कुमार सिंह टीम के साथ शामिल रहे।

# पुलिस ने गुम हुई बच्ची को किया बरामद

**देवरिया**। जिले के सलेमपुर कोतवाली पुलिस ने गुम हुई बच्ची को तत्परता दिखाते हुए 17 घंटे के भीतर बरामद कर लिया। बरामद बच्ची को उसके परिजनों को सौंप दिया। जिले के सलेमपुर कोतवाली क्षेत्र के कर्बला मझौलीराज निवासी खुर्शीद अहमद पुत्र स्व0 रज्जाक खान ने 26 मार्च को तहरीर देकर अवगत कराया कि उनकी दो वर्षीय नातीन दरवाजे के समाने खेलते समय गायब हो गई। उक्त तहरीर के आधार पर पुलिस ने थाना स्थानीय पर इठर के सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर खोजबीन शुरू कर दी। क्षेत्राधिकारी सलेमपुर और थाना सलेमपुर पुलिस तथा अन्य थानों की पुलिस द्वारा फोटो के माध्यम से बच्ची की तलाश की जा रही थी। बच्ची की तलाश के लिए थाना सलेमपुर और अन्य थानों द्वारा अपने अपने क्षेत्रान्तर्गत सीसीटीवी फुटेज की भी जांच की जा रही थी । अज्ञात बच्ची को स्टेशन पर खेलते हुए देखा तो उसके द्वारा आस-पास के लोगों से पूछताछ किया गया।

# छेड़खानी व यौन उत्पीड़न के आरोप में घिरे जिला कार्यक्रम अधिकारी

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर**। कभी भ्रष्टाचार तो कभी महिला कार्यकत्रियो से छेडखानी के आरोप में जनपद से लगायत शासन के गलियारों में चर्चा मे रहने वाले जिला

- जिलाधिकारी ने जांच रिपोर्ट के साथ डीपीओ के खिलाफ कार्रवाई के लिए शासन को भेजी संस्तुति
- डीपीओ के चरित्र पर पहले भी लग चुका है आरोप

कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय एक बार फिर अपने आदतन कारगुजारी को लेकर चर्चा मे है। इनके ऊपर जोमैटो के एक महिला कर्मचारी के साथ छेडखानी व यौन उत्पीड़न का आरोप लगा है। जांच में आरोपों की पुष्टि के बाद जिलाधिकारी ने डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय के खिलाफ कार्रवाई करने की संस्तुति करते हुए शासन को अपनी रिपोर्ट भेज दी है। ऐसी चर्चा है कि शासन द्वारा कभी भी डीपीओ के विरुद्ध कार्रवाई की जा सकती है।

बतादे कि जिला प्रशासन के सहयोग से फीडिंग इंडिया (जोमैटो) स्नेहशाला द्वारा तमकुहीराज विधानसभा क्षेत्र में कुल बीस आंगनबाड़ी केन्द्रों को मॉडल के रूप में विकसित किया जा रहा है। 19 जुलाई -2024 को तमकुहीराज तहसील क्षेत्र के राजपुर का बगहा 3 बाबू टोला भरवलिया को पहले मॉडल व विकसित आंगनबाड़ी केंद्र के रूप में शुभारंभ किया गया था। तमकुहीराज विधायक डॉक्टर असीम राय, तत्कालीन जिलाधिकारी उमेश मिश्रा एवं मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने दीप प्रज्वलित और फीता काटकर माडल व विकसित आंगनवाड़ी केन्द्र का उद्घाटन किया गया था। इस दौरान गर्भवती महिलाओं को फल एवं अन्य उपहार देकर गोदभराई एवं बच्चों को अन्नप्रासन भी विधायक, डीएम एवं सीडीओ द्वारा कराया गया। कहना ना होगा कि विधानसभा क्षेत्र में बीस आंगनवाड़ी केन्द्रो को माडल व विकसित करने के लिए फीडिंग इंडिया (जोमैटो) स्नेहशाला की ओर से एक महिला कर्मचारी नियुक्ति किया गया था जो जिला कार्यक्रम अधिकारी के



सुपरविजन में कार्य कर रही थी। जोमैटो कर्मचारी का आरोप है कि जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय उसे कार्यालय व आवास पर बुलाकर उनके साथ छेडखानी करते थे। महिलाकर्मी ने शैलेन्द्र कुमार राय पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए अपनी कम्पनी जोमैटो के शीर्ष अधिकारियों से शिकायत की थी। कम्पनी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए 31 जनवरी-2025 को जिलाधिकारी से शिकायत करते हुए डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की।

### डीएम ने जांच टीम गठित कर मामले की करायी जांच

बताया जाता है कि फीडिंग इंडिया (जोमैटो) की शिकायत को जिलाधिकारी ने गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्ययी टीम गठित कर मामले की सत्यता की जांच करायी। सूत्रो के मुताबिक जांच मे महिला की आरोपो की पुष्टि के बाद जांच टीम द्वारा प्रेषित किये गये रिपोर्ट के आधार पर जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने जिला कार्यक्रम अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई करने की संस्तुति करते हुए अपनी रिपोर्ट शासन को भेज दिया है।

### प्रभारी मंत्री के सामने उठा मामला

बीते दिने यूपी सरकार के आठ साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत जिले में आये प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह के सामने मीडिया ने डीपीओ शैलेन्द्र कुमार राय के करतूत को प्रमुखता से उठाया था। इस दौरान वहा मौजूद जिलाधिकारी ने बताया कि कार्रवाई के लिए अपनी संस्तुति करते हुए रिपोर्ट शासन को भेज दी गयी है।

### पूर्व में भी डीपीओ के चरित्र पर लग चुका है आरोप

बताना जरुरी है कि जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय पर पहली बार सितंबर- 2022 में जनपद के खड्डा विकास खण्ड क्षेत्र की एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने छेड़खानी का गंभीर आरोप लगाया था। उस महिला कार्यकत्री ने तत्कालीन जिलाधिकारी एस राजलिंगम को पत्र देकर न सिर्फ आपनी आप बीती सुनाई थी बल्कि डीपीओ के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगायी थी।

इस पर तत्कालीन जिलाधिकारी लिंगम ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल खड्डा के उपजिलाधिकारी को प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया था।

बताया जाता है कि पीडित आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय पर लगाये गये आरोप की जांच के क्रम में उपजिलाधिकारी खड्डा के सामने उपस्थित होकर अपना लिखित बयान भी दर्ज कराया जिसमे उसने अक्षरः अपने आरोप को दोहराया था । इसके बाद उपजिलाधिकारी ने डीपीओ को तहसील कार्यालय पर उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के लिए नोटिस भेजा था।

### दूसरा मामला दिसम्बर - 2022

जिले के खड्डा विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम हथिया का है। यहा निवासिनी आंगनबाड़ी कार्यकत्री मीरा कुशवाहा ने रविंद्रनगर थानाध्यक्ष को दिए गये तहरीर मे जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेंद्र राय के विरुद्ध गंभीर आरोप लगाया था।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने कहा है कि 28 दिसंबर बुधवार को वह जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय के निर्देश के अनुपालन में कार्यालय उपस्थित हुई थी।

जब वह डीपीओ कार्यालय मे दाखिल हुई तो जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय ने उसके साथ अश्लील बातें करते हुए अश्लील हरकतें करने लगे।

आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने रवीन्द्रनगर पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए जिला कार्यक्रम अधिकारी शैलेन्द्र कुमार राय की गिरफ्तारी की मांग की थी। लेकिन जिला कार्यक्रम अधिकारी धन बल का प्रयोग कर अपने कारगुजारी का फाइल कूड़ेदान में रखवा दिया।

## स्मार्टफोनऔर टैबलेट पाकर खिल उठे छात्रो के चेहरे

**भटनी(देवरिया)**। बहादुर यादव मेमोरियल पी जी कालेज नगर पंचायत भटनी के सभागार मे एक समारोह का आयोजन प्रबन्धक कैप्टन जयराम यादव की अध्यक्षता मे हुई ।जिसमे स्नाकोत्तर के छात्र छात्राओं को स्मार्टफोन/ टेबलेट का वितरित किया गया ।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबन्धन कैप्टन जयराम यादव व प्राचार्य डाँ विनोद कुमार यादव द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया गया ।स्मार्टफोन/ टेबलेट पाकर खिल उठे छात्रो के चेहरे ।स्वामी विवेकानंद युवा सशक्तीकरण योजना प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत स्नाकोत्तर छात्रो को स्मार्टफोन /टेबलेट का हुआ वितरण ।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्राचार्य डाँ विनोद कुमार यादव ने कहा बदलते परिवेश मे वर्तमान समय मे सभी कार्य नये तकनीक से हो रहा है ।ऐसे समय मे प्रदेश सरकार छात्रो को टेबलेट /स्मार्टफोन देकर सभी युवाओं को नये तकनीक की जानकारी के लिए दे रही है ।इसकी सहायता से घर पर ही सभी जानकारी टेबलेट से छात्र ले सकते है ।पठन पाठन मे सहायता सिध्द हो सकता है टेबलेट ।इसके माध्यम से छात्र डिजिटल रुप से सशक्त होकर आनलाइन भी कर सकेगें और अपना लक्ष्य हासिल करने मे सक्षम हो सकेंगे ।कार्यक्रम मे डाँ अभिनव द्विवेदी डाँ प्रभुनाम यादव डाँ बलवन्त मिश्र देवेन्द्र यादव डाँ त्रिपुरेश कुशवाहा अजीत तिवारी सत्येन्द्र कुशवाहा बालकृष्ण यादव डाँ अन्जर अंसारी प्रमुख रुप से उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का संचालन डाँ धंनजय त्रिपाठी ने किया ।

## नकदी सहित आभूषण उठा ले गये चोर

**भटनी(देवरिया)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम डुमरी बुधवार की रात्रि चोर सेंधमारी कर नकदी सहित आभूषण उठा ले गये चोर ।टुटे बक्शे बनकटाशिव के समीप सडक किनारे फेंक दिया ।बक्शा पुरी तरस टुटा हुआ था ।बक्शे मे रखा आभूषण नकदी व कपडा गायब था ।बताया गया है कि ग्राम डुमरी के राम अवध पाल के घर मे बुथवार की रात्रि चोर अपना निशाना बनकर सेंधमारी कर दी ।घर के लोग सोते रहे चोर चोरी कर घर खंखाल कर सारा सामान उठा ले गये ।किसी को भनक तक नही लगी ।चोर पति पत्नी व पुत्र द्वारा अलग अलग जगहो रखे करीब 35हजार रुपया कपडा और पत्नी का सारा आभूषण चोर उठा ले गये ।सुबह जब परिवार के लोग सोकर उठे तो सेंधकटा था ।घर मे रखे सभी बक्शे गायब थे ।चोरी की सूचना पर गांव के लोग आकर छानबीन करने लगे ।इसी बीच किसी ने बताया कि टुटे बक्शे बनकटाशिव के पास सडक के किनारे पडा है ।वहां जाने पर टुटे बक्शे की पहचान गृहस्वामी ने किया ।पुलिस को सूचना दिया ।सूचना पर हल्के के आरक्षी सहित उपनिरीक्षक आ गये ।घटना की जानकारी लिये ।थोडी ही देर बाद घटना की जानकारी होने पर पुलिस क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी शिवप्रताप सिंह व थानाध्यक्ष अश्वनी कुमार प्रधान भी पुलिस टीम के साथ आकर घटना स्थल का निरीक्षण किया ।वही पुलिस क्षेत्राधिकारी भाटपाररानी ने थानाध्यक्ष सहित पुलिस को घटना के पदार्फाश करने के लिए आवश्यक निर्देश देकर चले गये ।

## नए जिलाध्यक्ष रामअवध यादव का सपाइयों ने किया जोरदार स्वागत



**कुशीनगर**। समाजवादी पार्टी कुशीनगर के नए जिलाध्यक्ष रामअवध यादव के लखनऊ से जिले में प्रवेश करने पर वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकताओं व समर्थकों ने जगह-जगह रोककर जोरदार स्वागत किया। स्वागत समारोह में नए जिलाध्यक्ष ने पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा जताते हुए पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में बनवाने में अपना योगदान देने का संकल्प दोहराया ।जिलाध्यक्ष रहे मोहम्मद शुकरुल्लाह अंसारी के आकस्मिक निधन से रिक्त हुए पद पर नए जिलाध्यक्ष की नियुक्ति को लेकर तमाम कयासों पर विराम लगाते हुए पिछले सप्ताह प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने रामअवध यादव के नाम की घोषणा कर विराम लगा दिया था। नियुक्ति के बाद जिले में प्रथम आगमन पर सपाइयों ने स्वागत की पूर्व तैयारियां कर रखी थीं। जिले की सीमा 15 मील से पडरौना तक जगह-जगह ढोल नगाड़े के साथ फूलमाला पहनाकर उनका अभिवादन किया गया। पडरौना स्थित एक होटल सभागर में जिलाध्यक्ष रामअवध यादव के साथ पूर्व मंत्री ब्रम्हाशंकर त्रिपाठी, पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह, पूर्व सांसद बालेश्वर यादव, विक्रमा यादव, राजेश प्रताप राव बंटी, डॉ. पीके राय, मो. इलियास अंसारी, पूर्व विधायक पूर्णमासी देहाती, कासिम अली, हरीश राणा, कैसर जमाल टीटू, राजेन्द्र यादव मुन्ना, विजेंद्र पाल यादव व बनारसी यादव ने हाथ जोड़ाकर एकजुटता दिखाया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष व जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं व कार्यकताओं के प्रति बहुत आभारी हैं। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार उत्तर प्रदेश में पूर्ण बहुमत से बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान रणविजय सिंह मोहन, ओमप्रकाश यादव, इकबाल अंसारी, पूर्व प्रधान अखिलेश यादव, रामप्रताप कुशवाहा, गिरिजेश मिश्र, रमेश कुमार आर्य, मो. आजम, रामलखन यादव, बजरंगी यादव, हरिशंकर राजभर, विवेक ओझा, मंटू तिवारी, बालकृष्ण मिश्र, सुजीत यादव, विभूति गुप्ता, रामवृक्ष यादव, शुभम यादव, विजय प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

## जिला सैनिक बंधु बैठक की संपन्न




**देवरिया** । जिला सैनिक बन्धु की बैठक अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) जैनेंद्र सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, देवरिया में आयोजित की गई बैठक में कर्नल डॉ. सुधाकर त्यागी (अ.प्रा.), पूर्व जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया, 49 बटालियन एनसीसी देवरिया, जिला पूर्ति अधिकारी देवरिया एवं सैनिक बन्धु के उपाध्यक्ष सहित अन्य अधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। बैठक की शुरूआत में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल डॉ. सुधाकर त्यागी (अ.प्रा.) ने उपस्थित अधिकारियों, सदस्यों एवं भूतपूर्व सैनिकों का स्वागत किया। इसके पश्चात पिछले माह की बैठक की कार्यवाही की समीक्षा की गई और आगे की प्रक्रिया प्रारंभ की गई। बैठक में पूर्व सैनिक घरभरन सिंह, संजय तिवारी, मुनीब गुप्ता, राममणि (पत्नी अमरजीत), विनय कुमार पाण्डेय, मुख्तेश्वर गुप्ता सहित कई अन्य पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रितों ने भाग लिया। इस दौरान राजस्व विभाग, पुलिस विभाग एवं शस्त्र लाइसेंस से संबंधित विभिन्न प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए गए। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने इन प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को प्रेषित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के कर्मचारी ओम प्रकाश सिंह, रामनाथ एवं करन मद्धेशिया भी उपस्थित रहे।

## अपर जिला जज ने जिला कारागार का किया निरीक्षण

**देवरिया** । राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया देवेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी द्वारा जिला कारागार देवरिया का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सचिव द्वारा जिला कारागार में ऐसे बंदी, जिनकी जमानत न्यायालय से हो चुकी है तथा वे जमानतदार के अभाव में कारागार में निरुद्ध हैं, के संबंध में पूछताछ की गई तथा उन्हें विधिक जानकारियां दी गईं। उन्होंने कहा कि यदि किसी बंदी को विधिक सहायता की आवश्यकता हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया में एक प्रार्थना पत्र देकर अपनी समस्या का निस्तारण करा सकता है। यदि किसी बंदी को अपने मामले में पैरवी की आवश्यकता हो तो वह जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया द्वारा निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त कर विधिक सहायता ले सकता है।

संक्षेप

## व्यंग्य का एकल काव्य पाठ आयोजित

सीतापुर। स्थानीय नई बस्ती निवासी प्रख्यात व्यंग्यकार शांतिशरण मिश्र व्यंग्य ने छायावादी कवियत्री महादेवी वर्मा की 118वीं जयंती के उपलक्ष्य में एकल काव्य पाठ करते हुए अनेक कुंडलियां व दोहों का प्रस्तुतीकरण किया। 26 मार्च सन् 1907 का फरूर्खाबाद में जन्मी, ज्ञान पीठ पुरस्कार स सम्मानित छायावादी कवियत्री के जीवन पर प्रकाश डाला। काव्य संध्या का सफल संचालन वरिष्ठ साहित्यकार व हिन्दी सभा के पुस्तकालय प्रभारी उदय प्रताप त्रिवेदी त्रिशूल ने किया। उन्होंने यह भी बताया कि व्यंग्यकार शांतिशरण मिश्र व्यंग्य का जन्म 1 अक्टूबर सन् 1936 को बेनीगंज हरदोई में हुआ। आप उद्योग विभाग के सहायक प्रबन्धक के पद से सेवामुक्त हुए। आपके कई ग्रन्थ प्रकाशित हो चुके हैं। बाल कवितायें आप की प्रकाशित पुस्तक हिन्दी सभा द्वारा विमोचित हो चुकी है। व्यंग्य के दोहे शीर्षक से प्रकाशित पुस्तक का विमोचन हिन्दी सभा के वार्षिकोत्सव (जो 25 से 27 अप्रैल में आयोजित होगा) में किया जायेगा। इस अवसर पर मेधावी छात्रा इला मिश्रा, वंदना, अर्चना, चेतना, भावना, गार्गी मोहन, मौलिक मोहन व अधिवक्ता अरविंद मोहन मिश्रा ने उपस्थित होकर व्यंग्य के एकल काव्यपाठ का रसास्वादन किया।

# जनता को मिल रहा योजनाओं का सीधा लाभ : गुरु






जिला संवाददाता(vol)

**सीतापुर।** सरकार की सेवा, सुरक्षा और सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सरोजनी वाटिका में आयोजित किये जा रहे

● नगर विकास राज्यमंत्री व कारागार राज्यमंत्री ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

जनपद स्तरीय विकास उत्सव के तीसरे दिवस के कार्यक्रम का शुभारम्भ नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू व कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने स्टालों का भी अवलोकन किया तथा द्वितीय दिवस व तृतीय दिवस के सर्वश्रेष्ठ स्टाल प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया। द्वितीय दिवस की सर्वश्रेष्ठ स्टाल प्रतियोगिता में कृषि विभाग को प्रथम, कारागार विभाग को द्वितीय तथा बेसिक शिक्षा विभाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इसी प्रकार तृतीय दिवस की स्टाल प्रतियोगिता में समाज कल्याण विभाग को प्रथम, चिकित्सा विभाग को द्वितीय तथा उद्यान विभाग को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

संबंधित विभाग के अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र वितरित किये गये। इसके साथ ही उज्जवला योजना, वृद्धावस्था पेंशन, मिशन शक्ति, विधवा पेंशन, दिव्यांगजनों को लेप्रेसी किट, एनआरएलएम, प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, आयुष्मान भारत आदि योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्रध्सांकेतिक चेक भी वितरित किये गये।

चयनित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र भी वितरित किये गये। इस अवसर सांस्कृतिक कार्यक्रम, जादू एवं कठपुतली शो भी प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये कारागार राज्यमंत्री सुरेश राही ने कहा कि केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्रीयोगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सतत विकास हुआ है। बालिकाओं के लिये बेहतर शिक्षा व्यवस्था के साथ ही महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा, विकास तथा सशक्तीकरण हेतु निरन्तर कार्य किये जा रहे हैं। उन्होंने विकास कार्यों के संबंध में परिषदीय विद्यालय मिश्रापुर की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की भी प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि प्रतिभावान बच्चे निश्चित रूप से देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। प्रदेश सरकार के 08 वर्षों के कार्यों एवं पूर्व की स्थितियों का भी उन्होंने विस्तारपूर्वक विवरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरू ने सभी को बधाई देते हुये कहा कि केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा अच्छी नीति से योजनाएं बनाकर अच्छी नियत से लागू करने से देश एवं प्रदेश का व्यापक स्तर पर विकास हुआ है। धरातल पर विकास कार्य हुये हैं। प्रदेश भूमाफियाओं और गुण्डों से मुक्त हुआ है। महिला सुरक्षा की दिशा में भी बेहतर कार्य हुये हैं। सभी योजनाओं का सीधा लाभ जनता को मिल रहा है और विचैलिये समाप्त हुये हैं।

कार्यक्रम के अन्त में अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन राज शर्मा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम, जिला विकास अधिकारी हरिश्चन्द्र प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## चंद्रिका देवी बक्सर घाट पर स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित

**उन्नाव।** राज्य स्वच्छ गंगा मिशन के अन्तर्गत 16 मार्च से 31 मार्च तक चलाए जा रहे। स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जिला गंगा समिति, वन विभाग उन्नाव के तत्वाधान में आज चंद्रिका देवी बक्सर घाट पर स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन अध्यापक कमलेश शुक्ला द्वारा किया गया, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उप प्रभागीय वनाधिकारी उन्नाव, हरिओम सिंह प्रधानाचार्य, विवेक सिंह विद्यालय प्रबंधक, ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। स्वच्छता पखवाड़ा के तहत स्कूली बच्चों द्वारा नदियों के संरक्षण के लिए चित्रकारी की गई एवं घाट पर उपस्थित स्थानीय जनता, स्कूली बच्चे, बीघापुर रेज स्टाफ, गंगा दूत आदि लोगों के द्वारा मिलकर बक्सर घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। उप प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा वहां उपस्थित सभी लोगों को गंगा स्वच्छता के लिए शपथ दिलाई गई एवं बताया गया की गंगा नदी हमारे लिए महत्वपूर्ण है हम सभी को मिलकर यह संकल्प लेना चाहिए कि हम गंगा को स्वच्छ रखेंगे। श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा कार्यक्रम से प्रेरित होकर बताया गया कि हर माह के 31 तारीख को अपने स्कूल के बच्चों के साथ घाट पर स्वच्छता श्रमदान करेंगे। बीघापुर क्षेत्रीय वनाधिकारी द्वारा बताया गया कि समय-समय पर इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित करवाते रहेंगे, इससे लोगों में जागरूकता बनी रहेगी। अंत में जिला परियोजना अधिकारी के द्वारा नमामि गंगे परियोजनाओं के उद्देश्यों को बताते हुए सभी को धन्यवाद व्यक्त किया गया। साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रथम पुरस्कार ग्रेसी पांडे, द्वितीय पुरस्कार अंशी चैरासिया एवं तृतीय पुरस्कार अभिषेक पांडे को प्रदान किया गया।

## नहर किनारे मिले लापता बालक के कपड़े और चप्पल



**सकरन/सीतापुर।** सकरन थाना क्षेत्र में संदिग्ध परिस्थित में बालक लापता नहर के किनारे मिले उसके कपडे व चप्पल परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर लगाया मारपीट का आरोप मौके पर पहुंची पुलिस ने तलाश जारी करवाई। सकरन थाना क्षेत्र के भिठमनी गांव निवासी रामसहारे (9) पुत्र नीलम प्रसाद जो आनंद इंटरनेशनल स्कूल अंगेठा में युकेजी का छात्र था। जो बृहस्पतिवार की दोपहर 1 बजे घर से गया था देर तक वापस न आने पर परिजनों को चिंता हुई तो परिजन उसकी तलाश में निकल पडे इसी बीच ग्रामणों को तीन बजे सारदा सहायक नहर के किनारे कपडे व चप्पल पडे मिले जिसे परिजनों ने पहचान कर रामसहारे के बताया गायब लड़के के पिता ने बताया कि सुबह गांव के कुछ लोगों से विवाद हुआ था जिसमें अनुराग शुक्ल नाम के युवक ने रामसहारे को मारा था रामसहारे यह कहकर घर से निकला था कि अब वह लौट कर वापस नही आएगा इसी आशंका को देखते हुए परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर आरोप लगाया है उधर सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से रामसहारे की नहर में तलाश करवा रही है। थानाध्यक्ष नवनीत मिश्र ने बताया तलाश करवाई जा रही है अभी तक किसी प्रकार की तहरीर नही मिली है।

## सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित



**लहरपुर/सीतापुर।** स्थानीय नगर पालिका सभागार में स्वच्छता कर्मियों को किया गया सम्मानित। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा और सुशासन के 8 वर्ष पूर्ण होने क उपलक्ष में पालिका परिषद सभागार में आयोजित एक कार्यक्रम में सफाई कार्य में विशिष्ट योगदान करने वाले सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर पालिका परिषद अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद व अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध पटेल ने साफ सफाई नायकों व 30 सफाई कर्मियों को प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद ने प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर सफाई कर्मियों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि आप सभी के अथक प्रयासों से नगर की सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त है उन्होंने गर्मी और मच्छरों के प्रकोप को लेकर सफाई कर्मियों को विशेष अभियान चलाकर मोहल्ले मोहल्ले की साफ सफाई व रोस्टर के अनुसार फागिंग करने के लिए निर्देशित किया। इस मौके पर सम्मानित किए जाने वाले प्रदीप कुमार, रंजीत, जगदीश, टोनू, आकाश, सतीश व सोनू सफाई नायक प्रमुख थे। कार्यक्रम में नीरज गौड, हाजी मुशीर, निसार अहमद, भाजपा सभासद मनीष शुक्ला, मोईन, संजीत अवस्थी आदि उपस्थित थे।

## मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत

**सीतापुर।** गुरुवार को थाना रेउसा क्षेत्र में हुई मार्ग दुर्घटनाओं में दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। रेउसा बिसवां मार्ग पर रसूलपुर के निकट तेज रफ्तार अनियंत्रित डम्फर ट्रक ने बैट्री चालित रिक्शा को रौंद दिया जिसमें रिक्शा चालक व रिक्शा सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि ग्राम कौवाखेरा कोतवाली बिसवां निवासी बर्तन व्यवसाई रंजीत पोरवाल(40)पुत्र कमलेश बैट्री चालित रिक्शा से कस्बा रेउसा सामान लेने आ रहे थे। रेउसा बिसवां मार्ग पर रसूलपुर के निकट पहुँचते ही सामने से आ रहे डम्फर ट्रक ने रिक्शा को रौंद दिया। इस हादसे में रंजीत पोरवाल व उनके ही गांव का निवासी रिक्शा चालक जियालाल (38)पुत्र रामराज गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर पहुंची रेउसा पुलिस ने जेसीबी की सहायता से डम्फर ट्रक में फंसे दोनों घायलों को बाहर निकाल कर ऐम्बुलेंस की सहायता से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेउसा लाया गया जहाँ चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।पुलिस ने दोनों शवों का पंचायतनामा भर कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है। इस बाबत थानाध्यक्ष रेउसा हनुमंत लाल तिवारी ने बताया कि दोनों शवों को पीएम के लिए भेज दिया गया है।डम्फर ट्रक को कब्जे में लेते हुए चालक को भी हिरासत में ले लिया गया है। परिजनों की तहरीर एवं पीएम रिपोर्ट आने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी।

## इलाज के दौरान सभासद पति की मौत

**लहरपुर/सीतापुर।** नगर के मोहल्ला लोखरियापुर के युवा समाजसेवी सभासद पति नूर मोहम्मद 35 वर्ष का इंतकाल लखनऊ एक निजी हॉस्पिटल में इलाज के दौरान हो गया, ।स्वर्गीय नूर मोहम्मद मोहल्ला लोखरियापुरकी सभासद नाजरीन बानो के पति थे और अपने वार्ड लोखरियापुर के लोगों के साथ साथ क्षेत्र के लोगों की सेवा के लिए हर समय तत्पर रहते थे उनके निधन का समाचार मिलते ही उनके आखरी दीदार के लिए लोगों का भारी हुजूम उनके आवास मोहल्ला लोखरियापुर पर उमड़ पड़ा गमगीन माहौल में उनकी नमाजे ए जनाजा पढ़ाई गई तथा उनके पारिवारिक कब्रिस्तान लोखरियापुर में सुपुर्द ए खाक किया गया उनकी आखरी रस्म में बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए जिसमें एम एल सी जासमीर अंसारी, नगर पालिका अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, अधिशासी अधिकारी अनिरुद्ध कुमार पटेल, नीरज बाबू, तहसील से मानवेंद्र, सभासद आफताब अहमद, नफीस खान , मोबिन अंसारी, नबी अहमद, इस्लामुद्दीन, मोहम्मद आलम, हाशिम खान, सोहेल खान, मोहम्मद रफी, इस्लामुद्दीन, इसरार, मोहम्मद आलम, मनीष शुक्ला, लल्लन खान, मोहम्मद शोएब, मोहम्मद शोएब, रहमत अली, मोइन खान, उस्मान खान, हक नवाज, विजय कश्यप, प्रदीप, एमआईएम पार्टी के नगर अध्यक्ष नूरुल हक, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिला महासचिव समीर अंसारी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे ।

## शिक्षक का आकस्मिक निधन

**सीतापुर।** हरगांव थाना क्षेत्र के मुमताजपुर गांव निवासी विक्रम लाल (40) विकास खण्ड हरगांव के हरिबसपुर प्राथमिक विद्यालय मे प्रधानाध्यापक के पद पर तैनात थे।बुधवार देर रात सीने मे दर्द उठने से उनका आकस्मिक निधन हो गया। शिक्षक के निधन से विद्यालय मे शोक की लहर दौड गयी। शिक्षक को मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

# नवनिर्मित पुलिस चौकी का उद्घाटन



**रेउसा/सीतापुर।** गुरुवार को सेवता विधायक ज्ञान तिवारी एवं पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने संयुक्त रूप से पुलिस चैकी का लोकार्पण किया। विधायक ज्ञान तिवारी व पुलिस अधीक्षक ने विधि विधान पूर्वक पूजन अर्चन के बाद थाना रेउसा के अंतर्गत सेवता में नवनिर्मित पुलिस चैकी के भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया।

पुलिस चैकी के लोकार्पण के बाद जन चैपाल को संबोधित किया। जन चैपाल में मौजूद ग्रामीणों से संवाद करते हुए पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने कहा कि पुलिस चैकी की स्थापना से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत होगी। शांति व्यवस्था बनाये रखने,अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण रखने में सहूलियत रहेगी। पुलिस चैकी आपके ग्राम में होने से आपको छोटे छोटे मामलों में राहत मिलेगी साथ ही पुलिस चैकी क्षेत्र के अंतर्गत आने आने वाली ग्राम पंचायतों के नागरिकों को अपनी समस्याओं के निस्तारण के लिए सुदूर थाने तक दौड़भाग से भी मुक्ति मिलेगी। क्षेत्र में किसी भी अप्रिय स्थिति की सूचना पर पुलिस भी यथासमय मौके पर पहुँच सकती है। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से अपील की कि आप लोग समाज में शांति व्यवस्था बनाये रखने में पुलिस का सहयोग करें। श्री मिश्र ने कहा कि आप लोग साइबर अपराध से बचें और किसी भी अनजान व्यक्ति द्वारा काल करने पर उसे अपना आधार नंबर या ओटीपी नम्बर न बतायें। ऑनलाइन जुआ से युवा वर्ग को सावधान रहने की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ज्ञान तिवारी ने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि आज समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने आपको सुरक्षित महसूस कर रहा है जबकि पूर्ववर्ती सरकार समाजवादी में व्यक्ति अपने को सुरक्षित नहीं महसूस कर रहा था साथ ही उपस्थित पुलिस कर्मचारियों से कहा कि पब्लिक के साथ मित्र पुलिस की तरा काम करने का प्रयास करें और अपराधियों को किसी हालत में न छोड़ें ग्राम प्रधान श्रीमती अनीता ने क्षेत्रीय विधायक ज्ञान तिवारी व पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। थानाध्यक्ष रेउसा हनुमंत लाल तिवारी ने सभी अगन्तुकों के प्रति आभार प्रकट किया।। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक कोतवाली बिसवां टीपी सिंह,प्रभारी निरीक्षक थाना मानपुर मुकेश वर्मा, थानाध्यक्ष सकरन नवनीत मिश्रा,वरिष्ठ उपनिरीक्षक नागेंद्र कुमार पाण्डेय,चैकी प्रभारी उपनिरीक्षक अरुण प्रताप सिंह, सीएचसी अधीक्षक डा. अनंत मिश्र, हे.कां. विशाल गौड़,विशेष भाटी,महेंद्र वर्मा,भाजपा किसान प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष लोकेश मिश्रा,मंडल अध्यक्ष महेश राजपूत, शिव कुमार गुप्ता,रामू शुक्ला, ज्ञानेश शुक्ला,राजेश मिश्रा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# प्रभु श्री राम विवाह का दर्शन करने के लिए सभी देवता पक्षी बनकर आये



लहरपुर/सीतापुर। नगर के मोहल्ला अंबर सरायं में चल रहे श्री रुद्र महायज्ञ श्री राम कथा व वृंदावन धाम से आए रासलीला के कलाकारों के द्वारा प्रस्तुत की जा रही रासलीला में कलाकारों ने रास नृत्य के माध्यम से सुदामा चरित्र की लीला का भावपूर्ण सजीव मंचन किया जिसे देखकर उपस्थित श्रद्धालु मंत्र मुग्ध हो गए। वहीं श्री रुद्र महायज्ञ में वैदिक मंडल के आचार्यों द्वारा यज्ञ मंडप में हवन पूजन किया गया और उपस्थित श्रद्धालुओं ने यज्ञ मंडप की परिक्रमा की व आहुतियां डालीं।

इस मौके पर यज्ञाचार्य पंडित संगम लाल नैमिष धाम व जजमान दिनेश पांडे ने यज्ञ भगवान का श्रद्धापूर्वक पूजन किया। श्री राम कथा में कथा व्यास पंडित धर्मदत्त बाजपेई ने श्री राम कथा की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्री राम कथा हमें माता-पिता की आज्ञा पालन व सत्कर्म करने की शिक्षा देती है, कथा व्यास ने श्री राम कथा में धनुष भंग व श्री राम विवाह की कथा का सुंदर वर्णन किया जिसे सुनकर उपस्थित श्रद्धालु भक्ति भाव से झूमने लगे इस मौके पर उन्होंने प्रभु श्री राम और माता जानकी की पुष्प वाटिका में मंगल मिलन की सुंदर कथा का वर्णन करते हुए जनक जी की प्रतिज्ञा और स्वयंवर की कथा का वर्णन किया उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम विवाह का दर्शन करने के लिए सभी देवता पक्षी बनकर आए हैं, उन्होंने कहा कि जब नैनो से भगवत दर्शन हो जाए और परम मंगलमयी कथा का रसपान हो जाए तो जीवन धन्य हो जाता है।

श्री राम कथा का रसपान करने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं बच्चे उपस्थित थे।

## एक रोजा उर्स ए मंजूरी का हुआ आयोजन

**बहेड़ी।** खानकाह ए आलिया मंजूरिया शाहिदिया जामिया गौसिया बशीरूल उलूम में हजरत शाह सय्यद मंजूर अली उर्फ छोटे मियां रहमतुल्लाह अलैह का सालाना एक रोजा उर्स ए मंजूरी अकीदत के साथ मनाया गया।

उर्स की शुरूआत बाद नमाज असर हुई जिसमे तिलवाते कुरान के बाद नात व मनकबत और उलेमा ए इकराम की तकरीर हुई।गुरुवार को मोहल्ला शेखूपुर में एक रोजा उर्से मंजूरी के मौके पर असर की नमाज के बाद उलेमाओं और शायरों ने बेहतरीन कलाम पेश किये।

सालातो सलाम के बाद फातिहा ख्वानी हुई और हजरत शाह सय्यद मंजूर अली उर्फ छोटे मियां रहमतुल्लाह अलैह का विसाली कुल शरीफ की रस्म अदा की गई।

## मानसिक तनाव के चलते युवक ने फांसी लगा ली

**बिछिया, उन्नाव।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सकरन में मानसिक तनाव के चलते युवक ने फांसी लगा ली। सूचना पर पहुँची पुरवा पुलिस व फील्ड यूनिट टीम ने घटनास्थल की जाँच कर शव को पीएम को भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के गाँव सकरन के रहने वाले पिंटू उम्र 35 पुत्र शिवचरन बुधवार देर रात खाना खाकर घर के एक कमरे को अंदर से बन्द कर सो गया। सुबह जब देर तक न उठने पर माँ उषा ने दरवाजे को खटखटाते हुए आवाज दी। न बोलने पर कमरे के एक साइड बने बयाले से देखा कि पिंटू ने कमरे की छत में पड़े बांस में गमछे के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर चुका था। बेटे का शव फंदे से लटकता देख मां उषा चीख पड़ी। परिजनों ने घटना की जानकारी ग्राम प्रधान धर्मेंद्र राजपूत को दी। ग्राम प्रधान की सूचना पर पहुँची पुरवा पुलिस व फील्ड यूनिट टीम ने जांच कर पंचनामा भरकर शव पीएम को भेज दिया है। मृतक पिंटू गाँव मे रहकर कबाड़ का काम करता था। माँ उषा ने कहा कि बेटे पिंटू व बहू आरती के बीच कुछ वाद विवाद हुआ था जिसको लेकर बहू करीब डेढ़ महीने से मायके मोहान नबीपुर थाना गजनेर कानपुर में हैं। मृतक के दो पुत्र आयुष व राज व बेटी वैष्णवी के सर से पिता का साया छिन गया।

## अवैध तमंचा सहित युवक गिरफ्तार

**फतेहपुर चैरासी, उन्नाव।** कोतवाली पुलिस ने अपराध एवम अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर अवैध तमंचे के साथ युवक को धर दबोचा। उपनिरीक्षक सीताराम का0 समर बहादुर सिंह, राघवेंद्र गुर्जर, अरुण सिंह, लवकुश यादव के साथ बीती रात्रि करीब आठ बजे ग्राम से देवगांव 300 मीटर दूर मखदूमनगर मार्ग पर गस्त के दौरान मुखबिर की खास सूचना पर मूलचंद्र पुत्र रामलाल निवासी ग्राम उमर को एक अवैध 315 बोर तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ हिरासत में लेकर जेल भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति को आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेजा गया।

## डीएम को शिकायती पत्र देकर सीडीपीओ पर महिला आवेदिका ने रिश्वत मांगने का लगाया अरोप

**सीतापुर।** विकास खंड हरगांव की सेलूमऊ गांव निवासी किरन सिंह ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर बताया कि उन्होंने सेलूमऊ गांव में आंगनबाड़ी कार्यकत्री पद के लिए आवेदन किया था और उनके प्रपत्रों की जांच भी हो गयी थी। किरन सिंह का आरोप है कि ब्लाक हरगांव मे तैनात सीडीपीओ खलीलुल्लाह अंसारी ने आँगनबाडी कार्यकत्री पद पर चयन हेतु आवेदिका से दो लाख रुपए मांग की। जब आवेदिका के पति सचिन कुमार सिंह ने सीडीपीओ कार्यालय जाकर रुपये देने मे असमर्थता जतायी तो सीडीपीओ ने उन्हे अपशब्द कहकर धक्के मारकर कार्यालय से भगा दिया वहां पर मौजूद अन्य स्टाप ने भी अभद्रता की। सीडीपीओ खलीलुल्लाह अंसारी ने बताया आंगनबाड़ी कार्यकत्री चयन मे मेरा कोई हस्तक्षेप नही है जिला की चयन समिति से हुआ है रिश्वत मांगने का आरोप निराधार है।

# 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पत्रकार का नही लगा सुराग, परिवार का रो-रोकर बुरा हाल



**सीतापुर।** घटना के 24 घंटे बीत जाने के बाद भी लापता नवनीत पांडेय का कहीं कोई पता अभी तक नहीं चल सका है। गुरुवार की सुबह से एसडीआरएफ की टीम बाराबंकी के बड्डूपुर के बीबीपुर-शंकरपुर पुल के

● एसडीआरएफ की टीम शारदा सहायक नहर में कर रही तलाश

पास शारदा सहायक नहर में लापता की तलाश कर रही है। पुल के पास बाइक व जूते मिलने के बाद से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है।

मालूम हो कि पत्नी से हुए विवाद के बाद पैतेपुर के पांडेहाता के नवनीत पांडेय का 20 मार्च को पत्नी अंकिता पांडेय से विवाद हुआ था। अंकिता पांडेय ने नवनीत के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज कराया था। केस दर्ज होने के बाद 21 मार्च को नवनीत पांडेय लापता हो गए, जिनकी गुमसुदगी परिजनों ने दर्ज कराई थी। 25 मार्च को नवनीत की लोकेशन मथुरा आई और 26 को परिवारजन से बात हुई तो बताया कि आगरा आ गए हैं और वापस आ रहे हैं। इसके बाद बुधवार की शाम पौने चार बजे नवनीत ने पत्नी अंकिता को वीडियो काल की और पत्नी व बेटी और बेटे से बात की थी। इसके बाद काल कट गई और मोबाइल ऑफ हो गया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक ने सर्विलांस सेल की मदद से मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कराई। लोकेशन बाराबंकी के बड्डूपुर के भगौली के पास शंकरपुर नकटोनी के पास शारदा सहायक नहर पुल की मिली थी। अंधेरा होने के चलते बुधवार की रात गोताखोरों ने नहर में उतरने से हांथ खड़े कर दिए थे। गुरुवार की सुबह एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और शारदा सहायक नहर में तलाश शुरू की। घटना के 24 घंअे बीत जाने के बाद भी लापता नवनीत का कहीं कोई पता नहीं चल सका है। बाइक व जूते मिलने के बाद से परिवार बेहद सदमें में हैं तथा सभी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## आग लगने से यूकेलिप्टिस के सौ पेंड़ व 12 बीघे मेंथा की फसल जलकर नष्ट

सीतापुर। पराली जलाते समय पड़ोस के खेत में लगे यूकेलिप्टिस के सौ पेंड़ व 12 बीघे मेंथा की फसल जलकर नष्ट हो गई। पीड़ित ने कोतवाली में प्रार्थनापत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। महमूदाबाद के बघाइन के अमरीश पुत्र बाबूराम ने पुलिस को दिए गए प्रार्थनापत्र देकर बताया है कि उनकी 12 बीघे मेंथा की फसल लगी थी तथा खेत के आसपास यूकेलिप्टिस के पेड़ लगे थे। आरोप है के पड़ोस सदरपुर के हरसिंहपुर के अर्पित वर्मा पुत्र रामलखन का खेत है जिसमें गन्ने की फसल लगी थी। फसल कटने के बाद शुक्रवार की दोपहर अर्पित ने अपने खेत में गन्ने की पत्ती जलाई जिसकी चपेट में आकर उनकी 12 बीघा मेंथा की फसल व 100 यूकेलिप्टिस के पेड़ जल गए। शिकायत करने पर मुआवजा देने के बजाय आरोपी मारपीट पर अमादा है। पीड़ित ने आरोपी से मेंथा फसल व पेड़ों के जलने से हुए करीब ढाई लाख रुपए के नुकसान का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की है। कोतवाल अनिल सिंह ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है, जांच कराई जा रही है।

## आरक्षण की सियासत

भारत के संविधान में आरक्षण का प्रावधान समाज के कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए किया गया था लेकिन आज जिस तरह सियासत ने आरक्षण को विकृत कर दिया है उससे यह अब सामाजिक उत्थान और भागीदारी का विषय कम और सियासत का विषय अधिक हो गया है। आरक्षण से किस वर्ग को कितना लाभ हुआ यह अनुंसधान का विषय है, लेकिन आरक्षण की राजनीति करके नेताओं ने अपने और परिवार के लिए ऊंचे-ऊंचे राजनीतिक पद हासिल किये, सत्ता का सुख भोगा और अपने परिवार एवं रिश्तेदारों के लिए अकूत संपत्तियां बनायी। लेकिन जिनको आरक्षण दिया गया उनकी जरूरत आजादी के इतने वर्षों बाद तक भी पूरी नहीं हो पायी। ऐसे में अब आरक्षण का और अधिक विस्तार करने के बजाय देश की आर्थिक प्रगति के लिए मेरिट को आगे बढ़ाना चाहिए। इससे देश की प्रगति तेज होगी, अवसर बढ़ेंगे और सभी वर्गों का उत्थान होगा। कांग्रेस ने अभी हाल ही में सरकारी ठेकों में मुस्लिम समाज को कर्नाटक में आरक्षण देकर नयी बहस छेड़ दी है। दरअसल संविधान में धर्म के आधार पर आरक्षण का प्रावधान नहीं है। ऐसे में यह न सिर्फ संविधान के साथ खिलवाड़ है बल्कि आरक्षण के नाम पर मतदाताओं को धोखा देने का प्रयास भी है। संविधान में संशोधन संसद में ही किया जा सकता है। यह संसद का विशेषाधिकार है। संविधान में संशोधन विधानसभा के स्तर पर नहीं किया जा सकता। यदि किसी प्रस्तावित बिल को विधानसभा पारित करना चाहती है, तो उसे केंद्र सरकार या राष्ट्रपति को भेजना पड़ता है। यह उनका विशेषाधिकार है कि बिल पारित करे या उसे लौटा दें। चूंकि कर्नाटक सरकार ने मुसलमानों को सरकारी ठेकों में 4 फीसदी आरक्षण देने का प्रस्ताव पारित कराया है, लिहाजा उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने 'संविधान बदलने' का जो बयान दिया है, वह बेमानी और असंवैधानिक है। भाजपा ने इसे लपक लिया है। उप मुख्यमंत्री को बर्खास्त करने तक की मांग की गई है। राज्यसभा में सदन के नेता जेपी नड्डा ने यहां तक कहा है कि कांग्रेस संविधान की धज्जियां उड़ा रही है। संविधान में बाबा साहब आंबेडकर ने साफ किया था कि धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं दिया जाएगा। अब कांग्रेस उसे बदलने की कोशिश कर रही है। संविधान बचाने की सियासत अब भाजपा के हाथों में है, जबकि लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल गांधी और अखिलेश यादव के नेतृत्व में एक नेरेटिव फैलाया गया था कि भाजपा सरकार में आई, तो संविधान और आरक्षण को खत्म कर देगी। इस नेरेटिव का विपक्षी दलों को अच्छा फायदा मिला और उनकी संसदीय सीटें बढ़ गईं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भाजपा पहली बार सामान्य बहुमत हासिल नहीं कर पाई और 240 सीटों पर ही ठहर गई। संविधान और आरक्षण पर सियासत क्यों और कैसे की जा सकती है, जबकि ये हमारे लोकतंत्र के स्थापित सत्य हैं। संविधान सभा के जरिए भारत का संविधान तय किया गया और संविधान में आरक्षण की व्यवस्था की गई। हालांकि आरक्षण सिर्फ 10 साल के लिए ही था, लेकिन संविधान लागू हुए 75 वर्ष से अधिक गुजर चुके हैं, लेकिन आरक्षण आज भी जारी है। अब तो आरक्षण एक राजनीतिक हथियार और वोट बैंक का आधार बन चुका है। हमारे पुरखों ने जो संविधान तैयार किया था, उसके अनुच्छेद 15 में धर्म, जाति, लिंग, जन्म-स्थान, रंग, नस्ल और मूल वंश के आधार पर भेदभाव प्रतिबंधित किया गया है। अनुच्छेद 16 में पिछड़ों, अनुसूचित जातियों, जनजातियों और समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गई है। सर्वोच्च अदालत ने आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 फीसदी तय कर रखी है, लेकिन राज्य सरकारें संवैधानिक चालाकी खेल कर, पिछड़ों के कोटे में ही, अन्य वर्गों को आरक्षण का प्रस्ताव पारित कराती रही हैं। कर्नाटक में 4 फीसदी मुस्लिम आरक्षण ऐसा ही है। तेलंगाना की कांग्रेस सरकार ने ओबीसी कोटा बढ़ा कर 42 फीसदी कर दिया है। यकीनन ये संविधान का उल्लंघन हैं और सर्वोच्च अदालत इसे खारिज कर देगा।




**कर्नाटक में सरकारी ठेकों में मुस्लिम समाज को आरक्षण देने का फैसला दरअसल संविधान के साथ मजाक है।**

# सौहार्द की राजनीति और विपक्ष की परेशानी

**डॉ. अनिता राठौर**




ईद के मौके पर भाजपा ने देशभर के 32 लाख गरीब मुसलमानों को, अपने अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकताओं के जरिये देश भर की 32 हजार मस्जिदों में चुने हुए 100 सबसे ज्यादा जरूरतमंद लोगों को 'सौगात-ए-मोदी' किट दे रही है। इसकी शुरूआत गुजरे 25 मार्च 2025 को नई दिल्ली की गालिब अकेडमी से हुई। इस सौगात-ए-मोदी किट में महिलाओं के लिए सूट, पुरुषों के लिए कुर्ता-पायजामा, दाल, चावल, सेवइयां, सरसों का तेल, चीनी, मेवा तथा खजूर शामिल हैं। हर किट की कीमत 600-700 के बीच है। भारतीय जनता पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी के मुताबिक, 'रमजान के पवित्र मौके पर अल्पसंख्यक मोर्चा सौगात-ए-मोदी अभियान के जरिए जरूरतमंदों तक पहुंचेगा। साथ ही देश के करीब-करीब सभी जिलों में ईद मिलन समारोह भी आयोजित किए जाएंगे।' भाजपा के इस कदम की विपक्षी पार्टियों द्वारा जबर्दस्त आलोचना होना पहले से ही तय थी। इसलिए सभी विरोधी पार्टियां एक स्वर में कह रही हैं कि भाजपा मदद के बहाने सियासत कर रही है। इनके मुताबिक यह सौहार्द की चासनी में लिपटी सियासत है। सवाल है कि सियासत के लिए भी अगर सौहार्द फैलाया जाये तो इसमें बुराई क्या है? आखिर भाजपा एक राजनीतिक पार्टी है इसलिए अगर वह राजनीति नहीं करेगी तो क्या करेगी?

भाजपा का दावा है कि यह कदम सामाजिक समावेश और गरीबी उन्मूलन की दिशा में एक बड़ा प्रयास साबित होगा। मगर चूंकि कुछ महीनों में ही बिहार में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं तो विपक्षी राजनीतिक पार्टियों को यह समूची कवायद सिर्फ मुस्लिम वोट जुटाने का तरीका लग रही है। बिहार से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने पूछा है, आखिर भाजपा की यह राजनीति है या हृदय परिवर्तन? पप्पू यादव की पत्नी और कांग्रेस सांसद रंजीत रंजन ने कहा कि बिहार में चुनाव है। ऐसे में भाजपा सौगात नहीं दे रही, बल्कि मुसलमानों से वोट मांग रही है। इसमें सौ फीसदी सच्चाई हो सकती है। बिहार की जातिगत जनगणना के मुताबिक राज्य में 17.7% मुस्लिम और 14.26% यादव आबादी रहती है। इसलिए बिहार में सत्ता की चाह रखने वाली कोई भी पार्टी मुस्लिम और यादव वोट बैंक को नजरअंदाज नहीं कर सकती। पिछली सदी के 90 के दशक में तो मौजूदा राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने सत्ता में काबिज होने के लिए यादवों और मुस्लिमों का एक सुव्यवस्थित फॉर्मूला ही ईजाद किया था, जिसे सियासी गलियारे में एमवाई फॉर्मूला कहा गया था। मुस्लिम और यादव कम्युनिटी को मिलाकर बनने वाले इस समीकरण के इर्द-गिर्द दो दशकों तक राजनीति घूमी है और आने वाले दिनों में भी इस फॉर्मूर्ल को बिहार में कुछ इसी अंदाज में लागू किये जाने की कोशिश हो रही है। क्योंकि लोकनीति संस्थान सीएसडीएस के मुताबिक पोस्ट-पोल सर्वे 2020 में राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस के महागठबंधन को 75% मुस्लिमों ने वोट दिया था।

**सौगात-ए- मोदी**

वहीं, भाजपा और जेडीयू वाले एनडीए को 5% और चिराग पासवान की लोकजनशक्ति पार्टी को 2% मुस्लिम वोट मिले थे। जिस प्रदेश में मुस्लिम सियासत में इतने निर्णायक हों वहां अगर मुसलामानों को पटाने के लिए भाजपा सियासत कर रही है तो इसमें आश्चर्य की क्या बात है आखिर बिहार विधानसभा की 243 में से 32 सीटें पूरी तरह से मुस्लिम मतदाताओं के दबदबे वाली हैं, जहां 30% से ज्यादा मुस्लिम वोटर हैं। इसलिए कोई भी राजनीतिक पार्टी चाहेगी कि बहुमत के जादुई आंकड़े के लिए जरूरी 122 सीटें पाने में उसे मुस्लिमों का मत और समर्थन मिले। वरिष्ठ राजनीतिक पत्रकार रशीद किदवई के मुताबिक भाजपा इस किट राजनीति के जरिये बताने की कोशिश कर रही है कि वह सिर्फ हिंदुओं की पार्टी नहीं है सभी समुदायों की पार्टी है। अपनी इस पहल के जरिये वह विशेषकर पसमांदा मुसलमानों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

जिस तरह हाल के सालों में भाजपा ने मुस्लिम महिलाओं के बीच अपनी सकारात्मक छवि तीन तलाक जैसे मुद्दों में उनका साथ देकर बनाया है, कुछ वैसी ही पहुंच अब वह पसमांदा मुस्लिमों तक अपनी कल्याणकारी राजनीति की बदौलत बनाना चाह रही है। भाजपा देश ही नहीं बल्कि दुनिया की शायद अकेली ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो चौबीसों घंटे चुनाव जीतने के सकारात्मक ख्यालों में डूबी रहती है और अपनी हर असफलता से सबक लेती है। भाजपा को पता है कि मुस्लिम वोटों के एकमुश्त ध्रुवीकरण हमेशा उसके खिलाफ जाता है। भाजपा को यह भी पता है कि एक साथ सारे मुस्लिमों के दिल में तो वह अपनी जगह अपने को मिटाकर भी नहीं बना सकती। इसलिए वह पसमांदा जैसे मुट्ठीभर मुस्लिम वोट भी अपनी तरफ कर सकी तो कहीं न कहीं उसके विरुद्ध होने वाला मुस्लिम ध्रुवीकरण कमजोर होगा और इस तरह उसकी जीत की पहले से कहीं बेहतर संभावनाएं बनेंगी।

लोकनीति के ही एक और पोस्ट पोल सर्वे के मुताबिक 2014 और 2019 के आम चुनावों में भाजपा को करीब 8% मुस्लिम वोट मिला था, जो 2024 के आम चुनाव में घटकर 6% रह गया। भाजपा अब वंचित मुस्लिम समुदायों के जरिये अपने से छिटक गए कम से कम 2% मुस्लिम वोटर्स की भरपाई करना चाह रही है और जिस तरह से बड़े पैमाने पर गरीब मुस्लिम, मुफ्त की अनाज स्कीम से चलते मोदी सरकार का मन ही मन कृतज्ञता मसूस करता है उस पृष्ठभूमि में भाजपा की यह कोई गलत उम्मीद भी नहीं है। भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी कहते हैं, भापजा ने हमेशा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को बिना किसी भेदभाव के साथ अपने साथ लिया है, यही हमारी सियासत का मूल मंत्र है- सबका साथ, सबका विकास। सौगात किट उसी का विस्तार है। प्रधानमंत्री मोदी का विकास एजेंडा कभी भी वोटों के लिए सौदा नहीं रहा है। पिछले 11 सालों में उन्होंने समाज के आखिरी पायदान पर खड़े लोगों के जीवन में खुशियां लाने का काम किया है। सिर्फ भाजपा के ही नेता नहीं बल्कि सहयोगी केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान भी कहते हैं, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'सबका साथ, सबका विकास' में विश्वास करते हैं। इसी सोच के साथ केंद्र सरकार और बिहार सरकार विकास की दिशा में काम कर रही है।'

सिर्फ विपक्षी राजनीतिक पार्टियां ही नहीं बल्कि करीब करीब मुस्लिम बुद्धिजीवी वर्ग भी भाजपा के इस कदम को शक और आलोचना की ही निगाहों से देख रहा है। लेकिन यह भी सच है कि मुस्लिमों का जो तबका इस सौगात से सीधे सीधे लाभान्वित हो रहा है वह इतना क्रिटिकल नहीं है न ही वह इस सबमें बहुत ज्यादा राजनीति देख रहा है। यही भाजपा की मंशा और यही उसकी राजनीतिक सफलता है। वह मसमांदा समाज के दिल में अपने लिए सहानुभूति पैदा करना चाहती है। इस प्रयास में भाजपा विपक्ष के निशाने पर है। इससे तो यही लगता है कि पार्टी अपने प्रयास में सफल भी हो रही है।

> विपक्ष ही नहीं मुस्लिम समाज में बुद्धिजीवी वर्ग भी भाजपा के इस कदम को शक और आलोचना की ही निगाहों से देख रहा है। लेकिन यह भी सच है कि मुस्लिमों का जो तबका इस सौगात से सीधे सीधे लाभान्वित हो रहा है वह इतना खिलाफ नहीं है और न ही वह इस सबमें बहुत राजनीति देख रहा है।

### सोशल मीडिया



उत्तर प्रदेश के ग्रामीण अंचल में आधारभूत परिवर्तन आये हैं, भाजपा सरकार ने अपने संकल्प से लोककल्याणकारी योजनाओं सुदूर गांवों तक पारदर्शिता के साथ पहुंचाया। केशव प्र. मौर्य.



कांग्रेस, बीजेपी व अन्य किसी पार्टी को उनके राजनीतिक स्वार्थ में, खासकर आरक्षण को लेकर अपने देश के संविधान को किसी भी कीमत पर बदलने नहीं देंगे। मायावती.



बहुजनों का इतिहास मिटा दिया, उसी विचार धारा के लोगों ने शिक्षा का निजीकरण कर उसे गरीबों, वंचितों से दूर कर दिया ताकि वे खुद अपना अतीत और भविष्य न लिख पायें। राहुल गांधी.

## भारतीय दर्शन

**अंतर्दृष्टि**

साधना उपासना की महान महत्ता का यह प्रतिपादल भरतीय दर्शन और योग शास्त्रों में पग-पग पर मिलता है। इतने पर भी यह देखा गया है कि कई बार विधि विधान का पालन करते हुए भी लोग साधना उपासना के वह लाभ प्राप्त नहीं कर पाते जिनका इस तरह उल्लेख मिलता है। उसका कारण होता है वातावरण का प्रभाव। यह सच है कि अनेक प्राणवान व्यक्ति अपनी तप साधना और संकल्प शक्ति से वातावरण को भी बदल डालते हैं। किन्तु सच यह भी है कि मनुष्य के विकास में वातावरण का प्रभाव बहुत अधिक मात्रा में होता है। साधना उपासना चूंकि व्यक्ति के संस्कारों से संबंध रखती है और प्रत्येक वातावरण अच्छे बुरे संस्कार समाहित रखता है अतएव उच्चस्तरीय साधनाओं में तो स्थान औरवातावरण का महत्व निश्चित ही बहुत अधिक होना चाहिए। वातावरण के प्रभाव की सशक्तता का परिचय देने वाले कितने ही विधेयात्मक एवं निषोधात्मक कथा प्रसंग इतिहास में मिलते हैं। इतिहास की प्रसिद्ध घटना है कि जब कौरव पाण्डवों के युद्ध के लिए स्थान चयन की बात आई तो श्रीकृष्ण ने एक विशेष दूत नियुक्त किया, उसने सर्वत्र युद्ध स्थल की छानबीन की। कुरुक्षेत्र में उसने परस्पर दो सगे भाइयों को युद्ध करते देखा। यह घटना उसने श्री कृष्ण को बताई। फलतः यह क्षेत्र युद्ध के लिए चुना गया। क्योंकि उन्हें संदेह था कि भावनाशील होने के कारण कहीं अर्जुन युद्ध का परित्याग न कर बैठें। श्रवण कुमार के बारे में भी ऐसी ही कथा प्रख्यात है। वह जब अपने माता-पिता को कांवर में लिए तीर्थाटन करा रहे थे, तो एक स्थान ऐसा जहां उसने न केवल कांवर पटक दी अपितु अपने माता-पिता को कटु शब्द भी कहे। उस देश से आगे निकल जाने के बाद उसे अपने कथन पर भारी पश्चाताप हुआ। इस पर उसके पिता ने सांत्वना देते हुए समझाया कि इसमें श्रवण का कोई दोष नहीं। यह स्थान मयदानव का था जिसने कभी अपने माता-पिता को यहीं बन्दी बनाकर मृत्यु के घाट उतार दिया था। कुंती के बारे में भी ऐसी ही घटना का उल्लेख पुराणों में मिलता है। भूमि के संस्कार एक तथ्य हैं, इसे कोई भी पवित्र जलाशयों, देवमंदिरों तथा शमशान घाट में जाकर स्वयं अनुभव कर सकता है। कुल्लू की मिट्टी सेवों के लिए प्रसिद्ध है। अच्छी से अच्छी खाद, जल और मौसम पाकर भी वैसे सेब आज तक अन्यत्र कहीं नहीं उगाये जा सके। नागपुर के संतरे और भुसावल के केले अन्यत्र नहीं मिलते। मुजफ्फरपुर लीचियों के लिए प्रसिद्ध है तो लखनऊ का मलीहाबाद जैसे स्वादिष्ट आम दूसरी जगह कम मिलते हैं। यह सब मिट्टी और वतावरण केगुणों के कारण ही होता है।

## साहित्य थर्राकर कांपने लगा

**व्यंग्यलोक**

'दोस्तों! आज यह अंतरराष्ट्रीय साहित्य विकास प्रा.लि. कंपनी सम्मानीय कचरूमल जी को अंतरराष्ट्रीय साहित्य शिरोमणि से पुरस्कृत करती है। श्री कचरूमल ने अपने साहित्य में गरीबों, दलितों, मजदूरों व किसानों के भरपूर कल्याण किए हैं। आज इन्हें पुरस्कृत कर हमारा साहित्य समाज भयंकर रूप से गौरवान्वित महसूस कर रहा है।' हुआ यह कि चमचमाती गाड़ी में से उतरने वाले वे दो थे। सामने अंतरराष्ट्रीय साहित्य विकास प्राइवेट लिमिटेड कंपनी का ऑफिस एक छप्पर के नीचे चल रहा था। श्मशान रोड़ पीपल वाली गली में अवस्थित। वे दोनों गाड़ी से उतरकर सीधे इसी ऑफिस में गए। वहां एक व्यक्ति ऊंघता, मक्खियां मारता मरियल सा बैठा। कई पुराने अखबारों के कागजों में लिपटा हुआ। एकदम निचुड़ा साहित्यिक आकार! मरी मक्खी को पुनः मारने की रचना में व्यस्त! झमझमाती गाड़ी से उतरने वाले दोनों सत्य के जनों ने अपना परिचय दिया। कहा - 'हम गरीब, दलित, मजदूर व सर्वहारा वर्ग के प्रतिनिधि हैं। आपको इस बार हमें पुरस्कृत करना है। प्लास्टिक उखाड़ो दिवस अब बिल्कुल सामने है। ऐसे समय पर हमें पुरस्कृत होना ही है।' ऐसा कहते हुए एक साहित्य बाज ने अपनी जेब से 25,000 रुपये निकाल कर अखबार में लिपटे उस अंतरराष्ट्रीय साहित्यिक कंपनी के मरियल से मैनेजर की ओर उछाल दिये। तब समवेत स्वर में कविता कहने लगे - 'मेहंदी बचन जी यह लीजिए एडवांस। आपको इस प्लास्टिक उखाड़ो दिवस पर हमारा सार्वजनिक रूप से अभिनंदन करना है। लाइट, माइक, टेंट आदि खर्चे के लिए हम 25,000 रुपये एडवांस दे रहे हैं। इस बार हम दोनों का सम्मान होना ही चाहिए।' अखबार में लिपटा साहित्य अब मिमियाने लगा। हुजूर! इन 25,000 रुपयों में आपका सम्मान होना असंभव है। महंगाई कितनी है? फिर आपके लिए मोमेंटो वगैरा भी लाना पड़ेगा। अभी 2 घंटे पहले कचोरी एसोसिएशन के अध्यक्ष जी हमारे पास आए थे। उन्होंने उत्तम खाद्य पदार्थों के बारे में एक किताब लिख मारी है। उन्होंने भी पुरस्कृत होने के लिए गुहार लगाई है। यह देखिए उन्होंने पूरे 40,000 रुपये दिए हैं। आप ये 25,000 अपने पास रखो। हम 25,000 में आपका क्या एक गधे का सम्मान भी नहीं कर सकते। कहते हुए अखबारी जीव ने वापस रुपये देने चाहे। तभी दूसरे व्यक्ति ने अपनी दूसरी जेब से 20,000 रुपये निकाल कर दिए और कहा - 'अभी इससे काम चलाओ। हम आपके हाथ-पैर जोड़ते हैं। माला-मोमेंटो भी हमारे। श्रोता भी हमारे।' तब साहित्य फुरफुराया - 'भैया इस रुपयों में हम आप को पुरस्कृत नहीं कर सकते।' तब अवार्डाकांक्षी जीव ने तमंचा तानकर कहा - 'खबरदार! जो हमें पुरस्कृत नहीं किया! सीधे-सीधे पुरस्कृत कर दो। वरना हम तुम्हारा शरीर गोलियों से छलनी कर देंगे।' तब थरथर कांपने लगा तमाम साहित्य!



रामविलास जॉगिड़

# पर्यावरण के अनुकूल हो देश की परिवहन नीति



**पर्यावरण**

यूपीए शासन के दौरान तत्कालीन केंद्रीय पर्यावरण मंत्री जयराम रमेश ने एक बार 'एसयूवी' के लिए कहा था, 'सामाजिक रूप से अनुपयोगी वाहन जो वास्तव में लक्जरी वाहनों को खरीदने में सक्षम कुलीन अमीरों से डीजल-सब्सिडी का दुरुपयोग करा रहा है।' इससे पहले दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने भी बड़ी कारों को हतोत्साहित करने पर जोर दिया था जो अधिक पार्किंग स्थान और सड़क-यातायात की जगह घेरती हैं। वास्तव में भारत को एक पूरी तरह से नई कार-नीति की आवश्यकता है, जिससे बड़ी और महंगी कारों के उत्पादन को व्यावहारिक रूप से हतोत्साहित किया जा सके। बल्कि अब समय आ गया है कि एयर कंडीशनिंग के प्रावधान के साथ ऑटो-रिक्शा के उन्नत संस्करण को बाजार में पेश किया जाए ताकि कम से कम मध्यम वर्ग के लोग ऐसे वातानुकूलित ऑटो-रिक्शा पर खुद को स्विच करना पसंद करें, जो कम सड़क और पार्किंग घेरें। पर्यावरण के अनुकूल होने के अलावा ऑटो-रिक्शा अब या तो बिजली से चार्ज होते हैं या सीएनजी-इंजन वाले होते हैं। याद किया जा सकता है कि एक बार दिल्ली स्थित मैक्सिकन राजदूत ने किसी लक्जरी कार के बजाय निजी लक्जरी ऑटो-रिक्शा को प्राथमिकता दी थी।

यह समझ से परे है कि क्यों और कैसे कुछ अधिकारी और दूसरे लोग भारत में लक्जरी कार-निर्माण को बढ़ावा देना पसंद करते हैं जैसे कि कारें विलासिता के बजाय बुनियादी आवश्यकता हों। आम लोगों के उपयोग के कई अन्य क्षेत्र हैं, जहां उत्पादन बढ़ाया जाना चाहिए जैसे कि अधिक से अधिक शहरों में मेट्रो-नेटवर्क बिछाना। कार-निर्माता मेट्रो-कोच का उत्पादन करने के लिए आगे बढ़ सकते हैं, जिसके लिए निर्यात-आदेश प्राप्त करने के लिए भी प्रयास किए जाने चाहिए। वे अपनी उत्पादन क्षमता का उपयोग एयर-कंडीशनर सहित तिपहिया ऑटो-रिक्शा के निर्माण के लिए भी कर सकते हैं। दस लाख रुपये (सभी करों सहित) से अधिक एक्स-शोरूम कीमत वाली महंगी कारों के निर्माण को हतोत्साहित करने के लिए ऐसे सभी कदम उठाए जा सकते हैं। इसके लिए दस लाख रुपये से ऊपर एक्स-शोरूम कीमत वाली कारों पर सेस, रोड-टैक्स, बीमा-प्रीमियम और अन्य सभी करों के साथ जीएसटी दोगुना हो सकता है। कारों का वर्गीकरण लंबाई और इंजन-क्षमता के बजाय एक्स-शोरूम कीमत के आधार पर किया जाना चाहिए। दस लाख रुपये से अधिक एक्स-शोरूम कीमत वाली कारों के ऋण पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। साथ ही, विदेशी निर्मित कारों के आयात को हतोत्साहित करने के लिए आयातित कारों पर आयात शुल्क काफी अधिक होना चाहिए। दरअसल महंगी कारें स्टेटस-सिंबल के अलावा और कुछ नहीं हैं, और स्टेटस-सचेत व्यक्तियों की इस सनक की भारी कीमत समाज को चुकानी पड़ती है। कारों की सभी सरकारी खरीद (केंद्र, राज्य और उनके उपक्रम) अनिवार्य रूप से कारों की इकोनॉमी-रेंज से हो सकती है। हालाँकि, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, प्रधान मंत्री और भारत आने वाले विदेशी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उपयोग की जाने वाली कारों के लिए अपवाद हो सकता है। वर्ष 2021 में अतिरिक्त कलेक्टरों के उपयोग के लिए 30 लाख रुपये की कीमत वाली 32 नई लक्जरी कारों के बेड़े की खरीद के लिए तेलंगाना सरकार आलोचना में थी, और यह सही भी था। वक्त आ गया है कि अब किसी भी श्रेणी की कारों में डीजल इंजन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। पेट्रोल और डीजल की खरीद-मूल्य लगभग समान होने के कारण, डीजल की कीमत जानबूझकर कम की जाती है क्योंकि इसका उपयोग सार्वजनिक परिवहन और मालवाहनों के लिए किया जाता है। कम कीमत वाले डीजल कारों में इस्तेमाल करने की अनुमति देना इसका दुरुपयोग है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियुक्त भूरेलाल की अध्यक्षता वाली पर्यावरण-प्रदूषण-रोकथाम-नियंत्रण समिति ने दिल्ली में गैर-सीएनजी कारों पर पूर्ण प्रतिबंध का सुझाव सही दिया है। दिल्ली में सार्वजनिक-परिवहन प्रणाली में बुनियादी ढांचे की कमी के कारण, मध्यम वर्ग के लोगों के हित में दिल्ली में ऑटो-रिक्शा की संख्या पर किसी भी प्रकार की कैपिंग को हटाना सबसे अच्छा तरीका है। इससे सड़कों पर पर्याप्त संख्या में ऑटो-रिक्शा आएंगे, जिससे मीटर-रीडिंग के अनुसार न चलने या आवश्यक गंतव्यों पर जाने से इनकार करने के ऑटो-चालकों के सामान्य व्यवहार को रोका जा सकेगा। **सुभाष अग्रवाल.**

### विचार

असफलता के विचार से सफलता का उत्पन्न होना उतना ही असंभव है जितना बबूल के पेड़ से गुलाब के फूल का निकलना।
-स्वेट मॉर्डेन.

ऐसी पुस्तक का प्रतिदिन अवश्य अध्ययन करें जो आपके आत्मिक, शारीरिक, सामाजिक अथवा आर्थिक उन्नति में सहायक हो।
-जैन धर्मग्रंथ.

बाद में उत्पन्न होने वाली इच्छाओं की पूर्ति करने की अपेक्षा अपनी पहली इच्छा का दमन कर देना ही सरल और श्रेयस्कर है।
-फ्रेंकलिन.

काम और क्रोध का मूल स्थान इन्द्रियां हैं। इन्हीं इन्द्रियों से कर्म प्रवृत्ति पैदा होती है। इसलिए सबसे पहले इन इन्द्रियों को ही वश में करना चाहिए।
-ज्ञानेश्वरी.

जब तक मनुष्य के मन में काम, क्रोध, अहंकार और लोभ की अल्प मात्रा भी शेष रहती है, तब तक पंडित और मूर्ख दोनों एक समान होते हैं।
-संत कबीर.

## आपकी बात

### सामाजिक सुरक्षा की योजनाएं

केन्द्र सरकार ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को व्यापक स्तर पर सामाजिक सुरक्षा मुहैया कराने के लिए बीमा योजना, पेंशन योजना और आयुष्मान भारत योजना जैसे अनेक कार्यक्रम लांच किये हैं। इस योजना के तहत एक श्रमिक जो दिहाड़ी मजदूर है या ऐसे रोजी-रोजगार से जुड़ा है जिसमें उसकी उसको किसी तरह से सामाजिक सुरक्षा का कवर उपलब्ध नहीं है, ऐसे लोग नयी पेंशन योजना में शामिल हो सकते हैं जिसमें उनको साठ साल पूरे होने पर प्रतिवर्ष तीन हजार रुपये पेंशन मिलेगी। श्रमिकों को सुरक्षा कवर उपलब्ध कराने का यह फैसला न सिर्फ सराहनीय है बल्कि उन करोड़ों श्रमिकों तक सामाजिक सुरक्षा का विस्तार होगा जिनको वृद्धावस्था में कोई मदद नहीं मिलती थी। लेकिन इस योजना में कुछ खामियां हैं। अगर सरकार इनमें सुधार करती है तो यह और अधिक प्रभावी एवं कल्याणकारी बन जायेगी। दरअसल हर साल चार-पांच फीसद की महंगाई रहती है। उसी हिसाब से रुपये का वैल्यू कम होता जाता है। ऐसे में जो लोग आज इस योजना के सदस्य बनेंगे उनको साठ साल पूरा होने पर जो पेंशन मिलेगी उसकी वैल्यू बहुत कम होगी। इसलिए सरकार को इसमे डायनॉमिक सिस्टम लागू करना चाहिए जिसमें हर साल श्रमिक का कंट्रीब्यूशन उसकी कमाई के अनुसार बढ़ता जाये। दरअसल इस तरह की योजनाओं से असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को फायदा हो सकता है और इससे व्यापक जनकल्याण होगा।

**प्रमोद कुमार शर्मा, लखनऊ.**

### युवाओं में बढ़ायें रोजगार कौशल

एक तरफ बेरोजगारी है और दूसरी तरफ कंपनियां यह दावे कर रही हैं कि उनको योग्य कर्मचारी नहीं मिल रहे हैं। स्किल का यह डेफिसिट अगर कम हो तो रोजगार के मौके बढ़ेंगे। इसालिए सरकार को युवाओं को स्किल करने की कोशिश करनी चाहिए। बेरोजगारों को हुनरमंद कर रोजगार मुहैया कराने के लिए जो कौशल विकास मिशन संचालित है वह एनजीओ की लूटखसोट और सरकारी नियमों में फंस गया है। हर बेरोजगार को कुशल बनाने की जरूरत है लेकिन प्रदेश सरकार के कौशल विकास मिशन में प्रशिक्षण के लिए गरीबी रेखा से नीचे होना, स्वयं सहायता समूह से होना, गांव का होना जैसी तमाम बकवास भरे पड़े हैं। इसी कारण सरकारी योजनाएं सफल नहीं होती हैं। ऐसा लगता है कि जो सरकार में पहुंचता है उसकी बुद्धि कुंद हो जाती है। क्या इन खाये, पिये मोटाये लोगों को इतना भी नहीं पता है कि सबको रोजगार की जरूरत है इसलिए जो भी प्रशिक्षण लेना चाहे सबको मौका मिलना चाहिए। रोजगार को बढ़ावा देने के लिए पूरे देश में कौशल विकास मिशन योजना संचालित हैं जहां युवाओं को प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार के लिए तैयार किया जाता है। सरकार ने रोजगार स्थापित करने के लिए मुद्रा योजना जैसी स्कीम भी लांच की है। लेकिन प्रायः यह देखने में आ रहा है कि कौशल विकास मिशन के नाम पर बहुत से संस्थान सिर्फ बजट का वारा-न्यारा करते हैं। ऐसे-ऐसे कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण केन्द्र चल रहे हैं जिनके पास ट्रेनिंग देने की बेसिक सुविधाएं तक नहीं हैं। ऐसे केन्द्रों से प्रशिक्षण हासिल करने वाले युवा दरअसल महज प्रमाण पत्र पाते हैं। उनका कौशल नहीं विकसित हो पाता है। इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को और अधिक चुस्त-दुरुस्त बनाना चाहिए। कौशल विकास मिशन में युवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए पीपीपी या एनजीओ मॉडल पर मिशन चलाने के बजाय स्थायी प्रशिक्षण केन्द्र खोलना चाहिए जहां कम से कम छह माह या फिर संबंधित ट्रेड में दक्षता हासिल करने के लिए जरूरी समय तक प्रशिक्षण दिया जाये। जब युवा स्वरोजगार के लिए ही प्रशिक्षण करने जाते हैं तो फिर उनको आधा अधूरा ट्रेनिंग अगर दिया जायेगा तो फिर वे आगे चलकर स्वरोजगार में भी विफल हो जायेंगे। इसलिए युवाओं को औद्योगिक कौशल सिखाना जरूरी है।

**शोभित श्रीवास्तव, लखनऊ.**

संक्षेप

## सोना 365 रुपये बढ़कर 91 हजार रुपये के स्तर पर

नयी दिल्ली। मजबूत वैश्विक रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोने की कीमत 365 रुपये बढ़कर 91,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 90,685 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 365 रुपये की तेजी के साथ 90,600 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ।इसका पिछला बंद भाव 90,235 रुपये प्रति 10 ग्राम था।चांदी की कीमतें भी 200 रुपये बढ़कर।,01,700 रुपये प्रति किलोग्राम हो गईं। बुधवार को यह।,01,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में हाजिर सोना 34.77 डॉलर बढ़कर 3,054.05 डॉलर प्रति औंस के रिकॉर्ड उच्चस्तर के करीब पहुंच गया।

## कोक स्टूडियो भारत ने लॉन्च किया होलो लोलो

नई दिल्ली।कोक स्टूडियो भारत ने अपने तीसरे सीजन का दूसरा गाना होलो लोलो जारी किया है।यह गाना एक फंदी (हाथी संभालने वाले) कीकहानी को संगीत के जरिए बयां करता है।इसमें असम के लोक संगीत कोआज के संगीत के साथ मिलाया गया है, जो फंदी और उसके हाथी के बीचके खास रिश्ते को जीवंत करता है। इस गाने को शंकुराज कुँवर औरशाल्मली खोलगड़े ने अपनी आवाज दी है। असम की स्थानीय धुनों और हिंदीका मिश्रण इसे खास बनाता है।असम के मोरन समुदाय की पुरानी परंपराओं से प्रेरित यह गाना अकेलेपन, प्यार और प्रकृति से जुड़ाव को दर्शाता है।यह एक फंदी की कहानी है, जो अपने हाथी के लिए चारा ढूंढने महीनों तक जंगलों और पहाड़ों में भटकता है।इस सफर में वह गीत गाता है और घाटी में अपने प्रिय की यादों को संजोता है।होलो लोलो में कोक स्टूडियो भारत ने तोरानी गाँव की इसकहानी को भावुक संगीत और शानदार दृश्यों के साथ पेश किया है।

## स्प्राइट का कैंपेन जोक इन अ बॉटल लॉन्च

नई दिल्ली। स्प्राइट एक बार फिर अपना जोकइनएबॉटल कैंपेन लेकर आया है।इसबार, स्प्राइट अपने जोक इन अ बॉटल के सीजन 3 में सिर्फ चुटकुले नहीं सुना रहा, बल्कि इसने मजाकिया संगीत और आवाजों का भी इस्तेमाल किया है। ब्रांड ने कुछ नया करने की कोशिशकी है, जिससे लोगों को और भी ज्यादा हँसी आए।आजकल के युवाओं को कॉमेडी बहुत पसंद है, और सोशल मीडिया और मीम कल्चर ने भारत में कॉमेडी को एक नया रूप दिया है।स्प्राइट ने युवाओं के लिए एक कॉमेडी कैंपेन शुरू किया है, जो अब अपने तीसरे सीजन के साथ लौट रहा है।इस बार, वे देश के हर कोने में लोगों को उनके इलाके के हिसाब से मजाक सुनाएंगे।इस सीजन में सिर्फ चुटकुला नहीं सुनाए जा रहे हैं, बल्कि मीम, स्केचेज, रील्स और क्लिप्स सहित अलग-अलग तरह से कॉमेडी को पेश किया गया है।

## बैंक ऑफ बड़ौदा ने पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना की शुरू

नयी दिल्ली। बैंक ऑफ बड़ौदा ने मेधावी छात्रों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री विद्यालक्ष्मी योजना शुरू करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए वित्तीय सहायता चाहने वाले छात्रों के लिए केंद्र सरकार की एक पहलहै।इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि वित्तीय बाधाएं भारत के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न करें। आवेदक पीएम-विद्यालक्ष्मी मंच के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा से पीएम-विद्यालक्ष्मी योजना के तहत शिक्षा ऋण के लिए डिजिटल रूप से आवेदन कर सकते हैं। देश भर के विद्यार्थियों की जरूरतों को पूरा करने के लिए बैंक के पास 8,300 से अधिक शाखाओं के अलावा 12 समर्पित शिक्षा ऋण स्वीकृति प्रकोष्ठ और 119 खुदरा परिसंपत्ति प्रसंस्करण प्रकोष्ठ हैं।

## क्वालिटी वॉल्स ने पेश किया ट्विस्टर

कानपुर। क्वालिटी वॉल्स ने भारत में अपना नया ब्रांड ट्विस्टर लॉन्च किया है। अपनी अनूठी थ्री-लेयर्ड स्टिक डिजाइन के लिए मशहूर ट्विस्टर के साथइस बार रिफ्रेशमेंट का अनूठा ट्विस्ट मिलेगा।इसकी हर बाइट आपको स्वाद की नई दुनिया में ले जायेगी। ट्विस्टर यूनीलिवर के पोर्टफोलियो का एक लोकप्रिय ब्रांड है।भारतीयों युवा को ध्यान में रखकर पेश किया गया है।

# सेंसेक्स में 318 अंकों की उछाल



मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स 318 अंक के लाभ में रहा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार लिवाली और रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी तथा बजाज फाइनेंस जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में खरीदारी से तेजी को समर्थन मिला।

हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क को लेकर अनिश्चितताओं के बीच वाहन कंपनियों के शेयरों में बिकवाली और औषधि कंपनियों के शेयरों में नरम रुख से शेयर बाजारों में तेजी सीमित रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 317.93 अंक यानी 0.41 प्रतिशत चढ़कर 77,606.43 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 458.96 अंक तक चढ़ गया था।नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 105.10 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,591.95 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट, अदाणी पोर्ट्स, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, जोमैटो, भारतीय स्टेट बैंक, एचडीएफसी बैंक और टाइटन सबसे ज्यादा लाभ में रहीं। आयातित कारों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की अमेरिकी राष्ट्रपति की घोषणा के बाद टाटा मोटर्स में 5.5 प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। इसके अलावा सन फार्मा, कोटक महिंद्रा बैंक, भारती एयरटेल, एचसीएल टेक और महिंद्रा एंड महिंद्रा भी नुकसान में रहे। विदेशी संस्थागत निवेशकों के लगातार पूंजी प्रवाह और प्रमुख कंपनियों के शेयरों की खरीद के कारण बाजार बढ़त में रहा। हालांकि, ट्रंप के वाहन आयात पर लगाए गए 25 प्रतिशत शुल्क ने वाहन कंपनियों के शेयरों को प्रभावित किया है। साथ ही दवा कंपनियों के भीतर चिंताएं बढ़ा दी हैं। उन्होंने कहा कि इन चुनौतियों के बावजूद, बाजार ने मजबूती दिखाई। इसे वित्त वर्ष 2025-26 में दहाई अंक में कंपनियों की आय वृद्धि की उम्मीदों से समर्थन मिला...। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने बुधवार को 2,240.55 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.90 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित मिडकैप में 0.46 प्रतिशत की तेजी रही। एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग बढ़त में रहे जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की नुकसान में रहे। दोपहर के कारोबार में यूरोप के प्रमुख बाजारों में गिरावट का रुख था। अमेरिकी बाजारों में बुधवार को गिरावट रही थी। एफआईआई के रुख में बदलाव, बैंक और वित्तीय क्षेत्र की बड़ी कंपनियों में मजबूती और अन्य दिग्गज कंपनियों से बारी-बारी समर्थन के कारण सकारात्मक धारणा बनी हुई है।

# रुपया आठ पैसे कमजोर होकर 85.77 प्रति डॉलर पर



मुंबई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया बृहस्पतिवार को आठ पैसे टूटकर 85.77 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। आयातकों की मासांत की डॉलर मांग और प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी मुद्रा में सुधार से रुपये पर दबाव पड़ा।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आयातित वाहनों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के बाद अमेरिकी डॉलर मजबूत हुआ है। यह शुल्क दो अप्रैल से लागू होगा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये को नकदी की कमी, जवाबी शुल्क लागू होने की चिंताओं और आयातकों की ओर से महीने के अंत में अमेरिकी मुद्रा की मांग के कारण नए सिरे से दबाव का सामना करना पड़ा। हालांकि, विदेशी पूंजी के प्रवाह ने निचले स्तर पर रुपये को समर्थन दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया डॉलर के मुकाबले 85.90 पर खुला। दिन में इसमें 85.73 प्रति डॉलर के उच्चस्तर तथा 85.93 प्रति डॉलर के निचले स्तर का छुआ। अंत में यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.77 (अस्थायी) पर बंद हुआ जो पिछले बंद से आठ पैसे की गिरावट है। रुपया बुधवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.69 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.11 प्रतिशत की गिरावट के साथ 104.43 पर रहा।

अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.46 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73.45 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा। घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 317.93 अंक की बढ़त के साथ 77,606.43 अंक पर, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 105.10 अंक चढ़कर 23,591.95 अंक पर बंद हुआ। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) बुधवार को लिवाल रहे और उन्होंने शुद्ध रूप से 2,240.55 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## बीआईएस ने अमेजन, फ्लिपकार्ट के गोदामों पर छापेमारी की, घटिया सामान किया जब्त

नयी दिल्ली। भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने यहां अमेजन तथा फ्लिपकार्ट के गोदामों पर छापेमारी की और ऐसे हजारों उत्पादों को जब्त जिनका उचित गुणवत्ता प्रमाणपत्र नहीं था। सरकार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

आधिकारिक बयान के अनुसार, मोहन सहकारी औद्योगिक क्षेत्र में अमेजन सेलर्स प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में 19 मार्च को 15 घंटे की कार्वाई में बीआईएस अधिकारियों ने गीजर तथा फूड मिक्सर सहित 3,500 से अधिक इलेक्ट्रिकिल उत्पाद जब्त किए, जिनकी कीमत करीब 70 लाख रुपये है।इसमें में कहा गया, फ्लिपकार्ट की अनुषंगी कंपनी इंस्टाकार्ट सर्विसेज के गोदाम में भी छापेमारी की गई। वहां से 590 जोड़ी स्पोर्ट्स फुटवियर जब्त किए गए जिन पर आवश्यक विनिर्माण चिह्न नहीं थे। इनकी कीमत करीब छह लाख रुपये आंकी गई है। यह कार्रवाई गुणवत्ता मानकों को लागू करने के लिए बीआईएस द्वारा चलाए जा रहे व्यापक राष्ट्रव्यापी अभियान का हिस्सा है। पिछले महीने दिल्ली, गुरुग्राम, फरीदाबाद, लखनऊ और श्रीपेरंबदूर सहित कई स्थानों पर इसी तरह की छापेमारी की गई थी। बयान में कहा गया कि ये छापे उपभोक्ता सुरक्षा सुनिश्चित करने और उत्पाद गुणवत्ता मानकों को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण हैं। वर्तमान में, 769 उत्पाद श्रेणियों को भारतीय विनियामकों से अनिवार्य प्रमाणन की आवश्यकता है।

## सरकार ने रबी के लिए 37.39 लाख टन चना खरीद को दी मंजूरी



नयी दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार ने 2025 रबी विपणन सत्र के लिए 37.39 लाख टन चना तथा मसूर और 28.28 लाख टन सरसों की खरीद को मंजूरी दी है।

सरकार मूल्य समर्थन योजना (पीएसएस) के अंतर्गत केंद्रीय नोडल एजेंसियों भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ लिमिटेड (नेफेड) और भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ) के माध्यम से जिंसों की खरीद करेगी, जिसमें राजस्थान, मध्य प्रदेश और गुजरात प्रमुख उत्पादक राज्य होंगे। चौहान ने कहा कि दलहनों की खरीद में 27.99 लाख टन चना और 9.40 लाख टन मसूर शामिल है। उन्होंने राज्य सरकारों से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करें कि खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम पर न की जाए। खरीफ (ग्रीष्म) दालों के बारे में मंत्री ने कहा कि तुअर की खरीद 2.46 लाख टन तक पहुंच गई है, जिससे 1.71 लाख किसानों को लाभ हुआ है। तुअर, उड़द और मसूर की खरीद आंध्र प्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र सहित नौ राज्यों से की जा रही है। चौहान ने पत्रकारों से कहा कि आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में एमएसपी पर खरीद जारी है। उत्तर प्रदेश में तुअर की कीमतें वर्तमान में एमएसपी से अधिक हैं और केंद्र नोडल एजेंसियों के जरिये 100 प्रतिशत खरीद के लिए प्रतिबद्ध है। कर्नाटक में खरीद अवधि 30 दिन बढ़ाकर एक मई कर दी गई है। सरकार ने वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए अगले चार वर्षों तक इन दालों की खरीद करने की घोषणा की थी।

## ट्रंप की घोषणा के बाद वाहन कंपनियों के शेयर में गिरावट

नयी दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के अप्रैल से आयातित वाहनों व घटकों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा के बाद बृहस्पतिवार को सुबह के कारोबार में वाहन कंपनियों के शेयरों में गिरावट आई। टाटा मोटर्स का शेयर छह प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया।

बीएसई पर टाटा मोटर्स का शेयर 6.58 प्रतिशत की गिरावट के साथ 661.35 रुपये पर आ गए। अशोक लेलैंड के शेयर में 4.60 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.70 प्रतिशत, बजाज ऑटो में 1.48 प्रतिशत तथा अपोलो टायर्स के शेयर में 1.41 प्रतिशत की गिरावट आई। बीएसई वाहन सूचकांक 0.86 प्रतिशत की गिरावट के साथ 48,286.47 अंक पर आ गया। वाहन कलपुर्जा व घटक विनिर्माताओं में से संवर्धन मदरसन इंटरनेशनल के शेयर में 7.59 प्रतिशत, सोना बीएलडब्ल्यू प्रिसिजन फोर्जिंग्स में 6.69 प्रतिशत, भारत फोर्ज में 4.28 प्रतिशत तथा एएसके ऑटोमोटिव लिमिटेड के शेयर में में 1.82 प्रतिशत की गिरावट आई। अमेरिका में सभी आयातित वाहनों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने के ट्रंप के निर्णय का टाटा मोटर्स पर काफी प्रभाव पड़ेगा जो अमेरिका को जेएलआर कार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा निर्यात करती है।

# रिजर्व बैंक अप्रैल में घटा सकता है रेपो दर

नयी दिल्ली। साख तय करने वाली और शोध एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मौद्रिक नीति समिति आर्थिक वृद्धि को गति देने के इरादे से अगले महीने अपनी समीक्षा बैठक में प्रमुख नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सकती है। इंडिया रेटिंग्स के मुख्य अर्थशास्त्री और सार्वजनिक वित्त प्रमुख देवेंद्र कुमार पंत ने कहा, हमें उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 में सकल (हेडलाइन) मुद्रास्फीति घटकर 4.7 प्रतिशत रहेगी। वित्त वर्ष 2025-26 में मौद्रिक नीति में कुल मिलाकर 0.75 प्रतिशत तक की कटौती हो सकती है।

उन्होंने कहा कि हालांकि, अगर अमेरिका के जवाबी शुल्क का प्रभाव अपेक्षा से अधिक हुआ, तो ऐसे में आरबीआई मौद्रिक नीति के मोर्चे पर अधिक ढील दे सकता है। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की अगले वित्त वर्ष 2025-26 में छह बैठकें होगी। पहली बैठक सात से नौ अप्रैल को होनी है। रेटिंग एजेंसी ने कहा, इंडिया रेटिंग्स को उम्मीद है कि मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) अप्रैल, 2025 में होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में नीतिगत दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती का विकल्प चुन सकती है। आरबीआई ने ऊंची महंगाई दर के कारण लंबे समय तक प्रमुख नीतिगत दर रेपो में कोई बदलाव नहीं किया था। केंद्रीय बैंक ने मई, 2022 और फरवरी, 2023 के बीच नीतिगत दर को 2.50 प्रतिशत बढ़ाकर 6.5 प्रतिशत कर दिया था। फरवरी, 2025 में, रेपो दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर इसे 6.25 प्रतिशत किया गया। इंडिया रेटिंग्स को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 की मार्च तिमाही में खुदरा मुद्रास्फीति 21 तिमाहियों के अंतराल के बाद चार प्रतिशत से नीचे आ जाएगी।

## अमेजन इंडिया की किताबों और खिलौनों की श्रेणी में दोहरे अंकों में वृद्धि



लखनऊ। अमेजन इंडिया की किताबों और खिलौनों की श्रेणी के लिए उत्तर प्रदेश सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन गया है। राज्य में सीखने पर केंद्रित खरीदारी प्रवृत्तियों के चलते लगातार 3 वर्षों से साल-दर-साल दोहरे अंकों की प्रभावशाली वृद्धि हो रही है। शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ उभरते शहरों में भी ग्राहक सीखने और मनोरंजन के उद्देश्य से किताबों में तेजी से निवेश कर रहे हैं। अमेजन इंडिया में किताबें और खिलौनों के निदेशक, राजर्षि गुइन ने कहा कि हमें खुशी है कि उत्तर प्रदेश के ग्राहक अमेजॉन.इन पर किताबों और खिलौनों को बड़े उत्साह से अपना रहे हैं। यह धारणा गलत साबित हो रही है कि आज की डिजिटल पीढ़ी ने पढ़ाई और भौतिक खेलों से दूरी बना ली है। उत्तर प्रदेश में हमारी वृद्धि इसकी एक अलग कहानी बयां करती है। ग्राहक सोच-समझकर उन संसाधनों का चयन कर रहे हैं, जो लंबे समय तक मूल्य प्रदान करते हैं, चाहे वह परीक्षा की तैयारी के लिए सामग्री हो, क्षेत्रीय भाषाओं के लोकप्रिय साहित्यिक शीर्षक हों या कौशल-विकास वाले खिलौने। खास बात यह है कि यह प्रवृत्ति अब पूरे उत्तर प्रदेश में फैल रही है, क्योंकि हमारे कई नए ग्राहक उभरते शहरों से भी जुड़ रहे हैं।

# ट्रंप की आयातित वाहनों व घटकों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा, अप्रैल से होगा लागू



वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वह आयातित वाहनों व घटकों पर 25 प्रतिशत शुल्क लगा रहे हैं।

व्हाइट हाउस का दावा है कि इससे घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा, लेकिन वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भर वाहन विनिर्माताओं पर वित्तीय दबाव भी पड़ सकता है। ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि इससे वृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। हम प्रभावी रूप से 25 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे। शुल्क से व्हाइट हाउस को सालाना 100 अरब अमेरिकी डॉलर का राजस्व मिलने की उम्मीद है। हालांकि यह आसान नहीं होगा क्योंकि अमेरिकी वाहन विनिर्माता भी अपने कई कलपुर्जे व घटक दुनिया भर से खरीदते हैं। अप्रैल से शुरू होने वाली कर वृद्धि का मतलब है कि वाहन विनिर्माताओं को उच्च लागत और कम बिक्री का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, ट्रंप का तर्क है कि शुल्क के कारण अमेरिका में और अधिक कारखाने खुलेंगे तथा वह बेकार आपूर्ति श्रृंखला समाप्त हो जाएगी, जिसके माध्यम से अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में वाहन कलपुर्जों और तैयार वाहनों का विनिर्माण किया जाता है। ट्रंप ने अपने द्वारा हस्ताक्षरित शुल्क निर्देश के प्रति अपनी गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह स्थायी (फैसला) है। राष्ट्रपति ने कहा कि वाहनों पर शुल्क तीन अप्रैल से वसूला जाना शुरू किया जाएगा। इस बीच, बुधवार को कारोबार में जनरल मोटर्स के शेयर में करीब तीन प्रतिशत की गिरावट आई। फोर्ड के शेयर में मामूली बढ़त दर्ज की गई। जीप तथा क्रिसलर का स्वामित्व रखने वाली स्टेलेंटिस के शेयर में भी करीब 3.6 प्रतिशत की गिरावट आई। हम वाहनों की कीमतों में काफी वृद्धि देख रहे हैं। हमें कम विकल्प देखने को मिलेंगे।

पेज एक का शेष

## पुतिन ने

व्लादिमीर पुतिन ने भारत सरकार के प्रमुख के दिल्ली दौरे के आमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। रूसी राष्ट्राध्यक्ष की भारतीय गणराज्य की यात्रा की फिलहाल तैयारी की जा रही है। लावरोव ने कहा कि पिछले साल फिर से चुने जाने के बाद प्रधानमंत्री मोदी की सबसे पहली विदेश यात्रा रूस की थी। उन्होंने कहा, अब हमारी बारी है। हालांकि, यात्रा की तारीखों का अभी खुलासा नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जुलाई 2024 में रूस की यात्रा की थी, जो लगभग पांच वर्षों में उनकी पहली रूस यात्रा थी। इससे पहले, उन्होंने 2019 में एक आर्थिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए सुदूर पूर्वी शहर व्लादिवोस्तोक का दौरा किया था। पिछली यात्रा के दौरान मोदी ने पुतिन को भारत आने का आमंत्रण दिया था। लावरोव ने 24 मार्च को कहा कि रूस, भारत के साथ विशेषाधिकार प्राप्त रणनीतिक साझेदारी विकसित कर रहा है।

## भारत कोई

संकल्प के साथ काम कर रही है। पहला संकल्प 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनना और दूसरा 2047 तक विकसित देश बनना है। उन्होंने विपक्षी सदस्यों की कुछ आपत्तियों को खारिज करते हुए कहा कि गहन विचार-विमर्श के बाद विधेयक तैयार किया गया है और इसका सिर्फ राजनीतिक कारणों से विरोध नहीं करना चाहिए। शाह ने कहा कि भारत की सॉफ्ट पॉवर ने दुनिया में डंका बजाया है और अब यह और मजबूत होगी।

## देश सेवा

हमने प्रदेश में 8.30 लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। अगर यह नियुक्तियां सुचिता और पारदर्शिता के साथ नहीं होतीं, तो ये सभी मामले कोर्ट में लंबित हो जाते और एक भी भर्ती पूरी नहीं हो पाती। उन्होंने कहा कि इन 8 वर्षों में 1,56,000 पुलिसकर्मियों की भर्ती की गई, 60,200 पुलिसकर्मियों की भर्ती प्रक्रिया हाल ही में पूरी हुई है, और साथ ही बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति भी की गई है। अन्य विभागों में भी इसी तत्परता के साथ भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया। सीएम योगी ने कहा कि आज जब प्रशिक्षित और दक्ष कार्मिक शासकीय सेवा का हिस्सा बनते हैं, तो कार्य पद्धति में तेजी आती है। यही वजह है कि उत्तर प्रदेश आज बीमारू राज्य नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बनकर उभरा है। सीएम योगी ने 2017 से पहले की प्रदेश की स्थिति और पूर्ववर्ती सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा कि 8 वर्ष पहले यूपीपीएससी, यूपीएसएसएससी और पुलिस भर्ती बोर्ड की कार्य पद्धति पर गंभीर सवाल उठते थे।

## सीएम योगी

हाल में उपकरण लगने चाहिए, टेक्नोलॉजी को इतना तेज किया जाए कि लोगोंको पता चल जाए कि बिजली गिरने वाली है और वे पक्के घरों में चले जाएं। पेड़ के नीचे न रहें। पहले से ही अगर यह जानकार लोगों को मिल जाए तो अमूल्य जान बचाई जा सकती हैं। सीएम योगी ने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत 5 लाख तक का ब्याज मुक्त ऋण सरकार दे रही है। उद्यमी बनने की शुरुआत यहीं से होती है। हमारा युवा अब नौकरी देगा। यूपी से बाहर पलायन नहीं करेगा।

## अवैध ई-रिक्शा

तत्काल कार्वाई करने का निर्देश दिया।परिवहन आयुक्त बृजेश नारायण सिंह ने सभी जिला मजिस्ट्रेट, पुलिस आयुक्त और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और पुलिस अधीक्षकों को लिखे एक पत्र में कहा कि एक अप्रैल से 30 अप्रैल तक गैर पंजीकृत और अवैध ई-रिक्शा और ऑटोरिक्शा के खिलाफ एक संयुक्त अभियान चलाया जाएगा।

## वाह रे लखनऊ

शुक्रवार की रात उनके मकान के सामने से सफेद कलर की अपाचे मोटरसाइकिल यूपी 44 बीके 0341 अज्ञात चोरों द्वारा चोरी हो गयी थी जिसका मुकदमा 24 मार्च को गोमतीनगर थाने में पुलिस ने दर्ज कर दिया। अब गौर करने वाली बात यह है कि इसी बाइक का दूसरा मुकदमा गोमतीनगर पुलिस ने 25 मार्च को दोबारा दर्ज कर दिया। इसे पुलिस की लापरवाही कहें या जरूरत से ज्यादा जिम्मेदार। फिलहाल दोनों मुकदमें दर्ज हैं लेकिन अभी तक न तो पीड़ित की मोटरसाइकिल ही बरामद हुई है और न ही चोर पकड़े गये हैं।

## डर के

स्थिति को देखते हुए बबलू ने दोनों का विवाह कराने का निर्णय किया और सोमवार को वह राधिका और विशाल को ढंघटा तहसील ले गया, जहां एक समझौता पत्र तैयार किया गया। इसके बाद दोनों का ग्रामीणों की उपस्थिति में शिव मंदिर में विवाह करा दिया गया।

## धामी ने 1232

उनके जीवन को बचाने के लिए अथक परिश्रम किया। उन्होंने आशा व्यक्त की कि नव नियुक्त नर्सिंग अधिकारी पूर्ण निष्ठा, समर्पण और मानवीय मूल्यों के साथ कार्य करेंगे और प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को एक नई ऊंचाई प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभायेंगे। उन्होंने कहा कि आयुष्मान योजना के तहत प्रदेश में लगभग 11 लाख से अधिक मरीजों को 2100 करोड़ रुपये से अधिक के कैशलेस उपचार का लाभ प्राप्त हो चुका है। इसके अलावा, राज्य के प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज स्थापित कर रहे हैं, ताकि हमारे सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों को उनके जिले में ही आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं सहज रूप से उपलब्ध हो सकें। राज्य के प्रत्येक क्षेत्र के लिए हेली एंबुलेंस सेवा भी प्रारंभ की गई है, जो किसी भी आपात स्थिति में सुदूरवर्ती क्षेत्रों के लोगों के लिए जीवन रक्षक साबित हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए भी निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं, इसी क्रम में, चिकित्सा शिक्षा को सशक्त बनाने के लिए अब तक 173 असिस्टेंट प्रोफेसर्स, 56 संकाय सदस्य और 185 तकनीशियन नियुक्त किए जा चुके हैं। इसी का परिणाम है कि 3 वर्ष में ही प्रदेश के 22 हजार से अधिक युवा सरकारी नौकरी पाने में सफल रहे हैं। चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि लोगों को उनके घर पर ही बेहतर और किफायती इलाज मिले, इसके लिए सरकार प्रयासरत है। पिथौरागढ़ और रुद्रपुर मेडिकल कॉलेज के जल्द संचालन की तैयारी है। जिससे एक ओर सरकार को चिकित्सक वहीं, दूसरी ओर लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

## लोकसभा में


लगने के बाद कथित तौर पर अधजली नकदी बरामद हुई थी। कांग्रेस के मनीष तिवारी ने इस मुद्दे पर कहा कि इस घटना ने नागरिकों की अंतरात्मा को झकझोर दिया है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका पर निगरानी का अधिकार इस संसद को है और कानून मंत्री को सदन में इस पूरे घटनाक्रम की जानकारी देनी चाहिए। तिवारी ने कहा सरकार को बताना चाहिए कि उसे इस बारे में क्या जानकारी है और आखिरकार क्या हुआ था।

उत्तर प्रदेश के फूलपुर संसदीय क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के सदस्य प्रवीण पटेल ने न्यायमूर्ति वर्मा का तबादला इलाहाबाद उच्च न्यायालय में किए जाने की पृष्ठभूमि में कहा कि यह उच्च न्यायालय उनके संसदीय क्षेत्र में आता है और इस फैसले से वहां के वकील और कई जनपद अदालतों के अधिवक्ता आक्रोशित हैं। कांग्रेस की आर सुधा ने कहा कि संसद सत्र चल रहा है लेकिन इस मुद्दे पर सरकार की ओर से कोई बयान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि कुछ अधिकारियों के बयानों और घटनाक्रम से ऐसा लगता है कि न्यायाधीश को बचाया जा रहा है।

## शाहजहांपुर में

सिर में काफी चोट आई थी। एसपी ने कहा हादसे के बाद से राजीव अक्सर उग्र हो जाता था। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिस हथियार से बच्चों का गला रेता गया उसे पुलिस ने बरामद कर लिया है। उन्होंने कहा कि इस हथियार पर राजीव ने बुधवार रात रेती से धार भी लगाई थी और इसे (रेती) भी कब्जे में लिया गया है। एसपी ने बताया कि पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और मामले में जांच की जा रही है। वहीं, राजीव के पिता पृथ्वीराज ने कहा कि उनका बेटा मजदूरी करता था।

# शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस सभापति धनखड़ ने किया खारिज



नयी दिल्ली। राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ विशेषाधिकार हनन नोटिस बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। शाह ने अपने बयान को प्रमाणित करने के लिए 1948 की एक सरकारी प्रेस विज्ञप्ति का हवाला दिया था कि कांग्रेस के एक नेता प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष के प्रबंधन का हिस्सा थे। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी पर आक्षेप लगाने का आरोप लगाते हुए शाह के खिलाफ नोटिस दिया था। धनखड़ ने कहा कि शाह ने 25 मार्च को राज्यसभा में आपदा प्रबंधन विधेयक, 2024 पर हुई बहस का जवाब देते हुए कुछ टिप्पणियां करने के बाद अपने बयान को प्रमाणित करने पर सहमति व्यक्त की थी। उन्होंने कहा कि मंत्री ने 24 जनवरी, 1948 को भारत सरकार के प्रेस सूचना ब्यूरो द्वारा जारी एक प्रेस बयान का हवाला दिया, जिसमें तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने पीएमएनआरएफ (प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष) शुरू करने की घोषणा की थी।

## कठुआ में मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

जम्मू। जम्मू-कश्मीर के कठुआ जिले में हुई मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए और पांच सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। सुरक्षा बलों ने करीब पांच आतंकी घुसपैठियों के समूह को खत्म करने के लिए अपना अभियान तेज कर दिया है। हालांकि यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि क्या यह वही समूह है जो कठुआ क्षेत्र के सान्याल जंगल में पहले की गई घेराबंदी से बचकर भाग रहा था या फिर हाल ही में घुसपैठ करने वाले आतंकवादियों का एक और समूह था। अधिकारियों ने कहा कि मुठभेड़ के दौरान भीषण गोलीबारी और विस्फोट हुए। राजबाग के घाटी जूथाना क्षेत्र में जखोले गांव के पास हुई इस मुठभेड़ में लगभग पांच आतंकवादियों का एक समूह शामिल है। शुरुआती गोलीबारी में विशेष पुलिस अधिकारी भरत चलोत्रा घायल हो गए।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com




## संक्षेप

### करमाकर के निलंबन पर चर्चा की जायेगी : एनआरएआई

नयी दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने बृहस्पतिवार को कहा कि अर्जुन पुरस्कार विजेता जॉयदीप करमाकर को पश्चिम बंगाल में सभी निशानेबाजी गतिविधियों से निलंबित किए जाने के बारे में उचित स्तर पर चर्चा की जाएगी। पश्चिम बंगाल राइफल संघ (डब्ल्यूबीआरए) ने राइफल कोच करमाकर को राज्य में निशानेबाजी से संबंधित गतिविधियों से प्रतिबंधित करने का कदम तब उठाया जब इस ओलंपियन ने साल के शुरु में उत्तराखंड में आयोजित 2025 राष्ट्रीय खेलों के लिए चयन पर सवाल उठाए थे। एनआरएआई सचिव राजीव भाटिया ने कहा, इस पर उचित स्तर पर चर्चा की जाएगी। करमाकर का पत्र कल आया है। और अब यह एनआरएआई अध्यक्ष के पास जाएगा। करमाकर ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में राइफल प्रोन स्पर्धाओं में भारत का प्रतिनिधित्व किया और 2016 में रियो ओलंपिक में पदक जीतने से चूक गए थे। डब्ल्यूबीआरए ने कहा कि करमाकर को निलंबित करने से पहले उसने सोशल नेटवर्किंग साइट फेसबुक पर आपत्तिजनक पोस्ट के लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजा था। करमाकर ने आरोप लगाया कि कुछ डब्ल्यूबीआरए अधिकारी भ्रष्ट गतिविधियों में शामिल थे और राष्ट्रीय खेलों के लिए राज्य टीम का चयन निष्पक्ष नहीं था और 18 जनवरी को इसके बारे में पोस्ट किया था।

### आरसीबी के लिए चेपक में खेलना बड़ी चुनौती : वाटसन

चेन्नई। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर शेन वाटसन ने कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) को शुक्रवार को चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ अपने दूसरे आईपीएल मैच में चेपक की पिच की जरूरत के अनुसार अपने टीम संयोजन में बदलाव करना होगा। आरसीबी ने कोलकाता नाइट राइडर्स पर शानदार जीत दर्ज की लेकिन वाटसन का मानना है कि चेन्नई के खिलाफ उन्हें बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। वाटसन ने जियोस्टार पर कहा आरसीबी के लिए चेपक में खेलना एक बड़ी चुनौती होगी, विशेषकर सुपरकिंग्स के पास मौजूद बेहतरीन गेंदबाजों को देखते हुए। सुपरकिंग्स की ताकत का मुकाबला करने के लिए आरसीबी को अपने टीम संयोजन में बदलाव करने की जरूरत होगी। लेकिन कोई गलती नहीं करें - चेपक एक किला है। अपने आईपीएल करियर में सुपरकिंग्स और आरसीबी दोनों के लिए खेलने वाले वाटसन ने चेन्नई के पास बेहतरीन स्पिनरों की मौजूदगी को घरेलू मैदान पर उनके दबदबे का मुख्य कारण बताया। वाटसन ने कहा सुपरकिंग्स का पूरा ढांचा चेन्नई में बेहतरीन प्रदर्शन करने के इर्द-गिर्द बना है। मुंबई इंडियन्स के खिलाफ अपने शुरुआती मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले तीनों स्पिनरों- अश्विन, जडेजा और नूर अहमद, को ही देखें। वे उस सतह पर वाकई बहुत उपयोगी साबित होंगे। उन्होंने कहा नूर अहमद के सुपरकिंग्स के लिए पहले ही मैच में इतने प्रभावशाली प्रदर्शन से टीम का आत्मविश्वास ही बढ़ेगा क्योंकि उन्हें पता है कि उनके पास विकेट लेने का एक और विकल्प है।

### हॉकी लीग में बंगाल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, झारखंड जीते

रांची। बंगाल, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र और झारखंड ने बृहस्पतिवार को यहां राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के अंतिम चरण में जीत दर्ज की। हरियाणा तालिका में शीर्ष पर रहा और शुक्रवार को फाइनल में ओडिशा से खेलेगा। झारखंड ने लीग चरण का समापन तीसरे स्थान पर किया और शुक्रवार को पोडियम फिनिश के लिए मिजोरम से मुकाबला करेगा। पूल ए के पहले मैच में बंगाल ने हॉकी को 2-। से हराया, जबकि मध्य प्रदेश ने हरियाणा के खिलाफ 2-। से जीत दर्ज की। दूसरे मैच में महाराष्ट्र ने मिजोरम को 2-। से हराया। अंतिम लीग मैच के बाद मिजोरम ने अभियान को चौथे स्थान पर समाप्त किया और झारखंड के खिलाफ पोडियम फिनिश के लिए प्रतिस्पर्धा करेगा जबकि महाराष्ट्र ने छठा स्थान हासिल किया। दिन के आखिरी मैच में झारखंड ने 2-0 के स्कोर के साथ ओडिशा को हराया।

# हैदराबाद ने लखनऊ को दिया 190 रन लक्ष्य

## आईपीएल : शार्दूल ठाकुर को 4 विकेट, अनिकेत वर्मा ने 13 गेंद पर 36 रन बनाये

एजेंसी

हैदराबाद। लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में टॉस जीतकर गेंदबाजी करते हुए शार्दुल ठाकुर के चार विकेट की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) को नौ विकेट पर 190 रन पर रोक दिया। एसआरएच के लिए सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड 47 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

उनके अलावा अनिकेत वर्मा ने 36 और नीतिश कुमार रेड्डी ने 32 रन का योगदान दिया। शार्दुल ने 34 रन देकर चार विकेट झटके जबकि आवेश खान, दिग्वेश राठी, रवि बिश्नोई और प्रिंस यादव को एक एक विकेट मिला। उन्हें प्रिंस यादव ने बोल्ड किया। आईपीएल के 7वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपरजायंट्स को 191 रन का टारगेट दिया। राजीव गांधी स्टेडियम में लखनऊ ने टॉस जीतकर बॉलिंग चुनी। रफल ने 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए। लखनऊ से शार्दूल ठाकुर ने 4 विकेट लिए। लखनऊ सुपरजायंट्स ने 1 ओवर के बाद बगैर नुकसान के 3 रन बना लिए हैं। टीम से मिचेल मार्श और ऐडन मार्करम पिच पर हैं। हैदराबाद से अभिषेक शर्मा ने पहला ओवर फेंका। एसआरएच से ट्रैविस हेड ने सबसे ज्यादा 47 रन बनाए। अनिकेत वर्मा ने 5 छक्के लगाकर 36 रन बनाए। नीतीश रेड्डी ने 32 और हेनरिक क्लासन ने 26 रन की पारी खेली। एलएसजी से प्रिंस यादव, आवेश खान, रवि बिश्नोई और दिग्वेश राठी ने 1-1 विकेट लिया। एक बैटर रनआउट भी हुआ। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद ने 9 विकेट खोकर 190 रन बनाए। टीम से ट्रैविस हेड ने सबसे ज्यादा 47 रन बनाए। अनिकेत वर्मा ने 5 छक्के लगाकर 36 रन बनाए।



नीतीश रेड्डी ने 32 और हेनरिक क्लासन ने 26 रन की पारी खेली। एलएसजी से शार्दूल ठाकुर को 4 विकेट मिले। प्रिंस यादव, आवेश खान, रवि बिश्नोई और दिग्वेश राठी ने 1-1 विकेट लिया। एक बैटर रनआउट भी हुआ। 19वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने 9वां विकेट गंवाया। शार्दूल ठाकुर ने मोहम्मद शमी को कवर्स पोजिशन पर कैच कराया। शमी 1 ही रन बना सके। 18वें ओवर में आवेश खान ने रफल के कप्तान पैट कमिंस को कैच कराया। कमिंस ने 4 गेंद पर 3 छक्के लगाकर 18 रन बनाए। 17वें ओवर की दूसरी गेंद पर शार्दूल ठाकुर ने अपना तीसरा विकेट लिया। उन्होंने अभिनव मनोहर को डीप पॉइंट पोजिशन पर अब्दुल समद के हाथों कैच कराया। मनोहर 2 ही रन बना सके। 16वें ओवर में हैदराबाद ने अपने 150 रन पूरे कर लिए। अनिकेत वर्मा ने दिग्वेश राठी के खिलाफ चौथी गेंद पर छक्का लगाया और टीम के 150 रन पूरे कराए। उन्होंने अगली ही गेंद पर एक और छक्का लगा दिया, लेकिन छठी गेंद पर कैच भी हो गए। 15वें ओवर में अनिकेत वर्मा ने रवि बिश्नोई के खिलाफ लगातार 2 छक्के लगाए। उन्होंने बिश्नोई की चौथी और पांचवीं गेंद को बाउंड्री के पार पहुंचाया। उन्होंने पारी में बिश्नोई के खिलाफ कुल 3 छक्के लगाए। 15वें ओवर की पहली गेंद पर रवि बिश्नोई ने नीतीश रेड्डी को बोल्ड किया। नीतीश ने 28 गेंद पर 32 रन बनाए।

उनकी पारी में 2 चौके शामिल रहे। 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर हैदराबाद ने चौथा विकेट गंवाया। हेनरिक क्लासन 26 रन बनाकर रन आउट हो गए। प्रिंस यादव ने फुलटॉस बॉल फेंकी, नीतीश ने सामने की ओर शॉट खेला। प्रिंस ने कैच पकड़ने की कोशिश की, लेकिन बॉल उनके हाथ से लगकर स्टंप्स से टकरा गई। क्लासन अपनी क्रीज से बाहर थे, इसलिए उन्हें पवेलियन लौटना पड़ा। नीतीश रेड्डी ने हेनरिक क्लासन के साथ मिलकर टीम को 100 रन के पार पहुंचाया। 11वें ओवर में सनराइजर्स हैदराबाद ने अपने 100 रन पूरे कर लिए। हेनरिक क्लासन ने रवि बिश्नोई के खिलाफ सामने की दिशा में चौका लगाकर टीम की सेंचुरी पूरी कराई। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी एसआरएस का स्कोर 10 ओवर में 100 रन पार नहीं कर सका। टीम ने 3 विकेट के नुकसान पर 96 रन बनाए। हेनरिक क्लासन और नीतीश रेड्डी पिच पर मौजूद रहे। लखनऊ सुपरजायंट्स को 8वें ओवर में तीसरा विकेट मिला। प्रिंस यादव ने ट्रैविस हेड को तीसरी गेंद पर बोल्ड कर दिया। हेड ने 28 गेंद पर 47 रन बनाए। उन्होंने पारी में 5 चौके और 3 छक्के लगाए। 7वें ओवर में ट्रैविस हेड और नीतीश रेड्डी ने तीसरे विकेट के लिए फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली।

# चेन्नई व आरसीबी आज होंगे आमने-सामने

चेन्नई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू (आरसीबी) शुक्रवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग मैच में जब चेन्नई सुपरकिंग्स से भिड़ेगा तो टीम की नजरें यहां जीत के 17 साल के इंतजार को खत्म करने के लिए अपने अनुभवी बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। आरसीबी ने चेपक में सुपरकिंग्स को सिर्फ एक बार हराया है और वह भी 2008 में टूर्नामेंट के पहले सत्र में। आरसीबी की मौजूदा टीम में सिर्फ स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ही उस मैच का हिस्सा थे और अब वह दूसरी बार सुपरकिंग्स के किले को भेदना चाहेंगे।

हालांकि आरसीबी की राह आसान नहीं होगी। हमेशा की तरह चेन्नई की टीम स्पिनरों की मददगार पिच पर अपने घरेलू मैचों में विरोधी टीमों को कड़ी टक्कर देने को तैयार होगी। टीम के पास अनुभवी रविंद्र जडेजा हैं जो लंबे समय से टीम का हिस्सा हैं जबकि पिछले साल खिलाड़ियों की नीलामी के जरिए उन्होंने अपने पुराने खिलाड़ी रविचंद्रन अश्विन को टीम के साथ जोड़ा है। चेन्नई की टीम ने अफगानिस्तान के बाएं हाथ के कलाई के स्पिनर नूर अहमद को भी टीम में शामिल किया है और इस तिकड़ी ने कुछ दिन पहले पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया था। मुंबई के खिलाफ तीनों ने मिलकर 11 ओवर फेंके और 70 रन देकर पांच विकेट लिए। इस मैच में भी चेन्नई की



पारंपरिक पिच देखने को मिलेगी और कोहली की अगुआई में आरसीबी के बल्लेबाजों को अनुभवी गेंदबाजी आक्रमण को मात देने के लिए अपने खेल को बेहतर करना होगा। आरसीबी के बल्लेबाजी क्रम को सुपरकिंग्स के तीन आयामी स्पिन आक्रमण के खिलाफ पूरी तरह से आक्रामक होने की जगह अधिक चतुर होना होगा और कोहली को उनका नेतृत्व करना होगा। स्पिन का सामना करना हमेशा से कोहली की बल्लेबाजी का मजबूत पक्ष नहीं रहा है।

# भारत सेवा संस्थान ने जीता कबड्डी का खिताब



लखनऊ। सी बी गुप्ता बीएसएस महाविद्यालय द्वारा आयोजित सीबी गुप्ता खेल महोत्सव के दूसरे एवं अंतिम दिन गुरुवार को भारत सेवा संस्थान ने सीनियर बालिकाओं वर्ग में कबड्डी का खिताब जीता। इसके अलावा के केकेसी, आशीर्वाद, दयानन्द ने अपने अपने वर्गों में कबड्डी के खिताब जीते। समापन समारोह में उत्तर प्रदेश ओलिंपिक एसोसिएशन के महासचिव डॉ. आनंदेश्वर पाण्डेय ने किया। उन्होंने इस मौके पर महाविद्यालय में हैंडबॉल की अकादमी खोले की घोषणा की। उन्होंने कहा कि वह ग्रामीण क्षेत्रों में खेलों के विकास कि हर संभव मदद करेंगे। इस मौके पर मोतीलाल मेमोरियल सोसाइटी के रत्नेश गुप्ता, रैपिड एक्शन फोर्स के डिप्टी कमांडेंट अजय कुमार वर्मा, गौतम बुद्ध डिग्री कॉलेज की प्राचार्य डॉ रश्मि शर्मा समेत कई हस्तियाँ मौजूद थीं। कॉलेज की प्राचार्य डॉ सुधा बाजपेई ने बताया कि दो दिनों तक हुई इस प्रतियोगिता में करीब एक हजार खिलाडियों ने हिस्सा लिया।

सीबी गुप्ता खेल महोत्सव

परिणाम :

जैवलिन थ्रो (सीनियर बालक): स्वर्ण - राज (सी बी गुप्ता डिग्री कॉलेज), रजत - सचित (बी के टी), काँस्य- राजबीर यादव (के के सी)। शॉट पट (सीनियर बालक : स्वर्ण - विशाल यादव (जेएनपीजी), रजत - करन (सी बी गुप्ता कॉलेज), काँस्य- आदर्श (सी बी गुप्ता कॉलेज)। शॉट पट (जूनियर बालक): स्वर्ण- अमन (सी बी गुप्ता कॉलेज), रजत- हिमांशु (सी बी गुप्ता कॉलेज), काँस्य- आयुष राजपूत (सी बी गुप्ता कॉलेज)। शॉट पट (बालिका सीनियर) : स्वर्ण - खुशी यादव (नवयुग), रजत- राखी यादव (सी बी गुप्ता कॉलेज), काँस्य- नेहा रावत (सी बी गुप्ता कॉलेज)।

### आशी ने किया उलटफेर, बालिका एकल फाइनल में बनाई जगह

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की आशी शमसेरी ने आदर्श भसीन मेमोरियल आइटा चैपियनशिप सीरीज (सीएस-7) अंडर-18 टेनिस टूनामेंट में शीर्ष वरीय बिहार की परी के खिलाफ उलटफेर भरी जीत के साथ बालिका एकल की खिताबी होड़ में स्थान सुरक्षित किया। उत्तर प्रदेश टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में एसडीएस (स्पोर्ट्स डेवलपमेंट सोसायटी) टेनिस अकादमी द्वारा गोमतीनगर विजयंत खंड स्टेडियम के टेनिस कोर्ट पर आयोजित टूनामेंट में बालक एकल क्वार्टर फाइनल में दिल्ली के हंस आनंद ने यूपी के चौथी वरीय मेहर एस खोसला को तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-3, 4-6, 7-5 से हराकर उलटफेर किया। बालिका एकल के पहले सेमीफाइनल में यूपी की आशी शमसेरी ने एक रोमांचक मुकाबले में शीर्ष वरीय बिहार की परी को 6-1, 7-5 से हराया। इस मैच में आशी ने शानदार फोरहैंड व बैकहैंड शॉट का नजारा पेश किया। इसके साथ ही आशी शमसेरी ने लगातार दूसरी उलटफेर भरी जीत दर्ज की। इसी वर्ग के दूसरे सेमीफाइनल में उत्तर प्रदेश की सिद्धि सिंह ने नेट पर दमदार खेल दिखाने के साथ बेहतरीन सर्विस के चलते तीन सेट तक चले मुकाबले में यूपी की आयरा के खिलाफ डबल टाईब्रेक में जीत दर्ज की। सिद्धि ने ये मैच 6-3,6-7(5), 7-6(5) से जीता।

# स्वियातेक को हराकर एलेक्सांद्रा इयाला सेमीफाइनल में

एजेंसी

मियामी गार्डन्स (अमेरिका)। एलेक्सांद्रा इयाला ने मियामी ओपन **टेनिस** टूर्नामेंट में एक और उलटफेर करते हुए क्वार्टर फाइनल में पांच बार की ग्रैंडस्लैम चैंपियन और दूसरी वरीय ईगा स्वियातेक को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। बाएं हाथ की 19 साल की खिलाड़ी एलेक्सांद्रा ने स्वियातेक को एक घंटे और 37 मिनट में 6-2, 7-5 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। महिला पेशेवर टूर पर फिलिपीन्स का प्रतिनिधित्व करने वाली एकमात्र खिलाड़ी एलेक्सांद्रा को इस डब्ल्यूटीए 1000 प्रतियोगिता के लिए वाइल्ड कार्ड मिला है और वह दुनिया की 140वें नंबर की खिलाड़ी हैं। सेमीफाइनल तक के अपने सफर के दौरान एलेक्सांद्रा ने अब तक तीन ग्रैंडस्लैम विजेताओं को हराया है। सेमीफाइनल में एलेक्सांद्रा की भिड़ंत अमेरिका की जेसिका पेगुला और ब्रिटेन की ऐमा राडुकानु के बीच होने वाले मैच की विजेता से होगी।



**क्रिकेट का सपना टूटने के बाद नाथवानी ने पैरा टेबल टेनिस में किया शानदार प्रदर्शन**

नयी दिल्ली। पैरा टेबल टेनिस खिलाड़ी ज षित नाथवानी हमेशा से ही पेशेवर क्रिकेटर बनना चाहते थे लेकिन 2017 में एक साधारण से कबड्डी मैच के दौरान लगी एक भयानक चोट ने उन्हें गर्दन से नीचे लकवाग्रस्त कर दिया। लेकिन नाथवानी ने उम्मीद नहीं छोड़ी, उन्होंने अपने खेल सफर को जारी रखने के लिए पैरा टेबल टेनिस की ओर रुख किया और यहां खेलो इंडिया पैरा खेलों (केआईपीजी) 2025 में पुरुषों की क्लास 5 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। नाथवानी ने चोट को याद करते हुए बताया। मेरी पीठ में चोट लगी थी। अंदरूनी रक्तस्राव हो रहा था जिससे मेरी नसें फट गईं और रीढ़ की हड्डी थोड़ी हिल गई। इससे मैं गर्दन से नीचे लकवाग्रस्त हो गया। डॉक्टर उनके ठीक होने को लेकर निराशावादी थे, उनका सुझाव था कि वे शायद कभी बिस्तर से ही नहीं उठ पाएं।

### हिमाचल प्रदेश और दिल्ली की दोहरी जीत

लखनऊ। तेलंगाना ने 47वीं राष्ट्रीय जूनियर बालिका हैंडबॉल चैंपियनशिप में पिछली विजेता हरियाणा को चौंकाते हुए 13-11 से रोमांचक जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में चंडीगढ़ ने पिछली उपविजेता आर्यावर्त स्पोर्ट्स अकादमी को 9-8 से हराया। हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश हैंडबॉल एसोसिएशन के 50वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित इस चैंपियनशिप की शुरूआत केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में दूसरे दिन कई शानदार मुकाबले देखने को मिले। इसमें हिमाचल प्रदेश और दिल्ली ने आज दो मैच खेले और दोनों ही जीते। पूल ए में तेलंगाना ने हरियाणा को 13-11 से शिकस्त दी। । तेलंगाना की जीत में पी.अक्षरा ने 6, बी.ज्योति ने 3 व संजीता ने 2 गोल दागे।

# एशियाई कप क्वालीफायर में भारत को ग्रुप बी में मिली जगह



एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत की सीनियर महिला फुटबॉल टीम को एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 क्वालीफायर के लिए बृहस्पतिवार को ग्रुप बी में थाईलैंड, मंगोलिया, तिमोर लेस्ते और इराक के साथ जगह मिली।

टूर्नामेंट का ड्रॉ कुआलालंपुर में एएफसी हाउस में आयोजित किया गया। थाईलैंड 23 जून से पांच जुलाई के बीच केंद्रीकृत एकल राउंड रोबिन प्रारूप में क्वालीफायर के ग्रुप बी की मेजबानी करेगा। ग्रुप विजेता फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे जिसका आयोजन एक से 26 मार्च 2026 तक ऑस्ट्रेलिया के तीन शहरों में किया जाएगा।

ड्रॉ के लिए छह मार्च की फीफा महिला विश्व रैंकिंग के आधार पर टीमों को वरीयता दी गई। महाद्वीप की शीर्ष प्रतियोगिता के 21वें सत्र के लिए आठ स्थान दांव पर लगे हैं जिसके लिए 34 टीम चुनौती पेश करेंगी। मेजबान ऑस्ट्रेलिया और एएफसी महिला एशियाई कप भारत 2022 की शीर्ष तीन टीम - गत चैंपियन चीन, उप विजेता दक्षिण कोरिया और तीसरे स्थान पर रहने वाले जापान को टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश मिला है।

एएफसी महिला एशियाई कप ऑस्ट्रेलिया 2026 से शीर्ष छह टीम फीफा महिला विश्व कप ब्राजील 2027 के लिए क्वालीफाई करेंगी।

**अर्जेन्टीना को मेस्सी के 2026 विश्व कप तक खेलने की उम्मीद**

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना यह साबित कर रहा है कि अगर स्टार खिलाड़ी लियोनल मेस्सी किसी भी कारण से 2026 विश्व कप में नहीं खेलने का फैसला करते हैं तो भी वह जीत सकता है।

अर्जेंटीना ने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में अपनी जगह पक्की कर ली है और अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या 37 वर्षीय मेस्सी अपने छठे टूर्नामेंट में खेलेंगे और लगातार दो विश्व कप जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे। अर्जेंटीना के कोच लियोनल स्कोलोनी ने कहा, हम देखेंगे कि क्या होता है, अभी बहुत समय है। उन्होंने कहा हमें एक बार में एक मैच पर ध्यान देना चाहिए, नहीं तो हम पूरे साल एक ही बात के बारे में बोलते रहेंगे। हमें उसे अकेला छोड़ देना चाहिए, हम देखेंगे। वह जब चाहे तब फैसला करेगा।

मंगलवार को विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने के कुछ घंटों बाद अर्जेंटीना ने ब्राजील को विश्व कप क्वालीफाइंग में अब तक की सबसे बुरी।-4 से शिकस्त दी। अर्जेंटीना ने कुछ दिन पहले उरुग्वे को।-0 से हराया था। इन दोनों ही मैच में मेस्सी नहीं खेले थे। आठ बार के बेलोन डिओर विजेता मेस्सी जांघ की मांसपेशियों में चोट के कारण बाहर हैं। कतर में 2022 विश्व कप में खिताबी जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी करने वाले मेस्सी को चोट की चिंताओं के कारण इस सत्र में इंटर मियामी ने कई मैच से बाहर रखा है।



उत्तराखण्ड शासन

# सेवा, सुशासन और विकास के 3 वर्ष



# उत्तराखण्ड कंटेंट क्रिएटर्स प्रतियोगिता 2025

*Explore Uttarakhand Beyond Frames*



**नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

**पुष्कर सिंह धामी**
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड राज्य की संस्कृति के प्रचार-प्रसार एवं बारहमासी पर्यटन को बढ़ावा देने, राज्य को वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान एवं माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी जी के निर्देशानुसार सोशल मीडिया कंटेंट क्रिएटर्स को आमंत्रित किए जाने हेतु उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद द्वारा कंटेंट क्रिएटर्स प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उक्त आयोजन हेतु मुख्यतः निम्न 8 विषयों के तहत दो श्रेणी (कैटेगरी) 01 मिनट की रील और 05 मिनट की शॉर्ट फिल्मों को शामिल किया गया है, प्रत्येक श्रेणी में एक सर्वश्रेष्ठ फिल्म को पुरस्कृत किया जाएगा।

## प्रतियोगिता के विषय (श्रेणी-रील एवं शॉर्ट फिल्म)

- उत्तराखण्ड के पारंपरिक खानपान
- उत्तराखण्ड के होमस्टे
- उत्तराखण्ड के वेडिंग डेस्टिनेशन
- उत्तराखण्ड के बारहमासी पर्यटन
- उत्तराखण्ड के पौराणिक मंदिर एवं तीर्थाटन (अपेक्षाकृत कम प्रसिद्ध)
- उत्तराखण्ड के साहसिक पर्यटन स्थल (अपेक्षाकृत कम प्रसिद्ध)
- उत्तराखण्ड के आयुष एवं वेलनेस
- उत्तराखण्ड के अनछुए मनोरम पर्यटन स्थल

आवेदन प्रारम्भ 1 अप्रैल, 2025 | अंतिम तिथि 23 अप्रैल, 2025

प्रत्येक विषय हेतु निर्धारित श्रेणियों में चयनित सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को ₹5-5 लाख का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

पंजीकरण के लिए
लॉग इन करें: https://itda.uk.gov.in/content-competition
या
स्कैन करें

प्रतियोगिता के आवेदन हेतु आवेदक के व्यक्तिगत सोशल मीडिया पर निम्न में से किसी भी एक प्लेटफॉर्म पर न्यूनतम-फ़ॉलोवर्स-सब्सक्राइबर्स होने आवश्यक हैं, जिनके स्क्रीनशॉट आवेदक द्वारा आवेदन करते समय पर संलग्न किये जाने अनिवार्य होंगे-

- फेसबुक न्यूनतम 10,000 फॉलोवर
- एक्स न्यूनतम 5,000 फॉलोवर
- यूट्यूब न्यूनतम 5,000 सब्सक्राइबर
- इंस्टाग्राम न्यूनतम 10,000 फॉलोवर

# पर्यटन के अनदेखे रंग, देखिए उत्तराखण्ड



### एडवेंचर टूरिज्म

पर्यटन के क्षेत्र में देश-दुनिया में अपनी अलग पहचान रखने वाला उत्तराखण्ड देवभूमि के साथ-साथ साहसिक पर्यटन गतिविधियों का गढ़ है। धार्मिक पर्यटन के साथ ही राज्य सरकार ने साहसिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विशेष पहल की है। राज्य में आने वाले पर्यटक ऋषिकेश में राफ्टिंग के साथ ही बंजी जम्पिंग, फ्लाइंग फॉक्स, रिवर क्रॉसिंग और पैराग्लाइडिंग जैसी गतिविधियों के जरिए साहसिक रोमांच का आनंद उठा सकते हैं। वहीं पहाड़ों की गोद में बसी टिहरी झील अपनी मनमोहक प्राकृतिक सुंदरता से पर्यटकों का मन मोह लेती है। पर्यटक इस झील में फ्लोटिंग हाउस, शिकारा बोट और क्रूज, नौका विहार, जेट स्पीड बोट सवारी, वाटर स्कीइंग, जॉर्बिंग, बनाना बोट सवारी, बैंडवैगन बोट सवारी, हॉट एयर बैलून सवारी और पैराग्लाइडिंग जैसी अनेकों गतिविधियों का आनंद उठा रहे हैं।



### पैराग्लाइडिंग

पर्यटन का केंद्र कहे जाने वाले उत्तराखण्ड में तीर्थाटन के साथ ही साहसिक पर्यटन गतिविधियां भी देश-विदेश के सैलानियों को आकर्षित कर रही हैं। उत्तराखण्ड पर्यटन विकास बोर्ड की ओर से एयर और वाटर स्पोर्ट्स के क्षेत्र में भी प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इससे व्यापक स्तर पर उत्तराखण्ड के साहसिक पर्यटन को पहचान मिलती दिख रही है। खासकर पर्वतीय क्षेत्रों में पर्यटन के साथ रोजगार सृजन की दिशा में भी प्रदेश आगे बढ़ रहा है। चारधाम समेत तमाम मठ-मंदिरों की आध्यात्मिक शक्तियों के आगे नतमस्तक विश्व अब उत्तराखण्ड में पर्यटन गतिविधियों के लिए भी खिंचा आ रहा है।

### ट्रैकिंग

उत्तराखण्ड ऐसे पहाड़ी इलाकों से भरा हुआ है जो राज्य को ट्रैकिंग के लिए देश में सर्वश्रेष्ठ पर्यटक स्थलों में से एक बनाता है। आप यहां अपनी शारीरिक फिटनेस का परीक्षण कर सकते हैं। उत्तराखण्ड अपनी पहाड़ियों में स्थित पगडंडियों और अनछुई भव्यता के कारण यात्रियों का पसंदीदा ट्रैकिंग गंतव्य रहा है। साहसिक व उत्साही लोगों के लिए, उत्तराखण्ड ट्रैकिंग माध्यम से कुछ नया खोजने के लिए अनंत स्थान प्रदान करता है।

पिथौरागढ़ जिले में मुनस्यारी-मरतोली-मिलम-रालम ग्लेशियर ट्रेक, बागेश्वर जिले में सुंदरढुंगा-पिंडारी-कफनी ग्लेशियर ट्रैक यहां के सबसे लोकप्रिय ट्रैकिंग मार्गों में से एक है।





### स्टारगेज़िंग

स्टारगेज़िंग विज्ञान को जीवन में लाने और हमारी प्राकृतिक दुनिया की सुंदरता का अनुभव करने का एक जादुई तरीका है। अंतरिक्ष की विशाल छतरी को देखना एक रोमांचकारी अनुभव है जिसका हर कोई आनंद ले सकता है। यदि आप तारों भरे आसमान निहारना पसंद करते हैं, तो उत्तराखण्ड में इस अनुभव को यादगार पलों में परिवर्तित करने के लिए अनेकों स्थल हैं।

राज्य के कुछ स्थान जो स्टारगेज़िंग के स्पष्ट व दृश्य पेश करते हैं, उनमें औली के पास गुरसन बुग्याल, नैनीताल के पास ज्योलिकोट, उत्तरकाशी में केदारकंठा, पिथौरागढ़ में मुनस्यारी, मजखली (रानीखेत के पास एक छोटा सा गाँव), चकराता और चौकोडी से स्टारगेज़िंग का भी आनंद लिया जा सकता है।



### बंजी जंपिंग

बंजी जंपिंग सिर्फ रस्सी बांधकर ऊंचाई से कूदना नहीं है बल्कि यह एक साहस की छलांग से भी कहीं ज्यादा है। यह एक ऐसी कूद है जो आपके दिल से डर को हमेशा के लिए दूर कर देती है और डर मुकाबला करने का साहस पैदा करती है। राज्य में पहाड़ियों से घिरी प्रकृति की गोद से बेहतर कोई जगह नहीं हो सकती। उत्तराखण्ड के ऋषिकेश में देश के सबसे ऊंचे बंजी प्लेटफॉर्म में से एक है, जो करीब 83 मीटर (करीब 272 फीट) ऊंचा है।

## उत्तराखण्ड होमस्टे

घर जैसा अहसास, उत्तराखण्ड होमस्टे के साथ



### ट्रैकिंग रूट पर भी होम स्टे

पर्यटकों को एक और अनोखा अनुभव देने के लिए उत्तराखण्ड सरकार ने ट्रेकिंग ट्रक्शन सेंटर होम स्टे योजना शुरु की है। इस अभिनव प्रयास से पर्यटकों को ट्रैकिंग मार्गों पर घर जैसी बेहतर सुविधा और सुरक्षा का अहसास मिला है। साथ ही स्थानीय व्यक्तियों को स्वरोजगार के जरिए तरक्की की सौगात मिली है। ट्रैकिंग ट्रक्शन सेंटर होम स्टे अनुदान योजना के अंतर्गत उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी, टिहरी, बागेश्वर, पिथौरागढ़, चमोली और रूद्रप्रयाग में 15 ट्रेकिंग ट्रक्शन सेंटर अधिसूचित किये गये हैं। यानी कुल 6 जिलों में 87 गांव अधिसूचित किये गये हैं। अब तक लगभग 215 लाभार्थियों का चयन किया गया है। ट्रैकिंग ट्रक्शन सेंटर के 2 किमी के दायरे में आने वाले गांवों में होम स्टे बनाने के लिए उत्तराखण्ड सरकार द्वारा वित्तीय सहायता दी जा रही है।

सूचना एवं लोक सम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR